ಶುಭ್ ಲಾಭ್
खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
DAILY
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


अंत में, केंद्र ने कर्नाटक को सूखा राहत कोष के रूप में आंशिक राशि जारी की: सीएम @ नम्मा बेंगलूरु

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | रविवार, 28 अप्रैल, 2024 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | epaper.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-6 रु. | वर्ष-6 | अंक-118

### महाराष्ट्र के कोल्हापुर में पीएम मोदी ने विपक्ष पर जमकर साधा निशाना

# इंडी गठबंधन 5 साल में बनाएगा पांच प्रधानमंत्री



**कोल्हापुर, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने इंडी गठनबंधन पर प्रहार करते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन अब ये फॉर्मूला निकालने में लगे हैं कि एक साल एक पीएम। यानी, पांच साल में पांच प्रधानमंत्री। ये देश कभी सहन करने वाला नहीं है।

इनका एक ही एजेंडा है- सरकार बनाओ, नोट कमाओ। पीएम ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आई तो ये सीएए को खत्म कर देगी। कश्मीर में धारा 370 को वापस लाएंगे। ये वो लोग हैं जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर बनने का विरोध किया। इतना ही नहीं तमिलनाडु में इनकी करीबी पार्टी डीएमके के नेता डेंगू और मलेरिया से तुलना कर सनातन धर्म को बदनाम कर रही है। महाराष्ट्र में इन्हें सम्मान के साथ बुलाया जाता है। पीएम बोले- कोल्हापुर, महाराष्ट्र का फुटबॉल हब है। फुटबॉल यहां के युवाओं में बहुत पॉपुलर है। इसलिए मैं फुटबॉल की भाषा में कहूं तो कल दूसरे चरण का मतदान पूरा होने के बाद बीजेपी और एनडीए 2.0 से आगे चल रहे हैं। कांग्रेस और इंडी अलायंस ने देश विरोधी और नफरत की राजनीति के दो सेल्फ गोल कर लिए हैं इसलिए ये पक्का हो गया है कि फिर एक बार मोदी सरकार।

- **दूसरे चरण का मतदान पूरा होने के बाद भाजपा और एनडीए 2.0 से आगे चल रहा**
- **कांग्रेस और इंडी अलायंस ने देश विरोधी और नफरत की राजनीति के दो सेल्फ गोल किए**
- **इनका एक ही एजेंडा- सरकार बनाओ, नोट कमाओ, ये कश्मीर में फिर 370 बहाल कर देंगे**

प्रधानमंत्री ने कहा- जब कांग्रेस और उसके दोस्तों को अहसास हुआ कि वे एनडीए के विकास के ट्रैक रिकॉर्ड का मुकाबला नहीं कर सकते, तो उन्होंने अपनी रणनीति बदल दी। वे राष्ट्रविरोधी एजेंडे और तुष्टीकरण का इस्तेमाल कर रहे हैं। अब, कांग्रेस का एजेंडा है कि वे कश्मीर में धारा 370 को फिर से बहाल करेंगे। मोदी ने कहा- ये लोग कह रहे हैं कि इनकी सरकार बनी तो ये लोग सीएए रद्द कर देंगे। क्या ये देश इनको करने देगा। जिन लोगों के तीन अंकों में लोकसभा सीट जीतने के लाले पड़े होंहो।

क्या ये इंडी गठबंधन सरकार के दरवाजे तक पहुंच सकते हैं? अब ये फॉर्मूला निकालने में लगे हैं कि एक साल एक पीएम। यानी, पांच साल में पांच प्रधानमंत्री। ये देश कभी सहन करने वाला नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा- कांग्रेस के शहजादे ने घोषणा की है कि आपकी संपत्ति और महिलाओं के गहने और सोने-चांदी की जांच करवाएंगे। आपकी कमाई को कांग्रेस उन लोगों में बांटेगी जिसका इस पर पहला हक है, जैसा कि कांग्रेस वाले बताते हैं।

### गुजरात के पोरबंदर में अमित शाह ने की जोरदार रैली

# आतंकवाद और नक्सलवाद जड़ से उखाड़ फेकेंगे मोदी



**पोरबंदर, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के पोरबंदर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अगर नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते हैं तो वह देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को जड़ से खत्म कर देंगे। वह भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बनाएंगे।

अमित शाह ने भाजपा उम्मीदवार मनसुख मंडाविया के समर्थन में पोरबंदर में रैली की। गृह मंत्री ने कहा कि जब अनुच्छेद 370 हटाया गया तब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसका विरोध किया था और कहा था कि इस कदम से कश्मीर में खून का नदियां बह जाएंगी। पिछले पांच वर्षों में खून की नदी तो दूर, किसी ने वहां पत्थर फेंकने तक की हिम्मत नहीं की। पीएम मोदी ने देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म करने का काम किया। जब मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे तब कोई भी पाकिस्तान से भारत में प्रवेश कर जाता था और यहां बम विस्फोट को अंजाम देकर चला जाता था। पहले वे भारत में घुस कर मारते थे। अब हम पाकिस्तान में घुस कर मारते हैं।

**पहले घुस कर मारते थे, अब हम घुस कर मारते हैं**

भाजपा नेता ने कहा, जब पाकिस्तान ने पुलवामा और उड़ी पर हमला किया तब वे भूल गए थे कि मनमोहन सिंह का जमाना चला गया और नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री हैं। दस दिन के भीतर पीएम मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक करके पाकिस्तान की मिट्टी से आतंकवाद को ही खत्म कर दिया। अमित शाह ने रैली में मौजूद लोगों से नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को सुरक्षित रखने और समृद्ध बनाने का काम किया। अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में कांग्रेस ने भारत की अर्थव्यवस्था को 11वें स्थान पर छोड़ दिया था। वहीं पीएम मोदी ने अपने 10 साल के कार्यकाल में भारत की अर्थव्यवस्था को पांचवे स्थान पर लाकर खड़ा कर दिया है। अमित शाह ने गारंटी दी है कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद पीएम मोदी देश की अर्थव्यवस्था को तीसरे पायदान पर ले आएंगे।

## 2-जी स्पेक्ट्रम घोटाले की फिर खुलेगी फाइल, बौखलाई कांग्रेस

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।**



2-जी स्पेक्ट्रम आवंटन पर सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2012 में जो फैसला दिया था उसमें संशोधन करने की केंद्र सरकार ने मांग की है। केंद्र सरकार की इस मांग से कांग्रेस बुरी तरह बौखला गई है। 2-जी स्पेक्ट्रम घोटाला कांग्रेस के शासनकाल में केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर में सुर्खियां बना था। 2-जी स्पेक्ट्रम घोटाले की फिर से फाइल खोले जाने की केंद्र सरकार की पहल पर बौखलाई कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा अपनी नैतिकता खो चुकी है। रमेश ने भाजपा को पाखंडी भी कहा।

दूसरी तरफ 2-जी स्पेक्ट्रम घोटाले की फाइल फिर से खोलने की सीबीआई दरख्वास्त पर दिल्ली हाईकोर्ट की मंजूरी के बाद मामला फिर से सुनवाई के लिए खुलने वाला है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2-जी स्पेक्ट्रम आवंटन घोटाला मामले में पूर्व दूरसंचार मंत्री ए राजा, कंपनियों और अन्य को बरी करने के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई की अपील पिछले दिनों स्वीकार कर ली थी। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की पीठ ने कहा था कि रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री और पक्षों के वकीलों द्वारा दी गई दलीलों के आधार पर सीबीआई द्वारा प्रथम दृष्टया मामला बनाया गया है, जिसकी गहन जांच की आवश्यकता है। अपील पर विस्तार से सुनवाई की जरूरत है। न्यायमूर्ति ने कहा कि अपील पर सुनवाई की इजाजत दी जाती है। अपील को मई में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

उच्च न्यायालय ने सीबीआई की अपील की अनुमति पर फैसला सुनाया, जिससे निचली अदालत के फैसले के खिलाफ गुण-दोष के आधार पर अपील से निपटने का रास्ता खुल गया है। अपील वर्ष 2018 में सीबीआई द्वारा दायर की गई थी। अपील करने की अनुमति एक अदालत द्वारा किसी पक्ष को उच्च न्यायालय में फैसले को चुनौती देने के लिए दी गई एक औपचारिक अनुमति है। न्यायाधीश ने 14 मार्च को इस पहलू पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। विशेष अदालत ने 21 दिसंबर 2017 को 2-जी घोटाले से संबंधित सीबीआई और ईडी मामलों में राजा, डीएमके सांसद कनिमोझी और अन्य को बरी कर दिया था।

### श्रीलंका ने दिया चीन को झटका

# चीन ने बनाया एयरपोर्ट प्रबंधन करेगा भारत

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** श्रीलंका की सरकार ने अपने 20.9 करोड़ डॉलर की लागत से बने मत्ताला राजपक्षे इंटरनेशनल एयरपोर्ट का प्रबंधन भारत और रूस की कंपनियों को सौंपने का फैसला किया है। गौरतलब है कि इस एयरपोर्ट का निर्माण चीन द्वारा किया गया है। श्रीलंका सरकार की कैबिनेट ने शुक्रवार को यह फैसला लिया है। यह एयरपोर्ट श्रीलंका के तटीय शहर हंबनटोटा के नजदीक स्थित है। हंबनटोटा बंदरगाह को श्रीलंका की सरकार ने 99 वर्षों के लिए चीन को लीज पर दिया हुआ है। ऐसे में इसी बंदरगाह के नजदीक



स्थित एयरपोर्ट का प्रबंधन भारतीय कंपनी को मिलना अहम है।

मत्ताला राजपक्षे इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण साल 2013 में हुआ था। इस एयरपोर्ट के निर्माण के लिए वित्तीय मदद चीन के एक्सिम बैंक ने दी थी। हालांकि यह एयरपोर्ट अपने निर्माण के बाद से ही विवादों में घिरा हुआ है। दरअसल यहां कम संख्या में फ्लाइट्स आती हैं। साथ ही यह जिस जगह बना है, वह पर्यावरण के लिहाज से संवेदनशील है। इस एयरपोर्ट से श्रीलंका की सरकार को काफी घाटा उठाना पड़ा। यही वजह है कि श्रीलंका की सरकार ने इस एयरपोर्ट का मैनेजमेंट भारत की कंपनी शौर्य एयरोनॉटिक्स (प्राइवेट) लिमिटेड और रूस की कंपनी रीजन्स मैनेजमेंट कंपनी को 30 वर्षों के लिए सौंप दिया है। श्रीलंका की कैबिनेट ने बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

श्रीलंका की सरकार ने भारतीय और रूसी कंपनियों के लिए कितने में यह डील की है, इसका अभी तक खुलासा नहीं किया गया है।

चीन के कर्ज की उच्च ब्याज दरों की वजह से श्रीलंका का घाटा बढ़ता जा रहा है। यही वजह है कि श्रीलंका की सरकार चीन के एक्सिम बैंक से लिए गए कर्ज को फिर से पुनर्संगठित करने की मांग भी कर रही है। श्रीलंका सरकार ने चीन के एक्सिम बैंक से विभिन्न परियोजनाओं के लिए 4.2 अरब डॉलर का कर्ज लिया था।

# दक्षिण भारत में गहराया जल संकट

### जलाशयों का स्तर 17 प्रतिशत बचा



**नई दिल्ली, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** गर्मियां शुरू होने के साथ ही देश में जल संकट गहराना शुरू हो गया है। दक्षिण भारत में स्थिति ज्यादा खराब है। दक्षिण भारत के राज्य गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं और स्थिति ये है कि जल भंडारण जलाशयों की क्षमता घटकर केवल 17 प्रतिशत रह गई है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने यह जानकारी मिली।

दक्षिण भारत के राज्यों में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु आते हैं। सीडब्ल्यूसी द्वारा भारत के विभिन्न क्षेत्रों के जलाशयों के भंडारण स्तर के संबंध में बृहस्पतिवार को जारी बुलेटिन में बताया गया कि दक्षिणी क्षेत्र में आयोग की निगरानी के तहत 42 जलाशय हैं जिनकी कुल भंडारण क्षमता 53.334 बीसीएम (अरब घन मीटर) है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, इन जलाशयों में मौजूदा कुल भंडारण 8.865 बीसीएम है, जो उनकी कुल क्षमता का केवल 17 प्रतिशत ही है।

# कुमाऊं के जंगलों में 26 जगह पर लगी हैं आग

**नैनीताल, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** उत्तराखंड के कुमाऊं और गढ़वाल में जंगल धधक रहे है। आग की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। बीते 24 घंटे में एक-दो नहीं बल्कि कुमाऊं के जंगलों में 26 जगहों पर आग लगी है। प्रदेश के 31 जगहों पर आग लगने की घटना हुई है, इसमें सर्वाधिक आग लगने की घटना कुमाऊं में 26 स्थानों पर हुई। गढ़वाल मंडल के वन्यजीव क्षेत्र में पांच स्थानों पर आग लगने की घटनाएं हुईं। इन घटनाओं में करीब 34 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वन संपदा को नुकसान पहुंचा है। वहीं, प्रदेश में नवंबर-2023 से 575 दावानल की घटनाएं हुई हैं, इसमें करीब 690 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वन संपदा को नुकसान पहुंच चुका है।

गढ़वाल मंडल के टिहरी, पौड़ी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और चमोली जिले के जंगल लगातार धधक रहे हैं। ज्यादातर चीड़ के जंगल होने के कारण आग तेजी से फैल रही है। वनकर्मी आग





बुझाने में जुटे हैं। एक स्थान पर आग बुझती है तो दूसरी जगह भड़क उठती है। नैनीताल के पास जंगलों में भीषण आग लगी है। आग की लपटें हाईकोर्ट के आवास तक जा पहुंची। नैनीताल भवाली रोड के पास के जंगलों में लगी आग की चपेट में जंगल का एक बड़ा हिस्सा और आईटीआई भवन आ चुका है। एफएसओ किशोर उपाध्याय ने बताया कि जंगल में आग लगाने की सूचना मिली थी, मौके पर टीम को भेजकर आग पर काबू पा लिया गया है। वन विभाग ने आग बुझाने के लिए सेना से मदद मांगी है।

### धू धू कर जल रहे हैं जंगल, प्रशासन बेबस

नैनीताल के जंगलों में लगी आग को बुझाने के लिए वायुसेना के हेलिकॉप्टर की मदद ली गई। भीमताल झील से पानी भरकर जंगलों में पानी डालने का काम करना शुरू कर दिया है। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने मुख्य वन संरक्षक कुमाऊं पीके पात्रों को निर्देश दिए हैं कि वह वनाग्नि के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्रों में पैनी नजर रखें और जंगलों में आग लगाने वाले शरारती तत्वों पर एफआईआर दर्ज कराएं। जंगल की आग बुझाने में पीआरडी जवान और होमगार्ड भी सहयोग करेंगे।

चमोली जिले के जंगलों में फिर आग धधक गई है। शुक्रवार को जिले के अलग-अलग पांच जगह पर वनाग्नि की घटनाएं सामने आई हैं। जिससे बड़ी मात्रा में वन संपदा नष्ट हो गई है। शुक्रवार को गोपेश्वर के पास कोठियालसैंण और ग्वीलों के जंगल में आग भड़क गई। चीड़ के जंगल में आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। वहीं सुबह इंजीनियरिंग कॉलेज के नीचे के जंगल में भी आग लग गई। आग आईटीबीपी कैंपस में घोड़े के अस्तबल के पास तक पहुंच गई।

पर्वतीय क्षेत्रों के जंगल में आग लगने का सिलसिला जारी है। भीमताल में पांडेछोड़ के तोक तय्या में जंगल की आग नवीन चड्ढा की भूमि पर पहुंच गई। इससे अखरोट के पौधे जलकर नष्ट हो गए। साथ ही प्लांट पर लगाए अन्य प्रजातियों के पौधे भी झुलस गए। वहीं जून स्टेट, सातताल से लगे जंगलों में भी आग लगी रही।


**मौसम बेंगलूरु**

अधिकतम : $36^0$
न्यूनतम : $24^0$

**कार्टून कॉर्नर**




**सर्राफ़ा बाज़ार**



(24 कैरेट गोल्ड)
सोना : 74,610/- (प्रति 10 ग्राम)
चाँदी : 83,395/- (प्रति किलोग्राम)

# दुर्घनाग्रस्त गायों बछड़ों को लगाए कृत्रिम पैर



**हुब्बल्ली/शुभ लाभ ब्यूरो।** ऑल इंडिया जैन युथ फेडरेशन महावीर लिंब सेंटर हुब्बल्ली द्वारा आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में स्थित इस्कॉन गौशाला में दुर्घटना में घायल गायों और बछड़ों को कृत्रिम पैर लगाने के शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अलग अलग दुर्घटनाओं में घायल अनेक गायों और बछड़ों को कृत्रिम पैर लगाकर उनको पुनः अपने पैरों पर चलने लायक बनाया। शिविर का उद्घाटन कर इस्कॉन के सुदर्शन पद्मनाभ दास ने कहा कि गौशाला में सड़क दुर्घटना में अपने पैर खोने वाले जानवरों की देखभाल की जाती है। पिछले दिनों समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली की हुब्बल्ली के महावीर लिंब सेंटर द्वारा दिव्यांगों को स्वावलम्बी बनाने के साथ ही दिव्यांग पशुओं को भी कृत्रिम पैर लगकर उनको भी अपने पैरों पर खड़ा करने का कार्य कर रहा है। जिसके बाद हमने भी लिंब सेंटर के सदस्यों से सम्पर्क किया और घायल गायों की जानकारी दी। लिंब सेंटर के संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र सिंघी ने इस पर कार्य करते हुए सेंटर में कार्यरत टीम के सदस्यों को अनंतपुर भेजा और घायल गायों का माप चौक किया और फिर उनको पाँव लगाकर उन घायल गायों और बछड़ों को चलने लायक बनाया। लिंब सेंटर के संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र सिंघी ने कहा दिव्यांगों को स्वाभिमान का जीवन देने के कार्य में मौन क्रांति कर रहे ऑल इंडिया जैन युथ फेडरेशन के महावीर लिंब सेंटर की ओर से अनंतपुर के इस्कॉन गौशाला में गायों, बछड़ों के लिए कृत्रिम पैर लगा कर उनका इलाज किया। महावीर लिम्ब सेंटर सदैव मूक पशुओं एवं दिव्यांगों को स्वतंत्र विचरण हेतु सहायता एवं सहयोग प्रदान करने हेतु सदैव तत्पर है। इस अवसर पर इस्कॉन गौशाला अनंतपुर के अध्यक्ष दामोदरदास ने महेंद्र सिंघी और कांतिलाला बोहर को सम्मानित किया।

# पार्श्व भैरवदेव के दर्शन वंदन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** अमरीका के केलिफोर्निया स्थित बालाजी सेवा फाउंडेशन मठ के पीठाधीश्वर नारायण नन्दा स्वामी ने अपनी भारत यात्रा के तहत दक्षिण नाकोड़ा तीर्थ अर-सीकेरे पहुंचकर पार्श्वनाथ भगवान, योगीराज शांतिसूरिश्वर, पद्माव-तीदेवी एवं संकट मोचन पार्श्व भैरवदेव के दर्शन किए। उन्होंने पार्श्व भैरवदेव का ध्यान कर भैरव श्लोक का पठन करते हुए कहा कि वह दक्षिण नाकोड़ा तीर्थ पर स्थापित पार्श्व महाभैरवदेव की महिमा के बारे में अपने भक्तों से सुनने के पश्चात लम्बे समय से दर्शन इच्छुक थे। वह आज भैरव ने पूर्ण कर जीवन को धन्य बना दिया है।

उन्होंने भैरवदेव की फोटो तस्वीर साथ लेकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होने आशा जताई की जैन अनुयायी जो अमरीका में उनके मठ से करीबी संपर्क में है, उन्हें भैरवदेव का दर्शन अब वहां पर भी तस्वीर के माध्यम से मिलता रहेगा। ट्रस्ट अध्यक्ष अशोककुमार सुराना ने योगीराज की महिमा आधारित पुस्तक भेंट करते हुए शॉल, माल्यार्पण के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर दक्षिण नाकोड़ा तीर्थ के अनेक ट्रस्टी उपस्थित रहे।

# मोदी आज से कर्नाटक के दो दिवसीय दौरे पर

### 5 रैलियों को करेंगे संबोधित



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार और सोमवार को उत्तरी कर्नाटक क्षेत्र में पांच विशाल रैलियों को संबोधित करेंगे, जहां 7 मई को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए मतदान होगा। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, भाजपा की कर्नाटक इकाई के महासचिव वी. सुनील कुमार ने कहा शनिवार को, पीएम मोदी सुबह 10 बजे बेलगावी में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह उत्तर कन्नड़ जिले के सिरसी पहुंचेंगे और दोपहर 12 बजे एक अन्य कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी उसी दिन दोपहर 2 बजे दा-वणगेरे शहर पहुंचेंगे और एक विशाल रैली को संबोधित करके चुनाव प्रचार करेंगे। इसके बाद वह शाम 4 बजे बेल्लारी पहुंचेंगे और एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करेंगे। सुनील कुमार ने कहा कि हर सार्वजनिक बैठक में पड़ोसी संसदीय सीटों के तीन-चार भाजपा उम्मीदवार मौजूद रहेंगे। सुनील कुमार ने कहा कि पीएम मोदी 29 अप्रैल को सुबह 11 बजे बागलकोट में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करेंगे। वह दौरे के दौरान सभी 14 उम्मीदवारों के लिए प्रचार अभियान को कवर करेंगे।

# रायचूर भाजपा के बागी उम्मीदवार का नामांकन पत्र खारिज



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** रायचूर में भाजपा के खिलाफ बगावत का झंडा बुलंद करने वाले बीवी नाइक का नामांकन खारिज कर दिया गया है। नामांकन पत्र तकनीकी कारणों से खारिज कर दिया गया क्योंकि नामांकन पत्र भाजपा पार्टी के नाम पर ही जमा किया गया था। नामांकन पुनरीक्षण के दौरान बी.वी. नाइक का नामांकन खारिज कर दिया गया। एबी फॉर्म नहीं था क्योंकि बीवी नाइक ने बीजेपी से अपना नामांकन फॉर्म जमा किया था, अगर फॉर्म नहीं है तो उनके पक्ष में 10 लोगों का होना जरूरी है। लेकिन बी.वी. नाइक के पक्ष में केवल एक ही संकेतक था। जिला निर्वाचन पदाधिकारी चन्द्रशेखर नायक ने बताया कि इस कारण नामांकन खारिज कर दिया गया। बागी प्रत्याशी बीवी नाइक का नामांकन पत्र खारिज होने से भाजपा खेमे ने राहत की सांस ली। नेताओं की बगावत से क्षेत्र में नकारात्मक लहर शुरू हो गई। नामांकन पत्र खारिज होने की बात से बीजेपी खेमे को और ताकत मिल गई है। भाजपा के सूत्रों ने कहा कि बीवी नाइक, जो पहले ही वरिष्ठों के साथ बातचीत के लिए सहमत हो गए थे, अब से भाजपा के लिए प्रचार करेंगे। जिला इकाई बीवी नाइक की शताब्दी वर्ष को मैदान में लाने और इसके प्रचार-प्रसार के लिए संघर्ष कर रही है। इस बीच, सांसद और भाजपा उम्मीदवार राजा अमरेश्वर नाइक ने बीवी नाइक के नामांकन पर टिप्पणी करने से इनकार कर कहा कि यह व्यक्तिगत है। कुल मिलाकर, मतदान के दिनों की गिनती शुरू हो गई है और यह देखना दिलचस्प है कि बीवी नाइक बीजेपी के लिए बल्लेबाजी करेंगे या नहीं। रायचूर लोकसभा क्षेत्र में बीजेपी का टिकट कटने से बीवी नाइक नाराज थे। बीजेपी के खिलाफ बगावत का झंडा बुलंद करने वाले बीवी नाइक ने राज्य और केंद्रीय नेताओं के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की। लेकिन इससे टिकट नहीं बदला। इस बीच, राज्य भाजपा चुनाव प्रभारी अग्रवाल बीवी नाइक के विद्रोह को दबाने के लिए संघर्ष कर रहे थे।

भाजपा सांसद और घोषित उम्मीदवार राजा अमरेश्वर नाइक के नामांकन दाखिल करने के तुरंत बाद, बीवी नाइक ने विद्रोह कर दिया और अज्ञात स्थान से अपने संकेतकों के माध्यम से अपना नामांकन दाखिल किया। हैरानी की बात यह है कि बीवी नाइक ने भी बीजेपी से अपना नामांकन दाखिल किया था।

# अच्छा पालन-पोषण विषय पर कार्यशाला आयोजित



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में तेरापंथ महिला मंडल आर आर नगर द्वारा पौधा को सींचे (पालन-पोषण विषय) पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। नमस्कार महामंत्र से कार्यक्रम की शुरूआत की गई तथा मंडल की बहनो ने मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अध्यक्ष सुमन पटावरी ने अपने ऊर्जावान वक्तव्य से सभी का स्वागत किया। ममता दूगड़ ने स्पीकर सुमन रांका का परिचय दिया। सुमन रांका ने बच्चों के साथ हमारा व्यवहार, खानपान की शुद्धि, शुद्ध वातावरण में बच्चों का समय व्यतीत होना इन सब के बारे में बहुत ही सुंदर तरीके से समझाया। परीक्षा के अलावा भी जीवन में आने वाले तनाव से कैसे मुक्त रहे के बारे में जानकारी दी। इन सबके अलावा उन्होंने तेरापंथ धर्म संघ की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि एक गुरु की आज्ञा में चलकर हम श्रद्धा अनुशासन और संयम की मिसाल कायम करते हैं। प्रेक्षाध्यान प्रशिक्षिका पूनम दुग्गड ने प्रेक्षा ध्यान का प्रयोग करा कर बताया कि महाप्राण ध्वनि के द्वारा हम कैसे स्मृति विकास से स्वयं का निर्माण कर सकते हैं। आभार मंत्री पदमा महेर ने व्यक्त किया।

# मोदी की ओर से विकासात्मक राजनीति: जेपी नड्डा



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि पहले क्षेत्रवाद और जातिवाद जैसी वोट बैंक की राजनीति चलती थी। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास समर्थक राजनीति लागू की है। बीदर जिले के हुमनाबाद में एक विशाल अभियान बैठक में बोलते हुए उन्होंने कहा कि वहां कोई जाति और क्षेत्रवाद नहीं है। वह सबका साथ, सबका विकास मंत्र के साथ देश का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमारा प्रशासन सभी को न्याय देता है और किसी का पक्ष या तुष्टिकरण नहीं करता है। उन्होंने कहा कि हमारा मिशन शोषितों, गरीबों, वंचितों, दलितों, महिलाओं, युवाओं और किसानों को सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि मोदी ने पिछले 10 वर्षों में देश ऐसा होगा की सोच को बदलकर देश को विकास की ओर अग्रसर किया है। अमेरिका, यूरोप, जापान समेत कई देशों में वित्तीय क्षेत्र में दिक्कतें हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत होकर उभरी है। उन्होंने कहा कि 11वें स्थान पर रहने वाला भारत ब्रिटेन समेत कई देशों से आगे निकल गया है और 5वीं सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनकर उभरा है। आपके आशीर्वाद और वोट से भगवंत खूबा दोबारा सांसद बनेंगे। मोदी दोबारा प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत दो साल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन जाएगा। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री भगवंत खुबा, स्थानीय नेता, विधायक, जिला अध्यक्ष, पदाधिकारी उप-स्थित थे।

# कार से 2 करोड़ रुपये जब्त




**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** आयकर अधिकारियों ने शनिवार को एक कार से 2 करोड़ रुपये जब्त किए। आईटी अधिकारियों को मिली सूचना पर वे सुबह कलबुर्गी रेलवे स्टेशन के पास गये। तभी एक व्यक्ति ट्रेन में आया और वहां खड़ी गाड़ी में चढ़ गया। इसी बीच आयकर अधिकारियों ने कार को घेर लिया और उसके जाने से पहले कार के अंदर जांच की, तो वहां से दो करोड़ नकदी मिले। घटना के बाद कार सहित पैसे जब्त कर लिए गए क्योंकि उचित दस्तावेज उपलब्ध नहीं था।

आईटी अधिकारी इस बात की जानकारी जुटा रहे हैं कि यह पैसा और कार किसकी है। राज्य में शुक्रवार को 14 लोकसभा सीटों के लिए मतदान हुआ। इसी बीच शनिवार का आईटी हमला इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि कलबुर्गी सहित शेष 14 लोकसभा क्षेत्रों के लिए 7 मई को मतदान होगा। राज्य के 14 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान से पहले आईटी अधिकारियों ने कई जगहों पर छापेमारी कर करोड़ों रुपये जब्त किए।

# प्रवासी राजस्थानी समाज बंधुओं ने केंद्रीय मंत्री मेघवाल का किया सम्मान



**हुब्बल्ली/शुभ लाभ ब्यूरो।** राजस्थान के बीकानेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद व केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के हुब्बल्ली आगमन पर हुब्बल्ली हवाई अड्डे पर प्रवासी राजस्थानी समाज बंधुओं ने उनका सम्मान किया। इस दौरान जैन युवा संघठन के अध्यक्ष इन्दर कुमार जैन, मारवाड़ी युवा मंच हुब्बल्ली शाखा के अध्यक्ष सुभाष चंद्रा डंक, सुथार समाज के पूर्व अध्यक्ष हरीश सुथार, जगदीश सुथार, बीजेपी नेता हितेश जैन, प्रिंस शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस दौरान मेगवाल ने सभी के हाल चाल जाने और व्यापार व्यवसाय के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस बार सभी राजस्थानी बंधुओं को अपने कर्मभूमि में मोदी का पूरा सहयोग करना है और ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों से निवेदन कर वोटिंग करने के लिए आगे लाना है। विधानसभा चुनाव में भी समस्त राजस्थानी समाज बंधुओं ने महेश टैंगिंकाई के पक्ष में वोटिंग कर बीजेपी के हाथ मजबूत किये थे। उसी प्रकार इस बार भी केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी के पक्ष में वोटिंग कर प्रधानमंत्री मोदी का हाथ मजबूत करना है। सम्मान के लिए केंद्रीय मंत्री मेगवाल ने सभी प्रवासी बंधुओ का आभार जताया।

सूखे और सूरज का प्रभाव

# सब्जियों की कीमतें आसमान छूते ही खुदरा विक्रेताओं ने बंद की बिक्री



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** दिन-ब-दिन सूरज का तापमान बढ़ता जा रहा है और सब्जियों की पैदावार स्थिर होने से कीमतें आसमान छू रही हैं। खुदरा सब्जी व्यापारियों ने अस्थायी रूप से बिक्री बंद कर दी है। राज्य भर में सूखा पड़ा हुआ है और अधिकांश जिला तालुकों में पानी की समस्या के कारण किसान फसल उगाने के लिए तैयार नहीं हैं और उत्पादन स्थिर हो गया है। जिससे कीमत बढ़ गई है। ट्यूबवेल के पानी के भरोसे फसल उगाने वाले किसानों के लिए समय पर बारिश न होने से भूजल स्तर निचले स्तर पर पहुंच गया है। इसके अलावा, बिजली की कमी के कारण उन्होंने फसलों की खेती को पीछे धकेल दिया है। तेज धूप, गर्मी और नमी की समस्या के कारण उपज बहुत कम हो जाती है। आमतौर पर सब्जी की फसल के लिए उच्च आर्द्रता वाली अच्छी जलवायु आवश्यक होती है। इनमें कोई भी बदलाव पैदावार पर असर डालेगा। तापमान अधिक होने के कारण कीड़े नहीं काटते। इसके अलावा, फूल और मेवे का उत्प-ादन नहीं होता है, अगर मेवों को काट लिया जाए, तो वे गिर जाते हैंर। जो सब्जियां रामनगर, मगदी, तुमकुरु, बेंगलूरु ग्रामीण इलाकों, होसकोटे, नंदागुड़ी, कनकपुरा सहित विभिन्न स्थानों से आती थीं, में अब भारी गिरावट आई है। स्थानीय बाजारों के लिए पर्याप्त माल नहीं है। इस पृष्ठभूमि में, बेंगलूरु को सब्जियों की आपूर्ति की कीमत बढ़ गई है। इस कारण गाजर 100 रुपये, टमाटर 30 रुपये, शिमला मिर्च 80 रुपये, आलू 40 रुपये, बैंगन 50 रुपये, खीरा 50 रुपये तक पहुंच गया है। इसके कारण खुदरा विक्रेता सब्जियां लाने और बेचने से कतरा रहे हैं, उपभोक्ता मूल्य वृद्धि के कारण खरीदने को तैयार नहीं हैं। इससे लाई गई सब्जियां सूख जाएंगी। उन्होंने फैसला किया कि घाटा उठाने से बेहतर होगा कि कुछ दिनों के लिए बिक्री बंद कर दी जाए। फिलहाल अगर बारिश हुई तो भी नई सब्जियां आने में कम से कम 2 महीने लगेंगे।

# पद्मराज ने 120,000 वोटों से कांग्रेस की जीत की भविष्यवाणी की

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कांग्रेस सांसद उम्मीदवार पद्मराज आर पुजारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी 120,000 वोटों के बहुमत के साथ जीत हासिल करने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि जहां मोदी के आश्वासन केवल शब्द बनकर रह गए हैं, वहीं कांग्रेस की गारंटी लोगों के हाथों में है। यहां शनिवार को मल्लिकटे में कांग्रेस कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए, पद्मराज ने कहा चुनाव सफलता-पूर्वक संपन्न हो गए हैं, और चुनावी प्रक्रिया सुचारू रूप से आगे बढ़ी है। हमारी पार्टी के सदस्यों और मतदाताओं के जबरदस्त समर्थन के लिए धन्यवाद। मैं अपना आभार व्यक्त करता हूं। मैं सभी समुदायों के लोगों को भी धन्यवाद देता हूं जो परिवार की तरह मेरे साथ खड़े रहे। अभियान के दौरान पार्टी के सदस्यों ने पार्टी के इतिहास, गारंटी योजनाओं और भविष्य की आकांक्षाओं पर प्रकाश डाला और जानबूझकर नफरत की राजनीति में शामिल होने से परहेज किया। मैंने व्यक्तिगत रूप से 8 निर्वाचन क्षेत्रों का दौरा किया है, और मौजूदा माहौल से संकेत मिलता है कि कांग्रेस पार्टी जीत के लिए तैयार है। यह जरूरी है कि पार्टियां व्यक्तिगत लाभ के लिए गलत सूचना फैलाने से बचें। कुछ मामलों में, भाजपा पार्टी के सदस्यों ने संघर्ष भड़काने का प्रयास किया। उस समय, मैंने प्रेस पर जोर दिया कि चुनाव के दौरान टकराव की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि ये सामान्य घटनाएँ हैं। लेकिन वंचित युवाओं को भड़काने की भाजपा पार्टी की रणनीति अनिवार्य रूप से भविष्य में उनके परिवारों के लिए कठिनाइयों का कारण बनेगी।

# निशुल्क मेगा हेल्थ चेकअप कैम्प आज

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री जिन कुशल सूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुड़ी के तत्वावधान में श्री जिनदत्त कुशल सूरी जैन सेवा एवं संगीत मंडल बसवनगुड़ी द्वारा जैन रिलीफ फाउंडेशन के साथ मिलकर निशुल्क मेगा हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। मंडल के अध्यक्ष अरविन्द कोठारी ने बताया कि इस कैम्प में अपोलो हॉस्पिटल्स बेंगलूरु से डॉक्टर्स की टीम ईसीजी एवं अन्य जांचों में तकनीकी सहयोग के साथ हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ कृष्ण कुमार कार्डियोलॉजिस्ट एवं उनकी टीम के साथ फिजिशियंस की कन्सल्टेंसी सेवाएं प्रदान करेंगी। मंडल के मंत्री ललित डाकलिया ने जानकारी देते हुए कहा कि रविवार, प्रातः 9 बजे से 2 बजे तक यह कैम्प श्री जिन कुशल सूरी जैन आराधना भवन में आयोजित किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति इस जांच हेतु रजिस्ट्रेशन करवा सकता हैं। इसके साथ ही इस कैम्प में जैन रिलीफ फाउंडेशन हेल्थ डिस्काउंट कार्ड भी बनाए जाएंगे। उपाध्यक्ष अनिल भडकतिया के साथ इस कैम्प के संयोजक धर्मेन्द्र संकलेचा, रंजीत मेहता, नितेश बोहरा और कुनाल मरलेचा समेत कई सदस्य अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।

# अंत में, केंद्र ने कर्नाटक को सूखा राहत कोष के रूप में आंशिक राशि जारी की: सीएम

### सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद किया जारी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
आखिरकार, राज्य सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में एक रिट याचिका दायर करने के बाद नरेंद्र मोदी शासन ने कर्नाटक को सूखा राहत कोष के लिए आंशिक राशि जारी की है, जिसने केंद्र को कांग्रेस सरकार की मदद करने के लिए जल्द ही धन जारी करने का वादा करने के लिए मजबूर किया था। मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन कोष मानदंडों के तहत केंद्रीय धन देने की कांग्रेस सरकार की याचिका पर कार्रवाई करने के लिए केंद्र को प्रेरित करने के लिए शीर्ष अदालत को बहुत धन्यवाद दिया है।



### लंबित राशि जारी करने का भी आग्रह

उन्होंने कहा मैं लोगों से अपील करता हूं कि वे भाजपा नेताओं को करारा जवाब दें, अगर वे यह दावा करने की कोशिश करते हैं कि सूखा राहत के लिए धन की आंशिक रिलीज भी उनके प्रयासों और लोगों के लिए केंद्र की चिंता के कारण है। साथ ही, मुख्यमंत्री ने आंशिक राशि भी जारी करने के लिए केंद्र के प्रति कुछ उदारता दिखाई। उन्होंने केंद्र और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से धन के हस्तांतरण में राज्य के साथ अन्याय को ठीक करने के अलावा लंबित राशि जारी करने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि कांग्रेस सरकार ने पिछले साल 13 सितंबर को राज्य के 236 तालुकों में से 223 को सूखा प्रभावित घोषित किया था। सात महीने बीत चुके हैं और कर्नाटक में 48 लाख हेक्टेयर फसल का नुकसान हो चुका है। कुल क्षति और हानि लगभग 35,162 करोड़ रुपये की है और राज्य सरकार ने केंद्र से बमुश्किल आधी राशि यानी 18,171 करोड़ रुपये जारी करने का अनुरोध किया था।

हालांकि, सूखा राहत के लिए 18,171 करोड़ रुपये जारी करने की कर्नाटक की मांग के विपरीत, केंद्र ने 3,498 करोड़ रुपये जारी करने की मंजूरी दे दी है, जिसमें से 3,454 करोड़ रुपये वास्तव में जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने 3,3498 करोड़ रुपये के फैसले की ओर इशारा करते हुए कहा, कर्नाटक को भारी फसल क्षति और अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ा है, जिसमें कुल 30,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है और सरकार ने एनडीआरएफ मानदंडों के तहत 18,171 करोड़ रुपये जारी करने की मांग की थी। हालांकि 3,454 करोड़ रुपये की वास्तविक रिलीज बेहद अपर्याप्त है।

सिद्धरामैया ने कहा कि राज्य सरकार राज्य के धन में उचित हिस्सेदारी के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार सूखा राहत कर्नाटक के लिए दया या चिंता के कारण जारी करने पर सहमत नहीं हुई है, बल्कि केंद्र को धन जारी करने के लिए राज्य सरकार के सुप्रीम कोर्ट का रुख करने के बाद जारी की है। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट है कि सुप्रीम कोर्ट, जिसने हमारी याचिका और केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे भारत के अटॉर्नी जनरल की दलीलें सुनीं, राजनीतिक उद्देश्यों के कारण हो रहे अन्याय के प्रति आश्वस्त है। उन्होंने कहा केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से एक सप्ताह के भीतर धनराशि जारी करने का वादा किया था और अब इस प्रतिबद्धता का सम्मान करने के लिए, उसने अनिच्छा से आंशिक राशि जारी की है। भाजपा पर हमला करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 'धन की आंशिक रिलीज में भाजपा के किसी भी नेता या केंद्र सरकार की कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने तर्क दिया कि ऐसा गंभीर सूखे की स्थिति से प्रभावित किसानों की दुर्दशा पर शीर्ष अदालत की चिंता के कारण हुआ। सिद्धरामैया ने कहा कि केंद्रीय नेता चिंतित थे कि अगर लोग भाजपा के खिलाफ हो गए तो परिणाम भुगतने होंगे क्योंकि राज्य में अगले चरण में कर्नाटक के उत्तरी हिस्सों की 14 सीटों के लिए मतदान होने जा रहा है और उन्हें डर है कि नाराज किसान उन्हें राज्य में अभियान की अनुमति नहीं देंगे।


## केंद्र ने कर्नाटक के लिए 3,454 करोड़ का सूखा राहत कोष किया जारी



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
केंद्र ने सूखा राहत कार्यों के लिए कर्नाटक को 3,454 करोड़ रुपये जारी किए हैं। वित्त मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाली उच्चाधिकार समिति ने सूखा राहत (खरीफ 2023) के लिए धन जारी करने को मंजूरी दे दी। कर्नाटक सरकार ने सूखा राहत कार्यों के लिए केंद्र से 18,174 करोड़ रुपये की मांग की थी, जिसमें बारिश की विफलता के कारण अपनी फसल बर्बाद करने वाले किसानों को मुआवजे के रूप में 5,662 करोड़ रुपये भी शामिल थे। फंड जारी करने में देरी के कारण केंद्र और कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के बीच वाकयुद्ध छिड़ गया। कर्नाटक सरकार ने केंद्र पर दक्षिणी राज्य के प्रति सौतेला रवैया अपनाने का आरोप लगाया, जबकि केंद्र सरकार ने कहा कि कर्नाटक सरकार के राहत कार्यों के लिए राज्य आपदा राहत कोष में पर्याप्त धन उपलब्ध है। कर्नाटक सरकार हाल ही में फंड जारी करने के लिए उच्चतम न्यायालय के हस्तक्षेप की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट गई थी। शीर्ष अदालत में केंद्र ने आश्वासन दिया कि वह कर्नाटक को राहत देने पर जल्द ही सकारात्मक निर्णय लेगा। राजस्व मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट को केंद्र का आश्वासन राज्य के किसानों की जीत है। राज्य ने सूखा राहत कार्यों के लिए केंद्र से 18,172 करोड़ रुपये का फंड मांगा था, जिसमें से 5,662 करोड़ रुपये किसानों को मुआवजे के लिए थे। गौड़ा ने कहा, केंद्र को राज्य के किसानों को फसल नुकसान के मुआवजे के रूप में तुरंत पैसा जारी करना चाहिए।

राज्य पिछले नौ महीनों से केंद्र से सूखा राहत कार्यों के लिए धन जारी करने की मांग कर रहा है, लेकिन केंद्र ने राज्य की याचिका पर कोई जवाब नहीं दिया। इसने राज्य को न्याय की मांग करते हुए सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर कर दिया है।

# हवाई अड्डे पर तस्करी का 45.7 लाख का सोना जब्त



**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
शहर के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने एक यात्री द्वारा अवैध रूप से ले जाया जा रहा 45.7 लाख रुपये का सोना जब्त कर लिया। जब्त किए गए सोने का वजन 636 ग्राम था और इसकी कीमत 45,79,200 रुपये थी।

मूल रूप से दक्षिण कन्नड़ जिले का रहने वाला यात्री एयर इंडिया एक्सप्रेस 814 से हवाई अड्डे पर पहुंचा था।

अधिकारियों ने उसके संदिग्ध व्यवहार को देखते हुए, उसकी शारीरिक जांच की, जिससे पता चला कि उसने अपने मलाशय में सोना छुपाया था।

# राहुल गांधी के कर्नाटक आने पर भी भाजपा को होगा लाभ: विजयेंद्र

### कांग्रेस की कोशिश रंग नहीं लाएगी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने चुनौती दी कि राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धरामैया को राहुल गांधी को अधिक से अधिक कर्नाटक में आमंत्रित कर प्रचार करना चाहिए। मीडिया प्रतिनिधियों से बात करते हुए उन्होंने कहा हमें उम्मीद है कि राघवेन्द्र शिवमोग्गा में 2.5 लाख से 3 लाख वोटों के अंतर से जीतेंगे। ऐसे में अगर राहुल गांधी शिवमोग्गा आएंगे तो निश्चित तौर पर राघवेन्द्र और अधिक वोटों से जीतेंगे। जब उनसे राहुल गांधी के उस बयान के बारे में पूछा गया कि मोदी के दिन आ रहे हैं जब



वह रोएंगे, तो उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अमेठी के लोगों का विश्वास खो दिया है और केरल के वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में छिपे हुए हैं। उन्होंने सवाल किया कि कांग्रेस पार्टी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में क्यों छिपे हुए बैठे हैं, जहां अल्पसंख्यक बहुसंख्यक हैं। आजादी के बाद अमेठी की जनता गांधी परिवार को आशीर्वाद देती थी। अमेठी के मतदाताओं को पता है कि उन्होंने महान कांग्रेस नेता का तिरस्कार क्यों किया। नरेंद्र मोदी क्या हैं? उनकी लोकप्रियता और मान्यता क्या है? पिछले 10 वर्षों में मोदी के योगदान और परियोजनाओं की चर्चा घर-घर में होती है। लेकिन राहुल गांधी जो कहते हैं उसकी कोई कीमत नहीं है। सिद्धरामैया के मुख्यमंत्री बनने के बाद कांग्रेस पार्टी ने अल्पसंख्यकों को ओबीसी कोटे में आरक्षण देने के बारे में सोचा। उन्होंने विश्लेषण किया कि इससे पिछड़े वर्ग को लगता है कि कांग्रेस पार्टी अन्याय कर रही है। नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। मोदी रविवार को बेलगावी, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे और होसपेट का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि इसका असर अगले 14 लोकसभा क्षेत्रों पर पड़ेगा। जानकारी मिल रही है कि शुक्रवार को हुए सभी 14 विधानसभा क्षेत्रों में बीजेपी की जीत होगी। अगर हम माहौल को देखें, तो हम राज्य की 28 में से 28 सीटें जीतने के अपने लक्ष्य तक पहुंचने के प्रति आश्वस्त हैं। चुनाव में कांग्रेस की कोशिश रंग नहीं लाएगी। सत्ता में बैठी कांग्रेस सरकार का पाखंड, फैसले और सोच, नेहा हिरेमथ की हत्या के मामले में कांग्रेस सरकार का रवैया, अल्पसंख्यकों का तुष्टीकरण, इन सबका खामियाजा कांग्रेस पार्टी को लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ओबीसी कोटा के तहत अल्पसंख्यकों को अनुमति देने का मतलब राज्य के पिछड़े वर्गों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि ऐसे दुस्साहस पर उतरी कांग्रेस सरकार को जनता सबक सिखाएगी।

# भाजपा नेताओं ने गर्मी के बीच मतदान के लिए मतदाताओं को जताया आभार



**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
भाजपा नेता सतीश कुंपाला और कैप्टन ब्रिजेश चौटा ने गर्मी के बीच वोट डालने के लिए मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह विश्वास भी जताया कि भाजपा के सत्ता में लौटने की प्रबल संभावना है। यहां शनिवार को ओशन पर्ल होटल में मीडिया को संबोधित करते हुए, भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश कुंपाला ने कहा मतदान शुक्रवार को पूरा हो गया, और मतदाताओं ने भाजपा पार्टी को जो समर्थन दिखाया है, उससे हम खुश हैं। आभारी हूं कि चुनाव के दौरान कोई दुर्घटना नहीं हुई। उच्च मतदान प्रतिशत ने हमें खुशी दी है, और जैसा कि प्रधान मंत्री ने सुझाव दिया, चिलचिलाती धूप के बावजूद, मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक इस लोकतांत्रिक उत्सव में भाग लिया। 85 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों ने लोकतंत्र को मजबूत करने में योगदान देते हुए अपना वोट डाला। हम उन सभी पार्टी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने चुनाव के दौरान हमारी सहायता की, दोनों वर्तमान और पूर्व विधायकों और एमएलसी ने प्रचार प्रयासों में सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, देवेन्द्र फड़नवीस, मालविका, भारती शेट्टी, अन्नामलै, नलिन कुमार कटील, बी वाई विजयेंद्र और अन्य जैसे स्टार प्रचारकों ने हमारे लिए प्रचार किया और पार्टी सदस्यों को प्रेरित किया। नितिन कुमार, कैप्टन गणेश कार्णिक जैसे पार्टी सदस्यों और पार्टी के सभी वरिष्ठ सदस्यों ने अमूल्य सहायता प्रदान की है।

हमारी पार्टी के सदस्यों ने चिलचिलाती धूप के बावजूद लोगों की सहायता करते हुए अथक प्रचार किया। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा सांसद उम्मीदवार कैप्टन ब्रिजेश चौटा ने मतदाताओं का आभार व्यक्त किया और कहा दक्षिण कन्नड़ में चुनाव सफल रहे, और मैं उन सभी को बधाई देता हूं जिन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के संदेश को फैलाने में हमारा समर्थन किया। उन्होंने कहा मेरा मानना है कि कांग्रेस पार्टी और अन्य सीमांत तत्वों द्वारा दक्षिण कन्नड़ की छवि खराब की गई है। इस मुद्दे को संबोधित करने और दक्षिण कन्नड़ के बारे में रूढ़िवादिता को खत्म करने के लिए, हम वरिष्ठ पत्रकार मनोहर प्रसाद के नाम पर एक पुरस्कार स्थापित करेंगे। यह पुरस्कार दक्षिण कन्नड़ के सही चित्रण की श्रेणी में प्रदान किया जाएगा। मेरा दृढ़ विश्वास है कि लोगों की आवाज जनता तक पहुंचनी चाहिए।

### आपराधिक मामले का खुलासा नहीं करने का मामला

# कोर्ट ने विधायक उदय गरुड़ाचर को दोषी ठहराने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को किया रद्द

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
भाजपा के चिकपेट विधायक उदय बी गरुड़ाचर को राहत देते हुए, कर्नाटक उच्च न्यायालय ने 2018 में विधान सभा का चुनाव लड़ते समय नामांकन पत्र के साथ दायर अपने हलफनामे में लंबित आपराधिक मामले की जानकारी नहीं देने के लिए उन्हें दोषी ठहराने और दो महीने की कैद की सजा देने के ट्रायल कोर्ट के आदेशों को रद्द कर दिया है। न्यायमूर्ति कृष्णा एस. दीक्षित ने मजिस्ट्रेट और सत्र अदालतों के आदेशों को चुनौती देने वाली उदय द्वारा दायर एक आपराधिक पुनरीक्षण याचिका को स्वीकार करते हुए यह आदेश पारित किया। सांसदों और विधायकों के खिलाफ मामलों की सुनवाई के लिए मजिस्ट्रेट की विशेष अदालत ने 13 अक्टूबर, 2022 को उन्हें दोषी ठहराया था। वहीं 11 सितंबर, 2023 को सांसदों और विधायकों के खिलाफ मामलों से निपटने के लिए सत्र की विशेष अदालत ने उनकी सजा को बरकरार रखा था। हालाँकि, उच्च न्यायालय ने माना कि उनके



खिलाफ ट्रायल कोर्ट के निष्कर्ष गलत थे क्योंकि उन्हें उस विशेष आपराधिक मामले की जानकारी देने की आवश्यकता नहीं थी क्योंकि उस मामले में उनके खिलाफ कोई आरोप तय नहीं किया गया था। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 33ए (1)(आई) के अनुसार, उम्मीदवारों को किसी लंबित मामले में दो साल या उससे अधिक के कारावास से दंडनीय अपराध के बारे में जानकारी का खुलासा करना आवश्यक है जिसमें अदालत द्वारा आरोप तय किया गया है। हालाँकि उच्च न्यायालय ने कहा कि नियमों और नियमों द्वारा निर्धारित प्रपत्रों को संसद की मंशा से परे कर्तव्य के दायरे को बढ़ाने के लिए नहीं माना जा सकता है। ऐसा नहीं है कि किसी उम्मीदवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके या निजी शिकायत दर्ज करके शुरू किए गए हर आपराधिक मामले का हलफनामे में खुलासा किया जाना चाहिए, भले ही आरोप तय नहीं किए गए हों या कथित अपराधों का संज्ञान नहीं लिया गया हो। निचली अदालतें अधिनियम की धारा 33ए के मूल प्रावधानों पर ध्यान दिए बिना, फॉर्म 26 की शाब्दिक सामग्री से गलत तरीके से प्रभावित हुईं। कम से कम यह कहें तो यह दृष्टिकोण अस्वीकार्य है। उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता की इस दलील से सहमति जताते हुए कहा कि उसके खिलाफ शुरू की गई कार्यवाही अदालत की प्रक्रिया का दुरुपयोग है। कोर्ट ने कहा, वह (याचिकाकर्ता) विषय आपराधिक कार्यवाही से हमेशा के लिए और बेदाग छुटकारा पाने का हकदार है। उन्हें बिल्कुल क्लीन चिट देनी होगी। ऐसा नहीं है कि यह अदालत उस पीड़ा और अनकही कठिनाई को नहीं समझती है जो उसने इस आपराधिक मामले के कारण इतने दिनों तक झेली है।

# राज्य के 14 विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों का भविष्य स्ट्रांग रूम में सुरक्षित

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
दक्षिण कर्नाटक के 14 लोकसभा क्षेत्रों में शनिवार को मतदान हुआ और उम्मीदवारों की भविष्यवाणी वोटिंग मशीन में शामिल हो गई। वोटिंग मशीनों को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में स्थापित स्ट्रांग रूम में रखा गया और पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की गई




है। हालांकि वोटिंग खत्म हो चुकी है लेकिन नतीजों के लिए 4 जून तक इंतजार करना होगा। वोटों की गिनती 4 जून को होगी और उसी दिन सभी निर्वाचन क्षेत्रों के नतीजे घोषित किए जाएंगे। पहले चरण के 14 निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा के 11, जेडीएस के 3 और कांग्रेस के 14 सहित कुल 247 उम्मीदवार मैदान में हैं। बेंगलूरु सेंट्रल लोकसभा क्षेत्र का स्ट्रॉन्ग रूम पैलेस रोड के वॉन्टकरमल कॉलेज में बनाया गया है। बेंगलूरु उत्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए स्ट्रॉन्ग रूम सेंट जोसेफ कॉलेज, विट्ठल माल्या रोड में स्थापित किया गया है। बेंगलूरु दक्षिण लोकसभा क्षेत्र के लिए स्ट्रॉन्ग रूम एसएसएमआरवी कॉलेज, जयनगर में स्थापित किया गया है और वोटों की गिनती वहीं होगी।

# जनता की कमाई को घुसपैठियों में बांटना चाहती है कांग्रेस : अनुराग

**हमीरपुर, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस वोट बैंक व तुष्टिकरण की राजनीति करती है जबकि भारतीय जनता पार्टी समान रूप से विकास की नीति पर कार्य करती है। श्री ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस आएगी तो आप पर वसूली और विरासत टैक्स लगाएगी, भाजपा आएगी तो भारत को विकसित राष्ट्र बनाएगी। आज आपके सामने एक ओर कांग्रेस है जिनकी सारी गारंटियाँ फेल हैं और दूसरी ओर मोदी जी हैं जिनकी सभी गारंटीयों के पूरे होने की गारंटी है। उनका ट्रैक रिकॉर्ड गबन, वसूली और भ्रष्टाचार का है। हमारा ट्रैक रिकॉर्ड सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का है।



श्री ठाकुर ने उक्त बातें अपने हिमाचल प्रवास के तीसरे दिन कहीं। उन्होंने शनिवार को सर्वप्रथम भोरंज विधानसभा में जनसभा को संबोधित किया और इसके पश्चात हमीरपुर विधानसभा में पन्ना प्रमुख सम्मेलन, आईटी सोशल मीडिया कार्यशाला, वरिष्ठ नागरिक विशेष संपर्क अभियान और व्यापारी संपर्क अभियान में भाग लिया। श्री ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस द्वारा की जा रही वोट बैंक पॉलिटिक्स के सख्त खिलाफ है। कांग्रेस वोट बैंक व तुष्टिकरण की राजनीति करती है जबकि भाजपा एक समान रूप से विकास की नीति में भरोसा करती है। हम अपिजमेंट पॉलिटिक्स में नहीं बल्कि सबका साथ और सबका विकास में विश्वास रखते हैं। पिछले 10 वर्षों में अगर 25 करोड़ भारतीय गरीबी रेखा से बाहर आए हैं तो उसमें हिंदू भी हैं और मुसलमान भी हैं। अगर 4 करोड़ पक्के आवास, 13 करोड़ नल से जल, 12 करोड़ शौचालय, 11 करोड़ रसोई गैस सिलेंडर, 60 करोड लोगों को मुफ्त इलाज और 81 करोड लोगों को मुफ्त अनाज मिला है तो उसमें कोई भेदभाव नहीं हुआ है। सभी को जनसंख्या के अनुपात से समान रूप से लाभ मिला है। कांग्रेस की बुरी नजर अब आपकी संपत्ति पर है। कांग्रेस आपकी मृत्यु के बाद आपकी संपत्ति आपके संतानों को न देकर अपने वोट बैंक को देना चाहती है। इसीलिए ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है।

उन्होंने आम लोगों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए कहा, आपको तय करना है कि आप मोदी जी का भ्रष्टाचार मुक्त शासन चाहते हैं या कांग्रेस का भ्रष्टाचार युक्त शासन चाहते हैं। देश की सेना सशक्त और बॉर्डर सुरक्षित चाहिए या कमजोर सेना और असुरक्षित बॉर्डर चाहिए। क्या आपको कांग्रेस के शासनकाल के आतंकवादी हमले चाहिए या मोदी के शासनकाल के सर्जिकल स्ट्राइक चाहिए क्या आपको भारत से परमाणु हथियार खत्म करने की वकालत करने वाला इंडी गठबंधन चाहिए या सेना को आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाने वाले मोदी जी चाहिए? क्या आपको देश की अर्थव्यवस्था को लड़खड़ाती और चरमराती बनाने वाले लोग चाहिए या देश की अर्थव्यवस्था को अगले तीन वर्षों में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने वाले लोग चाहिए।

श्री ठाकुर ने कहा कि हमें विकसित भारत के निर्माण हेतु मोदी जी के हाथों को सशक्त करना है। देश आगे बढ़े इसीलिए हिमाचल प्रदेश की चारों लोकसभा सीटें भारतीय जनता पार्टी को जिताइए और पूरे देश में भाजपा को 370 पार और एनडीए को 400 पार सीटें दिलवाइए।

श्री ठाकुर ने अपने संसदीय क्षेत्र के विकास के बारे में बोलते हुए कहा, मोदी जी के आशीर्वाद से हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में 360 डिग्री विकास हुआ है। आज क्षेत्र में 300 बेड का मेडिकल कॉलेज अस्पताल लगभग 400 करोड रुपए की लागत से बनकर तैयार हो चुका है। यहां कक्षाएं 3-4 साल पहले से ही चालू हैं। किसने सोचा था की एक हीं संसदीय क्षेत्र में एम्स भी होगा, पीजीआई भी होगा, दो दो मेडिकल कॉलेज होंगे, केंद्रीय विद्यालय भी होंगे, केंद्रीय विश्वविद्यालय भी होगा, ट्रिपल आईटी भी होगा, एनआईटी भी होगा, हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज भी होगा, हर जिले में फोरलेन हाईवे होगा और वंदे भारत ट्रेन भी होगी। लेकिन यह सब भारतीय जनता पार्टी ने संभव कर दिखाया है। अब हमारे बच्चों को पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। वह अपने घर पर रहकर डॉक्टर, इंजीनियर और वह सब कुछ बन सकते हैं जिसके वह हकदार हैं।

श्री ठाकुर ने कहा कि आज हमने हर तरफ से हिमाचल को कनेक्टिविटी के मामले में बेहतरीन बनाया है। आज धर्मशाला, पठानकोट और जम्मू के लिए फोरलेन हाईवे पूरी तेज़ी के साथ बन रहा है। अभी यहां से पठानकोट जाने में लगभग 4.5 घंटे लगते हैं। इस हाइवे के बन जाने से आप मात्र दो घंटे में पठानकोट पहुंच जाएंगे। आज हमीरपुर मंडी धरमपुर की सड़क पर 1200 करोड रुपए की लागत से बन रही है। आज किरतपुर-नेरचौक फोर लेन रोड बनकर तैयार हो चुका है। मटौर-हमीरपुर-बिलासपुर शिमला फ़ोर लेन, नेर चौक फ़ोर लेन बनवा कर तैयार करवाया जा चुका है। आज कई जगह बस के किराए 40 सस्ते हो चुके हैं। जल्द ट्रेन के आ जाने से समय और किराए दोनो में और कमी आएगी। आज जनता के आशीर्वाद से मैंने ऊना से हरिद्वार, खाटू श्याम, कोलकाता, नांदेड साहब, वृंदावन, मथुरा, ओंकारेश्वर, ग्वालियर, आगरा, इंदौर और महाकाल लोक तक ट्रेन चलवा दी है।

# मध्य प्रदेश में कोई भी योजना बंद नहीं होगी : सीएम यादव

**ग्वालियर/गुना, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार की कोई भी योजना बंद नहीं होगी। डॉ. यादव ग्वालियर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह के समर्थन में करेरा विधानसभा एवं गुना लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में कोलारस विधानसभा के बदरवास एवं बामोरी विधानसभा के म्याना में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने हमेशा से देश के जवानों और किसानों को उनका सम्मान दिलाने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीमा रेखा पर जाकर जवानों के साथ दीवाली मनाई, पटाखे चलाए, लेकिन यह काम कांग्रेस की सरकारों में कभी नहीं हुआ। आजादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ जब किसानों के लिए 6 हजार रुपए महीना सीधा उनके खाते में भिजवाए गए। केन्द्र और राज्य सरकार के माध्यम से 10 हजार रूपए की राशि किसानों को सम्मान निधि के रूप में दी गई। हमारी सरकार लगातार किसानों की आय को दोगुना करने की दिशा में कार्य कर रही है।



उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने अपने 100 दिनों के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। इसमें एक निर्णय दूध उत्पादक किसानों को बोनस देने का भी लिया गया है। पशुपालन के आधार पर भी दूध उत्पादन पर सरकार बोनस देगी। अभी तक गेहूं, धान पर ही बोनस मिलता था। इस बार किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य 2400 रूपए प्रति क्विंटल की दर किया जा रहा है। सरकार बनाते समय हमने कहा था 2700 रुपए क्विंटल गेहूं खरीदी करेंगे और अगले पांच सालों में इसे 3 हजार प्रति क्विंटल तक किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की कोई भी योजना बंद नहीं होगी। कांग्रेस के लोग अफवाह फैला रहे हैं कि लाड़ली बहना योजना बंद कर दी जाएगी, लेकिन माताएं, बहनों चिंता मत करना, कोई भी योजना बंद नहीं होगी। लाड़ली बहना योजना का पैसा हर माह खातों में पहुंचता रहेगा। जिसका नाम योजना में छूट गया है, उसका नाम भी चुनाव के बाद जोड़ा जाएगा। हमारी सरकार गरीबों की सरकार है। सबको साथ लेकर चलने वाली सरकार है। सबका भला करने वाली सरकार है। भाजपा सरकार में जो योजनाएं शुरू की गईं हैं वे सब चलती रहेंगी, कोई भी योजना बंद नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र को प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कई सौगातें दी हैं। ग्वालियर लोकसभा में 1,200 करोड़ रुपए की लागत से 4 लाख 24 हजार से अधिक परिवार को शुद्ध नल का जल पहुंचाने का संकल्प प्रधानमंत्री श्री मोदी ने किया है। जल जीवन मिशन के माध्यम 381 करोड़ रुपए की लागत से एकल नल-जल योजना और हर लोकसभा क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा। आने वाले समय में चीता प्रोजेक्ट के माध्यम से इस क्षेत्र को लाभ मिलेगा। यह क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से काफी समृद्ध होगा। पार्वती, कालीसिंध, चंबल योजना के माध्यम से 70 हजार करोड़ का बड़ा निवेश आया है। इसके आधार पर आसपास के 10 जिलों में सिंचाई के लिए किसानों को पानी और घर-घर में पीने के लिए नल से जल मिलेगा।

# मणिपुर में कुकी उग्रवादियों के हमले में सीआरपीएफ के दो जवान शहीद, चार घायल

**इंफाल, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** मणिपुर के नारानसेना इलाके में शनिवार को संदिग्ध कुकी उग्रवादियों के हमले में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो जवान शहीद हो गए और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि आतंकवादियों ने बिष्णुपुर जिले के मोइरंग पुलिस थाना क्षेत्र में नारायणसेना के एक गांव में कथित तौर पर सीआरपीएफ कर्मियों पर गोलीबारी करते हुए आधी रात को हमला किया। कुकी आतंकवादियों ने नारायणसेना में सीआरपीएफ के बी/128 बीएन शिविर की ओर बम फेंके और गोलीबारी की।



विस्फोट में इंस्पेक्टर जादव दास, एसआई एन सरकार, एचसी अरूप सैनी और सीटी आफताब हुसैन सहित चार कर्मी घायल हो गए, जबकि एसआई/जीडी एन साकार और एचसी/जीडी अरूप सैनी की मौत हो गई। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। एक संयुक्त बल क्षेत्र में पहुंचा और तलाशी अभियान चलाया। तीन संदिग्ध कुकी उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया। कुकी उग्रवादियों ने विभिन्न गांवों पर हमला करना शुरू कर दिया है। पहले राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक मुख्य पुल को उड़ा दिया गया था, जिससे राज्य देश के बाकी हिस्सों से कट गया था और शुक्रवार को भारी हथियारों से लैस कुकी आतंकवादियों ने विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों पर हमला किया।

# नशीली दवा बनाने वाली गुप्त प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़, 300 करोड़ की दवा जब्त

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने गुजरात पुलिस के आतंकवाद रोधी दस्ते के साथ मिलकर गुजरात और राजस्थान में नशीली दवा बनाने वाली तीन अत्याधुनिक गुप्त प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़ कर 300 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की दवा जब्त की हैं।




ब्यूरो ने शनिवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि इस संयुक्त कार्रवाई में मुख्य रूप से मेफेड्रोन नाम की नशीली दवा बनाने वाली तीन गुप्त प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़ किया गया है । ब्यूरो ने कहा है कि अभी चौथी प्रयोगशाला पर छापेमारी जारी है। रात भर कई राज्यों में चले ऑपरेशन में 149 किलोग्राम मेफेड्रोन (पाउडर और तरल रूप में), 50 किलोग्राम एफेड्रिन और 200 लीटर एसीटोन जब्त किया गया। इस अभियान में सात व्यक्ति गिरफ्तार किये गये हैं और सरगना की पहचान कर ली गयी है। अब जांच एजेन्सी इन दवाओं के वितरण से जुड़े नेटवर्क की जांच कर रही है।

आतंकवाद रोधी दस्ते को गुजरात और राजस्थान से संचालित इन गुप्त प्रयोगशालाओं के बारे में जानकारी मिली थी। तीन महीने से अधिक समय तक चले ऑपरेशन में इस नेटवर्क में शामिल व्यक्तियों के साथ-साथ गुप्त प्रयोगशालाओं की पहचान के लिए गहन तकनीकी और जमीनी निगरानी की गई।

संयुक्त टीमों ने तीन संदिग्ध स्थानों राजस्थान के जालोर जिले के भीनमाल, जोधपुर जिले के ओसियां और गुजरात के गांधीनगर जिले में एक साथ छापेमारी की। इस दौरान कुल 149 किलोग्राम मेफेड्रोन (पाउडर और तरल रूप में), 50 किलोग्राम एफेड्रिन और 200 लीटर एसीटोन की बरामदगी की गयी। गांधीनगर में पकड़े गए लोगों से पूछताछ के आधार पर अमरेली (गुजरात) में एक और जगह की पहचान की गई है, जहां छापेमारी जारी है।

ब्यूरो ने कहा है कि इस नेटवर्क के सरगना की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इन दवाओं के वितरण नेटवर्क, राष्ट्रीय और साथ ही किसी भी अंतर्राष्ट्रीय लिंकेज को ट्रैक करने और पहचानने का प्रयास भी किया जा रहा है।

मेफेड्रोन, जिसे 4-मिथाइलमेथकैथिनोन, 4-एमएमसी और 4-मिथाइलफेड्रोन के नाम से भी जाना जाता है, एम्फ़ैटेमिन और कैथिनोन वर्गों की एक सिंथेटिक उत्तेजक दवा है। इसे ड्रोन, एम-कैट, व्हाइट मैजिक, म्याऊ म्याऊ और बबल के नाम से भी जाना जाता है।

# हिमाचल में फिर दराट कांड, एक ही परिवार के चार लोग घायल

**धर्मशाला, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा के उप मंडल पालमपुर में दराट से हमला करने का एक और मामला सामने आया है। मामला पालमपुर के सिहर का बताया जा रहा है, जहां पर बेटे और पिता ने परिवार के चार सदस्यों पर शनिवार सुबह दराट से हमाला किया जिसमें चारों गंभीर रूप से घायल हो गये।

गम्भीर रुप से घायल चारों का उपचार अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि मामला जमीनी विवाद के चलते दूसरे पक्ष ने परिवार के चार सदस्यों पर दराट से हमला किया है। बताया जा रहा है कि पिछले काफी समय से कोर्ट में केस चला हुआ था। लेकिन बीते दिन उसका निर्णय जब सामने आया तो हमला करने वाला पक्ष हार गया। इस हमले में घायल हुए मदन भाटिया ने बताया कि जमीनी का केस जीतने पर विरोधी पार्टी जो की केस हार गई थी, उसने उनके परिवार पर दराट से हमला कर उन्हें लहूलुहान किया। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह जब आरोपी के पिता और पुत्र आए तो उनकी पत्नी और पिता पर दरार से हमला कर दिया। इस दौरान मदन भाटिया अपने पत्नी और पिता को बचाने गए तो वह भी घायल हुए हैं।

दराट से हमला करने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए हैं और परिवार के चार सदस्यों को बुरी तरह से जख्मी किया हुआ है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर मौके की छानबीन कर रही है।

# केजरीवाल जल्द से जल्द इस्तीफा दें: श्वेत मलिक

**अमृतसर, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व राज्यसभा सदस्य श्वेत मलिक ने शनिवार को कहा कि शराब घोटाले में जेल में बंद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिये।



श्री मलिक ने कहा कि श्री केजरीवाल ने पार्टी बनाकर कहा कि वह आम लोगों की पार्टी है, वह न घर लेंगे, न गाड़ी लेंगे। उन्होंने कहा कि आप के संस्थापक सदस्यों एडवोकेट प्रशांत भूषण, कुमार विश्वास और योगेद्र यादव ने सिद्धांतों का कत्ल होते देख पार्टी को छोड़ दिया। आज शराब घोटाले के कारण आप के मुख्यमंत्री, उप-मुख्यमंत्री और अन्य कई नेता जेल में है।

श्री मलिक ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और श्री केजरीवाल ने लोगों से किया एक भी वादा पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर बादल और कांग्रेस नेता राहुल गांधी धर्म और जाति के नाम पर देश को विभाजित करने की साजिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म किया और आज कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बन गया, लेकिन श्री गांधी वोटों की खातिर अनुच्छेद 370 को दोबारा से लागू करने की बात कर रहे हैं।

इस मौके पर भाजपा के महासचिव जगमोहन सिंह राजू ने कहा कि दिल्ली के स्कूलों में बच्चों को किताबें, यूनिफार्म नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी हरिमंदिर साहिब, दुर्गयाणा मंदिर माथा टेकने जाते हैं, लेकिन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान तिहाड़ जेल में श्री केजरीवाल को माथा टेकने के लिये जाते हैं। उन्होंने कहा कि श्री केजरीवाल जल्द से जल्द अपना इस्तीफा दें।

# छत्तीसगढ़ में ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर में चार लोगों की मौत

**जांजगीर-चांपा, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर जिले के मुलमुला थाना क्षेत्र में शनिवार को ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

पुलिस के अनुसार हादसे में पिता-पुत्र और मां-बेटी की जान गई है। पूरा मामला मुलमुला थाना क्षेत्र के अरसमेटा मोड़ का है। मुलमुला थाना के अनुसार गंभीर रूप से घायल महिला को बिलासपुर के सिम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां महिला ने दम तोड़ दिया। वहीं हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने और पीड़ितों के परिजन और ग्रामीण ने मौके पर पहुंचकर चक्का जाम कर दिया।

पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान रामकुमार कश्यप (47), पत्नी शतरूपा बाई (42), बेटा चंद्र प्रकाश कश्यप (19) और तीन साल की छोटी बेटी के रूप में हुई है। सभी पीड़ित कोनारगढ गांव से जन्मदिन मानने के लिए परसदा गांव जा रहे थे।

टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। पुलिस ने शवों का पोस्टमॉर्टम करने के लिए पामगढ़ अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को भष्टाचार का गढ़ बना दिया : साय

**बिलासपुर, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को कहा कि राज्य में पांच साल सत्ता में रही कांग्रेस ने कोई वादा पूरा नहीं किया और इन वर्षों में छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया।



श्री साय ने आज यहां बिलासपुर संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार तोखन साहू के समर्थन में शहर से लगे चिल्हाटी में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस मुद्दाविहीन हो चुकी है इसलिए जनता को अलग-अलग मुद्दों पर भरमाने के साथ ही तरह-तरह के षड़यंत्र कर रही है। उन्होंने कहा, मैं आप सभी को आश्वस्त करने आया हूं कि हताश और निराश हो चुकी कांग्रेसियों के इस भ्रम में बिल्कुल न आयें। जब तक छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार है हमारी ओर से शुरू कोई भी योजना बंद नहीं होगी। महतारी वंदन योजना भी बंद नहीं होगी। महिलाओं को निरंतर इसका लाभ मिलता रहेगा तथा हर महीने के पहले सप्ताह में राशि दे दी जायेगी।

छत्तीसगढ़ में पहले और दूसरे चरण के चुनाव को लेकर उन्होंने दावा किया कि बस्तर में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त माहौल है और वहां पार्टी चुनाव जीत रही है तथा राजनांदगांव, कांकेर और महासमुंद में भी भाजपा को जनता का खासा समर्थन मिला है। उन्होंने कहा, कांग्रेस यहां की जनता का विश्वास खो चुकी है। यहां के लोग भाजपा के चार माह और मोदी के गारंटी के 10 साल पर भरोसा करते हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए श्री साय ने कहा कि वह अधिकाधिक छत्तीसगढ़ दौरे पर आएं , क्योंकि वे जहां जाते हैं, वहां पर कांग्रेस को हार मिलती है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेसियों से तो उनका घर नहीं संभल रहा है और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की भाभी सीमा बघेल और पुराने कांग्रेसी नेता नवीन जिंदल जैसे लोग अब भाजपा में शामिल हो गए हैं।

## हाथरस में भाजपा की चुनावी जनसभा में बोले सीएम योगी

# कांग्रेस के समय किसान आत्महत्या और भ्रष्टाचारी ऐश करता था: योगी

**हाथरस, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** गरीब, किसान, महिलाएं, युवा सपा-बसपा व कांग्रेस के एजेंडे में नहीं थे। यह केवल वोट बैंक की राजनीति करते थे। यह जाति, समाज को बांटने का पाप करते थे। उनके समय में गरीब भूखमरी का शिकार होता था और आतंकवादियों को बिरयानी खिलाई जाती थी। किसान आत्महत्या करता था और भ्रष्टाचारी ऐश करता था। माफिया सरपरस्त बनकर सत्ता का संचालन करते थे, लेकिन आज बिना किसी भेदभाव के देश व प्रदेश में कार्य हो रहा है। उत्तर प्रदेश में साढ़े छह लाख युवाओं को नौकरी दी गई। अब पात्रता के आधार पर ही योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सबका साथ, सबका विकास के नारे के साथ चुनाव में एक तरफ भाजपा व एनडीए है तो दूसरी तरफ कांग्रेस-सपा व इंडी गठबंधन है।

उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने शनिवार को क्रीड़ा स्थल सिकंदराराऊ में हाथरस लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनूप प्रधान 'वाल्मीकि' के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। सीएम ने कहा कि इस धरती ने अनेक महापुरुषों, साहित्यकारों और काका हाथरसी जैसे कवि को जन्म दिया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिकोण से दो चरणों की 191 सीटों पर चुनाव हो चुके हैं। रुझान बताते हैं कि हाथरस के हींग की



खुशबू और फिर एक बार मोदी सरकार का स्वर पूरे देश में गूंज रहा है।

सीएम ने कहा कि उत्साहित जनता मोदी जी को तीसरा कार्यकाल देना चाहती है। दस वर्ष में दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। नक्सलवाद और आतंकवाद समाप्त हुआ है। विकास के अनेक कार्य हुए हैं। एक ओर भाजपा ने विकास योजनाएं दीं तो दूसरी तरफ कांग्रेस ने 65 वर्ष तक देश, सपा को चार बार व बसपा को तीन बार प्रदेश में शासन करने का अवसर मिला। इन सबको मिलाकर जितना कार्य इन लोगों ने देश-प्रदेश में नहीं किया। उससे अधिक कार्य पीएम मोदी के नेतृत्व में 10 वर्ष में देश व सात वर्ष में उत्तर प्रदेश में हुआ है।

सीएम ने कहा कि सपा-कांग्रेस के समय गरीब भूखों मरता था। स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में मरते थे। पहले दिल्ली से चला पैसा कांग्रेस, सपा-बसपा के दलाल हजम कर जाते थे। आज सीधे गरीब के अकाउंट में डीबीटी के माध्यम से पैसा पहुंच रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार होली-दीवाली में फ्री में सिलेंडर भी उपलब्ध करा रही है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने 1947 में देश को बांटा, अब घोषणा पत्र में कह रही है कि हम संपत्ति सर्वे कराएंगे, फिर बाप-दादा की कमाई पर विरासत टैक्स लगाएंगे। इस टैक्स का मतलब चार कमरे के मकान में यह कहेंगे कि दो कमरे में रहो, दो कमरे सपा-कांग्रेस के अधिकार में चला जाएगा। पसीने से मकान बनाया आपने और डकैती करने यह लोग आएंगे। ऐसा करने की कतई छूट नहीं देना है। इन लोगों ने पहले देश को बांटा, अब संपत्ति को बांटने की साजिश कर रहे हैं। जब हम माफिया पर कार्रवाई करते हैं तो यह उसके घर में जाकर फातिहा पढ़ते हैं।



सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने कहा कि पर्सनल कानून यानी तीन तलाक की कुप्रथा को लागू करेंगे। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश के तालीबानीकरण करने की साजिश का हिस्सा है।

अल्पसंख्यक को मर्जी के अनुसार खानपान यानी गोकशी की छूट देंगे। हिंदू के लिए इससे बड़ा पाप नहीं हो सकता। कांग्रेस देश को दंगों की आग में झोकना चाहती है और अपने स्वार्थ के लिए भारत के विभाजन की आधार रखना चाहती है। हिंदुस्तान इसे कतई स्वीकार नहीं करेगा। रामकृष्ण की धरती पर गोकशी नहीं होगी। कसाइयों को गौमाता की हत्या की छूट नहीं देने देंगे। कांग्रेस, सपा-बसपा के हिडन एजेंडे को पहचानकर समय रहते जवाब देने के लिए तैयार रहना होगा। यह लोग देश की संप्रभुता-अखंडता के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

सीएम ने कहा कि जब कांग्रेस सरकार थी तो अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ी जाति के लोगों के हकों पर डकैती डालने के लिए जस्टिस रंगनाथ मिश्रा कमेटी गठित की। बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के नेतृत्व में देश के संविधान का प्रारूप तैयार हो रहा था तो कहा गया कि धर्म के नाम पर कभी आरक्षण नहीं हो सकता है, लेकिन जस्टिस रंगनाथ मिश्रा कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर बैकडोर से डकैती कर सके। आज उसी तर्ज पर फिर से यह लोग काम कर रहे हैं। सपा-कांग्रेस और सहयोगी दल देश के खिलाफ साजिश करना चाहते हैं।

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने यहां के अहिरयार समाज को आरक्षण से वंचित करने का पाप भी किया था। पहले यह अनुसूचित जाति में आती थी, लेकिन कांग्रेस ने इन्हें हटाने का कार्य किया था। इन्हें उचित सम्मान के लिए हमारी सरकार ने प्रस्ताव भेजा है। यह बलदाऊ की भूमि है और यह कहते थे कि रामकृष्ण हुए ही नहीं। सीएम ने कहा कि जूझारू अनूप वाल्मीकि ने राजस्व राज्यमंत्री के रूप में बेहतर कार्य किया। संसद में हाथरस की आवाज को बुलंद करेंगे। यहां के विधायकों संग विकास कार्य को आगे बढ़ाएंगे। सीएम ने आह्वान किया कि अति आत्मविश्वास से बचते हुए अधिक से अधिक लोगों को मतदान केंद्र तक ले जाएं। इस अवसर पर हाथरस के प्रभारी मंत्री असीम अरुण, हाथरस से भाजपा प्रत्याशी व योगी सरकार के मंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि, विधायक अंजुला माहौर, वीरेंद्र सिंह राणा, रवींद्र पाल सिंह, राजकुमार सहयोगी, ठाकुर जयवीर सिंह, प्रदीप सिंह गुड्डू, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर, जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय आदि की मौजूदगी रही।

# पूर्व सांसद धनंजय सिंह को हाईकोर्ट ने दी जमानत

**प्रयागराज, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** पूर्व सांसद और बाहुबली धनंजय सिंह को शनिवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। कोर्ट से उन्हें जमानत मिल गई है। हालांकि हाईकोर्ट ने सात साल की सजा को बरकरार रखा है। वो अभी चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को जमानत दे दी। साथ ही सजा को रद्द करने की मांग कोर्ट ने खारिज कर दी है। ऐसे में वह अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं। जस्टिस संजय कुमार सिंह की बेंच ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह को जमानत दी है।

वादी अभिनव सिंघल ने 10 मई 2020 को लाइन बाजार थाने में पूर्व सांसद धनंजय सिंह समेत दो के खिलाफ अपहरण और रंगदारी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। इस मामले में वो तीन माह जिला कारागार में बंद रहे। इसके बाद पूर्व सांसद धनंजय सिंह की जमानत हुई। मामले में पुलिस ने विवेचना करके तीन माह के अंदर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। जौनपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने दो अप्रैल 2022 को धनंजय और सहयोगी पर आरोप तय किए थे। इसके बाद 130 तारीखों की सुनवाई के बाद पांच मार्च 2023 को धनंजय समेत दो को दोषी पाया गया। इसके बाद छह मार्च 2024 को सात साल की सजा और 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया था। गौरतलब है कि पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने जौनपुर की विशेष अदालत से मिली सात साल की सजा के खिलाफ पिछले महीने हाईकोर्ट में अपील दाखिल कर अंतिम फैसला आने तक सजा पर रोक लगाए जाने और जमानत पर जेल से रिहा किए जाने की मांग की थी। धनंजय सिंह की अर्जी पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में चली सुनवाई गुरुवार को पूरी हो गई थी।

# काशी और अयोध्या के बाद अब हम मथुरा की ओर बढ़ चले हैं : योगी

### मुख्यमंत्री ने फिरोजाबाद की चुनावी जनसभा में कहा

**फिरोजाबाद, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के खिलाफ सीधा मोर्चा खोलते हुए कहा है कि राम और कृष्ण की धरती पर ये लोग गोकशी की छूट देना चाहते हैं। फिरोजाबाद लोकसभा सीट के लिए बीजेपी प्रत्याशी ठाकुर विश्वदीप सिंह के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे सीएम योगी ने यहां जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि काशी और अयोध्या के बाद अब वे मथुरा की ओर बढ़ चले हैं। सीएम योगी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि डिस्कवरी ऑफ इंडिया वाले लोगों को लगता है कि राम और कृष्ण हुए ही नहीं थे। उन्होंने कहा कि एक तरफ मोदी सरकार देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रही है, वहीं कांग्रेस राज में उनके चट्टे-बट्टे गरीबों का राशन भी डकार जाते थे।

मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि हम काशी और अयोध्या के बाद मथुरा की ओर बढ़ चले हैं। उन्होंने सपा को टार्गेट करते हुए कहा कि क्या उन लोगों



ने कभी ब्रज क्षेत्र के विकास के लिए कभी कुछ किया है। उन्हें यादवों में भी केवल अपने परिवार के लोगों को लाभ पहुंचाया है। इन लोगों ने अपने परिवार के बाहर कुछ सोचा ही नहीं और परिवारवाद के नाम पर जाति को बदनाम करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि इनकी सहानुभूति गरीबों के साथ न होकर माफिया के साथ है। माफिया के लिए ये लोग फातिहा पढ़ते हैं।

उन्होंने समाजवादी पार्टी और माफिया गठजोड़ पर सवाल उठाए। सीएम ने कहा कि सपा पोषित माफिया विधायक कृष्णानंद राय, कई पुलिसकर्मी, कई भाजपा नेता के साथ ही सपा के विधायक राजू पाल और अधिवक्ता उमेश पाल की हत्या करते हैं, मगर समाजवादी पार्टी को कोई सहानुभूति नहीं, इनकी सहानुभूति केवल माफिया के साथ रहती है। जब माफिया अपनी मौत मर रहा है और अपने कृत्यों की सजा पा रहा है, तो ये लोग फातिहा पढ़ने उसके घर जा रहे हैं। जनता को इन्हें पांच साल और फातिहा पढ़ने के लिए छोड़ देना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि ये लोग बेकार में चुनाव लड़ रहे हैं। क्योंकि देश में सरकार बनाने के लिए 273 सीटें चाहिए और ये केवल 63 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। सपा और कांग्रेस अखाड़े में आने से पहले ही युद्ध हार चुके हैं। अब ये पलायन का रास्ता ढूंढ रहे हैं। सीएम योगी ने पिछली सरकारों के दौरान प्रदेश में हुए आतंकी बम धमकों को याद करते हुए कहा कि जिन आतंकियों ने अयोध्या में राम मंदिर, वाराणसी में संकट मोचन मंदिर, विभिन्न न्यायालयों और रामपुर में सीआरपीएफ कैंप पर हमला किया था, सपा सरकार ने उन मुकदमों को वापस लेने का कुत्सित प्रयास किया था। तब न्यायपालिका ने इन्हें लताड़ते हुए यहां तक पूछा था कि आज आप लोग आतंकवादियों के मुकदमों को वापस ले रहे हो, कल इन्हें पद्म पुरस्कार भी दोगे क्या?

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय सुहागनगरी फिरोजाबाद का कांच का उत्पाद बंदी की कगार पर चला गया था। अधिकारी परेशान करते थे। 2017 में हमारी सरकार बनते ही हमने कहा कि किसी व्यवसाई को परेशान किया तो बोरिया बिस्तर बांध देंगे। आज पूरी दुनिया में फिरोजाबाद का ग्लास छा रहा है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के मेनिफेस्टो को आधार बनाते हुए कहा कि इन लोगों के मंसूबे बहुत ही खतरनाक हैं। इन्होंने 1947 में देश को बांटा अब अपने मेनिफेस्टो में कहते हैं कि देश के लोगों की संपत्ति का सर्वे कराएंगे, उसपर विरासत टैक्स लगाएंगे और आधी संपत्ति पर कब्जा करके बांट देंगे। इन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या और आबादी बढ़ाने वाले तत्वों को आपकी संपत्ति बांटकर भारत का तालिबानीकरण करना चाहते हैं। सीएम ने कहा कि कांग्रेस एससी, एसटी ओर ओबीसी के आरक्षण के हक पर डकैती डालना चाहती है और इसमें सपा उसका साथ दे रही है। ये अब भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की धरती पर गोकशी की छूट देना चाहते हैं। क्या राम और कृष्ण के भक्त कभी इसे स्वीकार करेंगे। कांग्रेस व्यक्तिगत कानून को फिर से लागू करके तीन तलाक को दोबारा लागू कराना चाहती है। देश में माओवादी अपसंस्कृति को लागू करना चाहती है। ये डिस्कवरी ऑफ इंडिया वाले लोग हैं। जनता को अब भारत, राम और कृष्ण के अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न खड़ा करने वालों के अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न खड़ा करना होगा।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष राकेश शंखवार, लोकसभा प्रभरी शिव शंकर शर्मा, सुनील पांडेय, वृंदावन लाल गुप्ता, सांसद चंद्रसेन जादौन, विधायक मनीष असीजा, प्रेमपाल सिंह धनखड़, महापौर कामिनी राठौर, जिला पंचायत अध्यक्ष हर्षिता सिंह, लोकसभा प्रत्याशी ठाकुर विश्वदीप सिंह सहित अन्य गणमान्य शामिल रहे।

# कांग्रेस और सपा का दोबारा मेल धोखा देने के लिए हुआ है: योगी

**औरैया, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस, सपा, बसपा के समय गरीब भूखों मरता था। सपा के लोग वसूली करते थे। माफिया सत्ता पर हावी होकर गरीबों की जमीनों पर कब्जा करते थे। इनके पास गरीबों को देने के लिए कुछ नहीं था, लेकिन सपा ने आतंकियों के मुकदमों को वापस लेने का कार्य किया था। गरीब भूखों मरता था और यह लोग आतंकियों को बिरयानी खिलाते थे। कांग्रेस व सपा का फिर से गठबंधन देश को धोखा देने के लिए हुआ है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को औरैया के जनता महाविद्यालय, अजीतमल में जनसभा को संबोधित किया। सीएम ने इटावा के सांसद व भाजपा उम्मीदवार रामशंकर कठेरिया को फिर से 'दिल्ली' भेजने की अपील की। सीएम योगी ने कहा कि मोदी जी ने दस वर्ष में भारत के सर्वांगीण विकास, आपके और आपके भावी पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के लिए कार्य किए हैं। देश में अब सुरक्षा का माहौल है। पटाखा फूटने पर अब पाकिस्तान तुरंत ही सफाई देता है कि मेरा कोई हाथ नहीं है। उसे पता है कि अगर हाथ हुआ तो पाकिस्तान साफ हो जाएगा।

सीएम योगी ने आमजन से पूछा कि आतंकवाद, नक्सलवाद का जनक कौन



है। औरैया को विकास और एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज से किसने वंचित किया था। मोदी जी के नेतृत्व में नए-नए संस्थान खुल रहे हैं। कांग्रेस, सपा-बसपा ने कुल मिलाकर जितना कार्य नहीं किया, मोदी जी ने 10 वर्ष में उससे अधिक कार्य कर दिया। सीएम ने पीएम मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों को भी गिनाया। सीएम योगी ने कहा कि यह लोग अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ी जातियों के हकों पर डकैती डालने का कार्य कर रहे हैं। अपने घोषणा पत्र में कांग्रेस कह रही है कि पिछड़ी जाति को मिलने वाले 27 फीसदी आरक्षण में मुसलमानों को भी शामिल कर उन्हें लाभ देंगे। बाबा साहेब आंबेडकर ने विरोध किया था कि धार्मिक आधार पर देश में आरक्षण नहीं हो सकता, लेकिन यह लोग धार्मिक आधार पर समाज को बांटकर देश के विभाजन की नींव रखना चाहते हैं। यह लोग अनुसूचित जाति के अधिकारों पर कुठाराघात करना चाहते हैं। यूपीए सरकार के समय ऐसे प्रयास प्रारंभ हुए थे। भाजपा ने विरोध करते हुए कहा था कि अनुसूचित जाति, जनजाति को संविधान प्रदत्त अधिकार मिलने से कोई वंचित करेगा तो भीषण आंदोलन करेंगे। भाजपा ने आंदोलन भी किया था।

सीएम योगी ने कहा कि 1947 में कांग्रेस ने देश को बांटा, अब भारतवासियों के संपत्ति का एक्सरे कराकर विरासत टैक्स लगाने की बात कह रही है। आपके दादा-पिता की कमाई गई संपत्ति में से आधी पर कांग्रेस व सपा का अधिकार हो जाएगा। यह लोग कह रहे हैं कि अल्पसंख्यकों को रूचि के अनुसार खानपान की स्वतंत्रता देंगे। सीएम ने पूछा कि भारत में अल्पसंख्यक व बहुसंख्यक का भोजन अलग है क्या। हमारा बहुसंख्यक समाज गोमांस नहीं खाता पर यह अल्पसंख्यकों को गोकशी की छूट देंगे। कांग्रेस व सपा की इस मांग को स्वीकार नहीं करना है। यह आस्था से खिलवाड़ है।

सीएम ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय सपा-बसपा के लोग इन्हें सपोर्ट कर रहे थे। तब कांग्रेस ने हमारे आराध्य देवों के अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा किया था। आज अयोध्या में रामलला विराजमान हो गए। काशी और अयोध्या पूरा हो गए, अब हम ब्रज भूमि की तरफ चल रहे हैं। भाजपा ने कहा कि भारत की आस्था का सम्मान होगा और समान नागरिक कानून लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि यूपी में अब तक हुए 16 में से सभी 16 सीटों पर भाजपा व सहयोगी दल जीत रहे हैं। 80 की 80 सीटें भाजपा जीतेगी।

सीएम ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह की मृत्यु पर मैं उनके घर श्रद्धांजलि देने गया। पीएम मोदी ने संवेदना व्यक्त की। सपा ने कल्याण सिंह की मृत्यु पर संवेदना के एक भी शब्द व्यक्त नहीं किए और माफिया के घर फातिहा पढ़ने चले गए। सीएम ने आह्वान किया कि ऐसी सपा को स्वीकार नहीं करना है। ऐसे लोगों को फिर से फातिहा पढ़ने भेज दीजिए। आपके लिए मेडिकल कॉलेज भी भारतीय जनता पार्टी ने दिया है। भाजपा सुरक्षा व समृद्धि के लिए कार्य करेगी। इस अवसर पर योगी सरकार के मंत्री राकेश सचान, अजीत पाल, भाजपा सांसद व उम्मीदवार रामशंकर कठेरिया, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व सांसद गीता शाक्य, प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह, विधायक सरिता भदौरिया, गुड़िया कठेरिया, पूर्व मंत्री लाखन सिंह राजपूत, पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, प्रेमदास कठेरिया आदि मौजूद रहे।

### बाबा जी तुम अपराधी ठोको, हम वोट ठोकेंगे

**औरैया, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** यूं तो बच्चों को वोट देने का अधिकार नहीं है, लेकिन सीएम योगी की औरैया रैली में बच्चों ने भी अपने मनोभाव प्रकट किए। एक बच्चा तख्ती लेकर पहुंचा और लहराया। तख्ती पर लिखा था बाबा जी तुम अपराधी ठोको, हम वोट ठोकेंगे। मासूम के यह मनोभाव बताते हैं कि माफिया के हौसले पस्त और योगीराज में आमजन मस्त है।

# यूपी में आसान नहीं गोकशी, 10 साल की जेल और 5 लाख के जुर्माने का प्रावधान

**लखनऊ, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कांग्रेस के मैनिफेस्टो में अल्पसंख्यकों को खानपान की आजादी को लेकर लगातार हमला कर रहे हैं। शुक्रवार को अपनी रैलियों के अलावा शनिवार को उन्होंने अपने सरकारी आवास पर भी मीडिया से बातचीत में इस मुद्दे को उठाते हुए कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर गोमांस को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस देश का हिंदू गोमांस से पूरी तरह से परहेज करता है। गाय उसके लिए मां के समान है। कांग्रेस मुसलमानों को इसकी छूट देने का कुत्सित प्रयास कर रही है। यह कोई भी स्वीकार नहीं करेगा। मालूम हो कि उत्तर प्रदेश ने गोहत्या को लेकर प्रदेश में पहले से ही कड़ा कानून बना रखा है। इसके तहत, प्रदेश में गोकशी पर 10 साल की सजा और 5 लाख तक के जुर्माने का प्रावधान है। वहीं, गोवंश के अंगभंग पर सात साल की जेल और 3 लाख के जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

योगी सरकार ने 2020 में ही गोकशी पर अध्यादेश लाने के साथ इसे कानून का रूप दिया था। उत्तर प्रदेश गोवध निवारण (संशोधन) अधिनियम 2020 में योगी सरकार ने कई नए प्राविधानों को जोड़ा था, जिससे प्रदेश में गोकशी करना आसान नहीं रह गया है। इसके तहत, उत्तर प्रदेश में गोकशी या गोवंश की तस्करी के अपराधों में सजा और कड़ी कर दी गई है। इस अधिनियम के तहत गोवंश की तस्करी पर 10 साल तक की जेल और दोबारा दोषी पाए जाने पर सजा दोगुनी हो सकती है। इससे पूर्व के कानून में गोवंश के वध या इस नीयत से तस्करी पर न्यूनतम सजा का प्रावधान नहीं था। लेकिन संशोधित अधिनियम में गोकशी पर न्यूनतम 3 साल की सजा और न्यूनतम 3 लाख जुर्माना तय किया गया है। वहीं, गोवंश को अंगभंग करने पर भी कम से कम 1 साल की सजा और 1 लाख का न्यूनतम जुर्माना होगा। अधिनियम में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जो कोई किसी गाय या उसके गोवंश को ऐसी शारीरिक क्षति करता है, जो उसके जीवन को संकट में डाले या अंग भंग करे, उस व्यक्ति पर एक वर्ष से साथ वर्ष तक की सजा और एक लाख रुपए से तीन लाख रुपए तक के जुर्माने से दंडित किया जाएगा।

# गर्मी का असर कम करेंगे योग के ये आसन



साधारणत: शरीर में मेटाबॉलिज्म की क्रिया होती रहती है। उससे उत्पन्न ऊष्मा को संतुलित रखने के लिए 24 घंटे में लगभग 900 मिली पसीना त्वचा से निकलता है, परन्तु तेज धूप में इतना पसीना डेढ़ घंटे में निकल जाता है। बढ़ी हुई गर्मी के कारण उल्टी, घबराहट, सिरदर्द, मुंह सूखना, आंखों और हाथ-पैरों में जलन, सारे बदन में दर्द कमजोरी आदि परेशानियां होती हैं। यौगिक क्रियाओं, आसनों और प्राणायाम का अभ्यास किया जाए तो इन समस्याओं की आशंका काफी कम हो जाती है।

**शीतली प्राणायाम:** जिस प्राणायाम के अभ्यास से शीतलता का आभास हो या फिर अत्यधिक शीतलता की अनुभूति हो, उसे शीतली प्राणायाम कहते हैं। यह प्राणायाम तनमन को काफी शीतल करता है।

**विधि :** इसके लिए पद्मासन या फिर सुखासन में बैठ जाएं। दोनों हाथ की अंगुलियों को ज्ञान मुद्रा में दोनों घुटनों पर रखें, आंखें बन्द करें। कमर, गर्दन और मेरुदंड को बिल्कुल सीधा रखें। उसके बाद जीभ को नली के समान गोल बनाते हुए आवाज के साथ सांस भरें। इसके बाद आंखें बंद करते हुए अपनी क्षमतानुसार श्वास रोकें। फिर बिना आवाज किए दोनों नासिका के छिद्रों से श्वास बाहर निकालें। यह इस प्राणायाम का एक चक्र हुआ। कम से कम 15 चक्रों का अभ्यास करें।

**लाभ :** इस प्राणायाम से रक्त शुद्ध होता है। बल और सौंदर्य बढ़ता है। यह उच्च रक्तचाप और अम्ल में रामबाण का काम करता है। चिड़चिड़ापन, बात-बात में क्रोध आना, तनाव तथा गर्म स्वभाव के व्यक्तियों के लिए यह विशेष लाभप्रद है।

**सावधानियां :** निम्न रक्तचाप, अस्थमा, ज्यादा कफ वाले और गले के रोगी इसका अभ्यास न करें।

# अरबी पत्ते के अनोखे फायदे

अरबी के पत्तों के बारे में शायद ही ज्यादा लोग जानते हों लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये हरी सब्जी से भी ज्यादा फायदेमंद होते हैं। आसानी से मिलने के बावजूद अरबी के पत्ते बहुत ज्यादा लोकप्रिय नहीं है।अरबी की पत्तियों को खाने से कई तरह के रोगों से निजात भी पाई जा सकता है।अरबी पत्ते के बने पकौड़े और सब्जी लोग खूब खाना पसंद करते हैं। स्वाद के साथ-साथ अगर देखा जाए तो अरबी पत्ता एक बेहतरीन औषधी भी है। इसमें विटामिन ,क्नष्ट कैल्शियम, पोटेशियम और एंटी-ऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं जो शरीर के लिए काफी फायदेमंद साबित होते हैं। इसके सेवन से आप शरीर की कई समस्याओं से निजात पा सकते हैं।



**जोड़ो का दर्द:** अगर आपके जोड़ों में ज्यादा दर्द रहता है तो ऐसे में आपको रोजाना अरबी पत्ते का सेवन करना चाहिए। इसके सेवन से आपको दर्द में काफी राहत मिलेगी।

**पेट से जुड़ी परेशानी:** अगर आपको पेट संबंधी कोई भी समस्या है तो अरबी के पत्ते आपके लिए बहुत फायदेमंद हो सकते हैं। अरबी के पत्ते को डंठल के साथ पानी में उबाल लें। इस पानी में थोड़ा घी मिलाकर 3 दिनों तक कम से कम दो बार लें। इससे आपको काफी फायदा मिलेगा।

**आंखों की रोशनी तेज:** अरबी के पत्तों में विटामिन ए काफी मात्र में पाया जाता है जो आंखों के लिए काफी फायदेमंद साबित होता है। इससे आंखों की रोशनी तेज होती है और आंखों की मांसपेशियों को मजबूती मिलती है।

**ब्लड प्रैशर:** इसके पत्तों में सोडियम, पोटैशियम और मैग्नीशियम जैसे तत्व अधिक मात्र में पाए जाते हैं जो ब्लड प्रैशर को कंट्रोल रखने में मदद करते हैं।

वजन कम-वजन कम करने के लिए भी यह काफी कारगार है। इसमें मौजूद फाइबर मेटाबॉलिज्म को सक्रिय बनाते हैं जिससे वजन को कंट्रोल में रखा जा सकता है।

## रोज खाएं 1 आम, फिर देखें कमाल

आम फलों का राजा है। गर्मी के मौसम में आम खाना सभी को पसंद होता है। यह सेहत के लिए भी फायदेमंद है। इसमें भरपूर मात्रा में पोषक तत्व पाए जाते है जो कई बीमारियों से बचाते है। इसके सेवन से मोटापा कम होता है और स्किन को भी फायदा पहुंचता है। आइए जानिए आम खाने के फायदों के बारे में 1.कैंसर: आम के रोजाना सेवन से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से छुटकारा पाया जा सकता है। इसमें मौजूद एंटी ऑक्साइड, विटामिन सी और फाइबर कैंसर को बढ़ने से रोकते है। 2. याददाश्त बढ़ाने में करें मदद : अगर आप भी कुछ रख कर भूल जाते है तो आम का सेवन करें। इसमें ग्लूटामिन नामक एसिड पाया जाता है जो कि याददाश्त बढ़ाने का काम करता है। 3.मोटापा : आम में लेप्टिन तत्व भरपूर मात्रा में पाया जाता है। जिससे भूख कम लगती है और शरीर का वजन कंट्रोल में रहता है। इसके साथ ही आम की गुठली शरीर में बढ़ी हुई चर्बी और वसा को भी कम करती है। 4.आंखों के लिए फायदेमंद: आम में विटामिन ए बहुत अधिक मात्रा में पाया जाता है जो आंखों के लिए बहुत फायदेमंद है। इसीलिए इसके नियमित सेवन से आंखें स्वस्थ रहती हैं और यह आंखों की रोशनी बढ़ाने के साथ-साथ मोतियाबिंद जैसी समस्या से भी छुटकारा दिलाता है।



# बच्चों के समर वेकेशन को यादगार बनाएंगे ये 6 टिप्स

गर्मी की छुट्टियों का बच्चों को बेसब्री से इंतजार रहता है। बच्चों के लिए गर्मी की छुट्टियों का मतलब होता है ढेर सारी मौज और मस्ती। न सुबह जल्दी उठने की चिंता और न स्कूल जाने की टेंशन। इन छुट्टियों के दौरान ही बच्चों के पास समय होता है कि वह पढ़ाई से हटकर अपने मन की चीजें कर सकें। इससे उन्हें क्रिएटिव बनने में मदद मिलती है। ऐसे में पैरंट्स भी अपने बच्चों के समर वकेशन को यादगार बनाने के लिए कुछ टिप्स आजमां सकते हैं...

### बन जाएं बच्चा

पढ़ाई और रूटीन में बंधे बच्चों के लिए जरूरी है कि छुट्टियों में उनके साथ टिपिकल ममी बनने के बजाए बच्चे बनकर फुल मस्ती करें, जिससे वह एंजॉय कर सकें। एलबम तैयार करें और उसके हर पल को यादगार बनाएं, घुमाने लेकर जाएं और जो वह करना चाहता है, उसे करने दें, जिससे वह अपनी छुट्टियों को दिल से एंजॉय कर सके।

### अच्छी आदत डिवेलप करें जरूर

छुट्टियों में बच्चों में अच्छी आदत डिवेलप करें। उन्हें अपना काम खुद करने दें। दूसरों का ख्याल कैसे रखना है, अपने से छोटों की और जरूरतमंदों की मदद किस तरह करनी है। बच्चों के किए गए अच्छे कामों की प्रशंसा भी करें, जो उन्हें प्रोत्साहित करेंगे।

### बच्चों की कमी करें दूर

छुट्टियों में बच्चों की कमियां दूर करने की कोशिश करें, जैसे किसी बच्चे ही हैंड राइटिंग खराब है या किसी बच्चे को झूठ बोलने की आदत है तो ऐसे में कोशिश करें कि बच्चों की बैड हैबिट और कमियों को कैसे दूर किया जाए। वह भी प्यार से करें, जिससे बच्चा इसे खेल-खेल में सीख जाए और इसे अपनाए।

### हॉबीज को निखारें

हर बच्चे में टैलंट होता है। कोई अच्छा गिटार बजाता है तो कोई अच्छा डांस करता है, लेकिन पढ़ाई के बोझ तले हम इसे इग्नोर कर देते हैं। पैरंट्स के लिए जरूरी है कि बच्चों को इन छुट्टियों में उसका हुनर निखारने का मौका दें। इससे वे काफी बातें सीखेंगे और अपने हुनर निखारेंगे।

### नई चीजें सिखाएं

यही सही समय होता है, जब बच्चे कुछ नया सीख सकते हैं। बच्चों के लिए समर कैंप लगाए जाते हैं या कुछ संस्थाओं की ओर से कलात्मक एवं रचनात्मक गतिविधियां सिखाई जाती हैं। इसके साथ ही बच्चों को नई ऐक्टिविटीज सिखाएं, जिससे वह खुद की रूचि किस में है और किसमें नहीं, ये पहचान सकें।

### रिश्ते करें मजबूत

गर्मी की छुट्टी में ही ऐसा वक्त मिलता है, जब आप अपने बच्चे के साथ बॉन्डिंग मजबूत कर सकते हैं। क्योंकि बाकी दिनों में तो वे अपने स्कूल के होमवर्क और खेल में ही व्यस्त होते हैं। वहीं, आप भी अपनी जॉब के कारण दिन में उसके लिए वक्त नहीं निकाल पाते। इसलिए इस टाइम का भरपूर इस्तेमाल करें।

# समय पर डायपर बदलना है बहुत जरूरी



बच्चों का डायपर समय पर नहीं बदलने से उनमें यूरिनरी इंफेक्शन हो सकता है। इस इंफेक्शन को समय पर कंट्रोल नहीं किया गया, तो किडनी में इंफेक्शन हो सकता है। इंफेक्शन की वजह से किडनी फेल होने का खतरा भी बढ़ जाता है। आजकल यह समस्या शी बेबी में ज्यादा देखने को मिल रही है। डायपर गंदा होने से बैक्टीरिया यूरिन वाले रास्ते में चले जाते हैं। कई बार गंदा पानी यूरिन वाले रास्ते में चला जाता है, जो इंफेक्शन की बड़ी वजह बन सकता है।

### डी-हाइड्रेशन से बढ़ती है यूरिन इंफेक्शन की आशंका

हाइजीन के अलावा कब्ज रहने से भी बच्चे को यूरिनरी इंफेक्शन हो सकता है। कब्ज की वजह से यूरिनरी पार्ट पर दबाब पड़ता है। इससे बार-बार यूरिन में इंफेक्शन होता है। यूरिनल ब्लेडर या स्पाइनल कॉर्ड में जन्मजात विकृति होने से यूरिनरी इंफेक्शन हो जाता है।

लड़कियों में इस प्रॉब्लम का बड़ा कारण स्कूल के टॉयलेट का साफ नहीं होना भी है। टॉयलेट साफ नहीं होने से लड़कियां वॉशरूम नहीं जाती हैं। यूरिन को कंट्रोल करने पर यूरिनरी ब्लेडर की दीवार पर एसिड का दबाव पड़ता है। इससे दीवार खराब होने से यूरिनरी ब्लेडर खराब हो जाता है। यूरिन बार-बार लीक होता है। बच्चियों को इंफेक्शन नहीं हो पाए, इसके लिए यूरिन होल्ड नहीं करें।

हर दो-तीन घंटे में यूरिनल ब्लेडर को खाली करें ताकि इंफेक्शन नहीं हो पाएं। यूरिन नहीं जाने की वजह से लड़कियां पानी कम पीती हैं। डिहाइड्रेशन होने से यूरिन में इंफेक्शन की आशंका बढ़ जाती है। इंफेक्शन से बचने के लिए लड़कियां छह से सात बार यूरिन जाएं। डेढ़ लीटर तक पानी पिएं।

### ये हैं लक्षण

बच्चों का चिड़चिड़ा होना, उल्टी होना, बार-बार बुखार आना, यूरिन में जलन और दून कम रहना, किडनी से जुड़ी समस्याएं।

### किडनी इंफेक्शन से बढ़ता है बीपी

अपोलो हॉस्पिटल के नेफ्रोलॉजिस्ट पीडियाट्रिक डॉ. वासुदेव के अनुसार, किडनी में इंफेक्शन होने से ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। इससे किडनी फेल हो सकती है। कॉन्जिनाइटेल नेफ्रोटिक सिंड्रोम की वजह से बच्चे की किडनी से प्रोटीन लीक होता है। प्रोटीन लीक होने और इसकी कमी से बॉडी और आंखों पर सूजन जाती है। आंखों में सूजन आने, शरीर में किसी भी पार्ट में पानी भरने पर जांच करवाना चाहिए। इस सिंड्रोम के कारण बच्चे की ग्रोथ नहीं हो पाती है। ना ही बच्चे का वजन बढ़ पाता है। यूरिनरी इंफेक्शन से किडनी इंफेक्शन में बदल जाता है।

# इन पौधों को घर पर लगाने से घर रहेगा ठंडा

बहुत ज्यादा गर्मी में मन में यही तमन्ना उठती है कि कुछ ऐसा किया जाए कि अपने आस-पास का वातावरण बिल्कुल ठंडा-सा ही महसूस हो। ऐसे में आप अपने घर में कुछ विशेष तरह के पेड़-पौधे लगा कर घर को ठंडा रख सकती हैं। यह बात सच है कि आजकल के घरों में अधिक पेड़-पौधों के लिए जगह नहीं होती, परंतु यदि आपको बागवानी का शौक है तो आप घर की बालकनी में या खिडकी के बॉक्स में विशेष तरह के पौधे लगा सकती हैं। ये पौधे घर की हवा को ताजा रखते हैं हवा को शुद्ध करते हैं और घर तथा आसपास के वातावरण को ठंडा रखते हैं।

**एलोवेरा का पौधा :** यह बहुत ही लाभदायक और रिफ्रेशिंग पौधा है, जिसे घर में लगाया जा सकता है। यह न केवल घर के तापमान को कम रखता है, बल्कि हवा से नुकसानदायक फॉर्मेडिहाईड को भी दूर करता है।

**स्नेक प्लांट :** यह एक अनोखा पौधा है। यह



ना केवल तापमान को कम रखता है बल्कि यह हवा को शुद्ध बनाता है।

**ऐरेका पाम ट्री :** यह पौधा प्राकृतिक रूप से नमी को बनाए रखता है जिससे आपका घर ठंडा और आरामदायक लगता है। यह हवा से नुकसानदायक पदार्थों को भी दूर करता है।

**फिचुस ट्री :** इसे वीपिंग फिग के नाम से भी जाना जाता है। यह कमरे की हवा को साफ करता है और गर्मी को सोख लेता है। इसकी देखभाल करना आसान होता है क्योंकि यह कम प्रकाश और कम पानी में भी रह सकता है। तापमान को कम रखने के साथ-साथ यह हवा के प्रदूषण को भी कम करता है।

**बेबी रबर प्लांट :** जब ऐसे पौधों की बात आती है जो कमरे को ठंडा और तरोताजा रखते हैं और हवा से अशुद्धियों को दूर करते हैं तो इसमें बेबी रबर प्लांट का नाम जरूर आता है। इसे नियमित तौर पर पानी देने की जरूरत नहीं होती बल्कि इसे अच्छी मिट्टी और फिल्टर्ड लाइट की आवश्यकता होती है।

**फर्न :** फर्न नमी को बनाए रखने के लिए सबसे उत्तम है। कमरे की हवा को साफ करने और तरोताजा करने के साथ-साथ यह गर्मी को भी कम करता है। अपनी बालकनी में फर्न का पौधा रखें। यह बहुत अच्छा दिखता है।

**गोल्डन पोथोस :** इसे सिल्वर लाईन या डेविल्स एवी भी कहा जाता है। इसकी सदाबहार पत्तियां आपके कमरे की शोभा बढ़ाती हैं और साथ ही साथ यह हवा से अशुद्धियों को हटाता है और गर्मियों में घर को ठंडा रखता है। इसे रखना आसान होता है और इसे अधिक पानी की आवश्यकता नहीं होती।

# गर्मियों में बच्चों के बालों की ऐसे करें देखभाल

गर्मी की छुट्टियों में माता-पिता के लिए अपने बच्चों के बालों की देखभाल करना जरूरी है। गर्मी के महीनों में किसी भी प्रकार के इन्फेक्शन से बचने के लिए बालों को साफ रखना चाहिए। बच्चों को सोने जाने से पहले उनके बालों को बांधकर चोटी बना दें। त्वचा विशेषज्ञ इंदु के अनुसार बच्चों के बालों की कुछ खास देखभाल करनी चाहिए। आज हम आपको बच्चों के बालों की देखभाल से जुड़ी जानकारी दे रहे हैं।

» 3 साल से 10 साल और वयस्कों के बालों को बीच के अंतर को समझें और इसी के अनुसार सही उत्पाद का इस्तेमाल करें।

» बच्चों के शैम्पू में पीएच की मात्रा 5.5-6 के बीच होनी चाहिए क्योंकि 5.5 से ज्यादा का पीएच का शैम्पू स्कैल्प के ऊपरी सतह को नुकसान पहुंचा सकता है और बाल टूटने लगते हैं।



» बच्चों के सोने जाने से पहले उनके बालों को बांधे और चोटी बना दें। रात में बालों में कोई क्लिप नहीं लगाएं क्योंकि बाल उलझ सकते हैं और टूट सकते हैं।

» बच्चों के बालों को सौम्य शैम्पू से धुलें, जो उनके बालों को अच्छी तरह से साफ करें और उनके स्कैल्प को स्वस्थ रखें।

» बच्चों का छायादार जगह में खेलना सुनिश्चित करें और अगर वे बाहर जा रहे हों तो उन्हें कैप पहनाकर या सिर ढककर बाहर भेजें।

» आमतौर पर अधिकतर माताओं को यह चिंता होती है कि शैम्पू कहीं उनके बच्चे की आंखों को नुकसान नहीं पहुंचा दें और आंखों में जलन न होने लगे, इसलिए सौम्य शैम्पू का इस्तेमाल ही करें, जो उनके आंखों को भी सुरक्षित रखे।

» प्राकृतिक और मॉइश्चराइजर युक्त उत्पाद का इस्तेमाल करें, जिससे बालों पोषण मिलने के साथ ही कंघी करने में भी आसानी रहे।

# शीशे की क्रॉकरी हमेशा रहेगी चमकदार



सफाई को लेकर थोड़ी-सी लापरवाही का असर ग्लास की क्रॉकरी पर तुरंत नजर आने लगता है। कैसे बरकरार रखें इनकी चमक हमेशा, आइए जानें:

1 ग्लास की क्रॉकरी को साफ करने के लिए हमेशा गर्म या गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। इनकी सफाई के लिए डिटर्जेंट का इस्तेमाल भी बहुत कम मात्रा में ही करें। गर्म पानी चिकनाई के साथ-साथ बैक्टीरिया को भी पूरी तरह से खत्म कर देगा।

2 चाहती हैं कि आपकी पसंदीदा ग्लास क्रॉकरी पर जिद्दी निशान न पड़ें तो इस्तेमाल के तुरंत बाद उन्हें गुनगुने पानी से धो दें।

3 एक टब में तीन से चार कप पानी डालें और उसमें थोड़ा-सा विनिगर डालें। अपनी क्रॉकरी को गुनगुने पानी से धोने के बाद विनिगर वाले इस मिश्रण में थोड़ी देर के लिए डुबो दें। इसके बाद क्रॉकरी को पानी से नहीं धोएं।

4 गुनगुने पानी से क्रॉकरी को धोने के बाद उन पर नीबू के टुकड़ों को रगड़े। क्रॉकरी से सारे निशान गायब हो जाएंगे। इसके बाद पानी से क्रॉकरी को एक बार और धो लें।

5 ब्रश पर टूथपेस्ट लगाकर पूरी क्रॉकरी को साफ करें और उसके बाद गुनगुने पानी से क्रॉकरी को धो लें। टूथपेस्ट पूरी क्रॉकरी में लगाएं।

## रेसिपी




### रवा कोकोनट उपमा

#### सामग्री

1 कप रवा, 1 प्याज, 2-3 हरी मिर्च, एक छोटा टुकड़ा अदरक, 2 चम्मच कुटा हुआ नारियल, आवश्यकतानुसार पानी, 2 चम्मच घी, 2 चम्मच तेल, 1/2 चम्मच सरसों दाना, 1 चम्मच उड़द दाल, 1 चम्मच चना दाल, 2 साबुत सूखी लाल मिर्च, 8-10 काजू, 5-6 करी पत्ते

#### विधि

एक पैन में घी डालकर धीमी आंच में गरम करें फिर इसमें रवा डालकर अच्छे से भूनकर अलग रख लें। प्याज, अदरक और हरी मिर्च को छोटे टुकड़ों में काट लें। कुटे हुए नारियल में एक चौथाई पानी डालकर अच्छे से दोनों को मिक्स कर लें। अब इसी पैन में थोड़ा और तेल डालें और सरसों दाना, उड़द दाल और चना दाल फ्राई कर लें। पैन में काजू, सूखी लाल मिर्च, करी पत्ते, बारीक कटी प्याज, अदरक और हरी मिर्च डालकर भून लें। अब इसमे नारियल और पानी का मिश्रण मिलाएं। थोड़ा और पानी और नमक डालकर उबाल आने तक का इंतजार करें। उबाल आते ही इसमें रवा डालें और साथ-साथ कड़छी से चलाते रहें। जब यह तैयार हो जाए तो ऊपर से 1 चम्मच घी मिला लें। गर्मागर्म सर्व करें रवा कोकोनट उपमा।



### गुलाब की खीर

#### सामग्री

4 कप दूध, एक कप चावल, एक छोटा चम्मच, इलायची पाउडर, एक कप चीनी, 10 पिस्ता, 10 किशमिश, एक चम्मच गुलाबजल, 1 बड़ा चम्मच गुलकंद, 10-12 गुलाब की पंखुडियां

#### विधि

दूध को गहरे तले के बर्तन में डालकर मध्यम आंच पर रखें। जब यह उबलने लगे तब इसमें चीनी और चावल मिक्स करें। ऊपर से इलायची पाउडर डालकर दूध को 10 मिनट और पकाएं। इसे बीच-बीच में चलाते रहें। मिश्रण को तब तक पकाएं जब तक कि चावल टूटकर पूरी तरह से पक न जाए। अब खीर को आंच से उतारें, फिर इसे ठंडा करके फ्रिज में रख दें। सर्व करने से पहले इसमें गुलाब की पंखुडियां, गुलाबजल और गुलकंद मिक्स करें।

जिज्ञासा

# इंसानों से ज्यादा टेक्नीकली साउंड होते हैं कौवे



**कौवे** हमारी सोच से कहीं अधिक चतुर होते हैं। उनमें सीखने और नए साधनों का इस्तेमाल करने की समझ होती है। यही कारण है कि जब आप उन पर बंदूक से निशाना लगाने की नकल भी कर रहे हों तो वे छतों और खम्भों से उड़ जाते हैं। विज्ञान पत्रिका 'पब्लिक लाइब्रेरी ऑफसाइंस' में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार ऑकलैंड (न्यूजीलैंड) और कैम्ब्रिज (ब्रिटेन) विश्वविद्यालयों द्वारा कराए गए शोध से पता चला है कि कौवे नए उपकरणों से सीखने की प्रक्रिया में सतत लगे रहते हैं। एक बहुत पुरानी कहानी के मुताबिक एक प्यासा कौवा मटके में पानी का स्तर उपर लाने के लिए उसमें तब तक पत्थर डालता रहता है, जब तक कि पानी का स्तर उसकी पहुंच में नहीं आ जाता। उस वक्त कौवा पानी का स्तर ऊपर लाने के लिए छोटे पत्थरों मटके में डालता है न कि बड़े पत्थर।

विश्वविद्यालय के एक बयान के अनुसार कुछ प्रयोगों से पता चला है कि कौवों का प्रदर्शन सीखने की साधारण प्रक्रिया पर आधारित नही होता है। कौवों में दरअसल यह समझने की शक्ति होती है कि वास्तव में कोई भी काम किस तरह से किया जा सकता। इसी वजह से अध्ययन के सह-लेखकों ने यह निष्कर्ष निकाला कि कौवे के सरल साहचर्य के पीछे उनकी संज्ञानात्मक प्रक्रिया होती है, जिससे वे नये साधनों या फिर उपकरणों की जानकारी जुटाने में सक्षम होते हैं।

# हमारा इतिहास क्या हमारा ही इतिहास है ?

**आपको** लगता है कि नहीं पता नहीं, पर मुझे तो यही लगता है कि आज जो हमारा इतिहास पढ़ाया जाता है वह वास्तव में हमारा इतिहास है ही नहीं। वह तो उन क्रूर, कुटिल, अत्याचारी और हत्यारे लोगों का इतिहास है जिन्होंने अत्याचार और मक्कारी के बल पर भारत पर जबरन कब्जा कर लिया था। और दुख की बात तो यह है कि, आज पढ़ाए जाने वाले इतिहास में उन्हीं लोगों को ही महान बताया जाता है।

मुगल काल का इतिहास मुगलों के द्वारा और अंग्रेजों के समय का इतिहास अंग्रेजों के द्वारा लिखा गया है। अब जाहिर है कि मुगल मुगलों की और अंग्रेज ईसाइयों की श्रेष्ठता ही बयान करने की कोशिश करेगा और उसी हिसाब से वास्तविक घटनाओं को तोड़-मरोड़ कर ही इतिहास लिखेगा। मुगलों और अंग्रेजों, दोनो ही के इतिहासकारों को अच्छी तरह से मालूम था कि अत्यन्त प्राचीन काल से समस्त विश्व को ज्ञान, विज्ञान और गणित की शिक्षा प्रदान करने वाले भारत का अपना एक अनूठा इतिहास रहा है। किन्तु यदि वे भारत के उस सच्चे इतिहास को लिखते तो स्वयं को श्रेष्ठ कैसे सिद्ध कर पाते ? स्वयं को श्रेष्ठ सिद्ध करने के लिए उन्होंने भारत के प्राचीन राजवंशों तथा उनकी वंशावलियों को अविश्वसनीय बता दिया, अनेक भारतीय साम्राज्यों के लिखित इतिहास को गायब कर दिया और हमारे प्राचीन ग्रन्थों मे उल्लेखित इतिहास को कल्पित कथाओं का रूप दे दिया।

दुर्भाग्य की बात तो यह है कि स्वतन्त्र होने के बाद भारत की सत्ता जिन लोगों के हाथ में आई वे शक्ल-सूरत से भारतीय दिखने वाले लोग भी मन से अंग्रेज ही थे, अंग्रेजियत उनके नस-नस में खून बनकर दौड़ रही थी। भारतीय दृष्टिकोण से भारत का सही इतिहास लिखा जाना भला उन्हें कैसे गवारा होता ? पुराने इतिहास को तो उन्होंने सुधारा ही नहीं, उल्टे स्वतन्त्रता प्राप्ति के के पूर्व तथा पश्चात् के इतिहास को भी तोड़-मरोड़ कर कुछ तथाकथित विशिष्ट व्यक्तियों का इतिहास बना कर रख दिया। सारी उपलब्धियों का श्रेय उन तथाकथित विशिष्ट व्यक्तियों को दे दिया गया।

यदि आज भी हम अपने वास्तविक इतिहास को जान लें, अपनी प्राचीन संस्कृति और सभ्यता को महत्व दें, और निहित स्वार्थ को छोड़ कर विशुद्ध राष्ट्रीय भावना के साथ अपना काम करें तो संसार की कोई भी ताकत भारत को विश्व में प्रथम स्थान पाने से रोक नहीं सकती।

# कागज की कहानी

**कागज का इतिहास काफी पुराना है। हजारों साल पुराना हमारा इतिहास भी इसी के पन्नों पर दर्ज है। हैंडमेड पेपर का क्रैडिट भारत को जाता है। यहां तीसरी सदी ई.पू. के दौरान सैल्युलस फाइबर से कागज बनाया जाता था। 1938 में हरिपुरा कांग्रेस में महात्मा गांधी ने पेपरमेकिंग का तरीका सिखाया था..**



**चीन** सभ्यताओं में जब लिपि की खोज की गई, तब हर चीज को पत्थरों, मिट्टी, पेड़ के तनों और धातु की शीट पर लिखा जाता था। 1800 ई.पू. में मिस्र में वर्णमाला का विकास हुआ। कागज पर लिखने की शुरुआत सबसे पहले मिस्र में ही हुई।

कागज को अंग्रेजी में पेपर कहा जाता है। इस शब्द को मिस्र वासियों द्वारा लिखने के लिए प्रयोग किए जाने वाली 'पेपीरस' नामक वस्तु से लिया गया है। सबसे पहले मिस्र के लोगों ने पेपीरस पर लिखना शुरू किया था, जो नील नदी के किनारे उगने वाला 'नरकट' थी। वे 'नरकट' के अंदर का सफेद नर्म भाग निकाल लेते थे और पीट-पीट कर आड़ा-टेढ़ा बिछाकर मोटे कागज जैसा चपटा कर देते थे और फिर इस पर लिखा जाता था।

ईसा से 200 साल पहले चीनी फटे-पुराने मछली के जाल से कागज बनाते थे। तीन सौ साल बाद एक चीनी विद्वान साई-लदुन ने इसकी बजाय पुराने कपड़ों के चिथड़ों से कागज बनाने की सोची। उसने इनमें पेड़ों की छाल व सन के रेशे मिलाकर कागज बनाया। कागज की खोज को चीन की चार सर्वश्रेष्ठ खोजों में से एक माना जाता है।

चीन से मध्य-पूर्व एशिया के देशों से होता हुआ कागज का प्रयोग 12वीं सदी में यूरोप पहुंच गया। काली मौत के नाम से मशहूर यूरोप में फैले प्लेग ने कागज बनाने वालों का काम बहुत बढ़ा दिया। प्लेग से मरे लाखों लोगों के कपड़े कोई छूता नहीं था। उनका अक्बार लग गया। ये सभी कपड़े इन्हें मिल गए। तभी प्रिंटिंग प्रैस का भी आविष्कार हुआ था।

18वीं सदी में कागज बेहतर, सस्ता व जल्दी बनाने की खोज शुरू हुई। इसी के तहत रेने डी रामूर का ध्यान टिड्डों पर गया। उन्होंने देखा कि टिड्डे लकड़ी चबाकर उनकी लुगदी-सी बना लेते हैं, जो उनके घोंसले बनाने के काम आती है। वास्तव में कागज बनाने के लिए आज जो लकड़ी की लुगदी इस्तेमाल होती है वह रामूर की ही देन है। फिर कनेडियन खोजकर्ताओं चार्ल्स फैनर्टी और



ए.जी.केलर ने 1844 में खोज की कि कागज बनाने के लिए किस तरीके से लकड़ी को पीसा जा सकता है। उन्होंने कागज के बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए मशीनें भी तैयार कीं। इससे न्यूजप्रिंट का उत्पादन संभव हो सका।

इसके बाद कई खोजकर्ताओं ने लकड़ी से फाइबर यानी रेशे अलग करने का काम किया, लेकिन मूल तरीका आज भी टिड्डों से लिया हुआ ही है, यानी लकड़ी, पानी व ऊर्जा से कागज बनाना। हम सिर्फ अलग- अलग तरह की लकड़ियां, रसायन व मशीनें इस्तेमाल कर रहे हैं, अलग-अलग कागज बनाने के लिए।

साधारण शब्दों में कागज के कई सारे नर्म फाइबर्स को एक के ऊपर एक जोर से दबाकर तैयार किया जाता है। आज कागज को मुख्य रूप से लिखने, प्रिंटिंग और पैकेजिंग के लिए प्रयोग किया जाता है।


कागज की मोटाई को आमतौर पर कैलीपर में नापा जाता है, जो एक इंच के हजारवें हिस्से के रूप में दिया जाता है। इस प्रकार एक कागज 0.07 मिलीमीटर से लेकर 0.18 मिलीमीटर तक हो सकता है।

**रीसाइकलिंग है जरूरी**

पढ़ाई और जानकारी का जरिया भी कागज ही हैं। दुनियाभर की खबरों से आपको रूबरू कराने वाला अखबार भी कागज पर ही छपता है। कागज इतना महत्वपूर्ण होने के बावजूद अधिकतर बच्चे इसकी अहमियत नहीं जानते और पुस्तक के पन्ने फाड़ कर फेंक देते हैं। बच्चो, क्या आप जानते हैं कि कागज बनाने में लकड़ी का इस्तेमाल होता है। लाखों टन कागज बनाने में हर साल करोड़ों पेड़ काटे जाते हैं। इसलिए पुराने कागज को संभाल कर रखें और इसे रीसाइकलिंग के लिए दें। इससे हम पेड़ों को बचाकर पर्यावरण की रक्षा भी कर सकते हैं और प्रदूषण से भी बचाव होता है।

- यदि एक टन कागज रीसाइकल किया जाए, तो 17 पेड़ों को कटने से बचाया जा सकता है और साथ ही 3000 गैलन पानी की भी बचत होती है। एक पेड़ एक साल में 60 पाउंड पॉल्यूटैंट्स को फिल्टर कर सकता है।
- रीसाइकलिंग पेपर नई लकड़ी से कागज बनाने की अपेक्षा 60 फीसदी कम एनर्जी का इस्तेमाल करता है।
- पेपर प्रॉडक्ट्स दुनिया की सालाना कमर्शियल वुड हार्वेस्ट का 35 फीसदी इस्तेमाल करते हैं।
- दुनियाभर में अमेरिका और कनेडा पेपर और पेपर प्रॉडक्ट्स प्रोड्यूस करने वाले देश हैं।
- आज भी हैंडमेड पेपर्स उसी तरह बनाए जाते हैं, जैसे सदियों पहले बनाए जाते थे।

क्या आप जानते हो




- नॉटिकल मील से समुद्री दूरी मापी जाती है। एक नॉटिकल मील (6080) फुट या 1.15 के बराबर होता है। जलपोतों की गति नॉट में मापी जाती है। कोई पोत अगर (5) नॉट की गति से चल रहा है तो उसका मतलब 1 घंटे में (5) नॉटिकल मील की दूरी तय करता है।
- एटलस पर्वत श्रृखंला अफ्रीका के उत्तरी पश्चिमी क्षेत्र में स्थित है और मोरक्को, अलजीरिया और टुयुनिशिया सहित राक आफजिब्राल्टर तक फैली हुई है। इसकी लम्बाई 2400 कि. मी. है।
- अत्यधिक चमक के साथ विस्फोटित होने वाले सितारों को सुपरनोवा कहा जाता है। जब इसकी केन्द्रीय उर्जा या इन्धन समाप्त हो जाती है तो अस्थिरता के कारण इसमें विस्फोट होते हैं। नैन्युला विस्फोटित सितारों के धुलकण तथा गैस अवशेष से बने अतिविशाल धुल के कण होते हैं।
- सितारे गैसों और धुल के बादलों में बनते है जैसे सूर्य बना था। बहुत दूर अंतरिक्ष में गैसों और धुल के विशाल बादल है जिसे नेबुला कहा जाता है कुछ नेबुला चमकदार होते है और रोशनी के साथ चमकते हैं।
- धरती का सबसे करीबी तारा सूर्य है। यह धरती से 15 करोड़ 20 लाख कि.मी. दूर है और इसका व्यास हमारी पृथ्वी के व्यास से 12000 गुणा बड़ा है।
- हमारा सूर्य लगभग 1 लाख सितारों में से एक है जो आकाश गंगा कहलाते है। आकाश गंगा के उस ओर सबसे दूर तारे 80000 प्रकाश वर्ष दूर है। बताया जाता है कि लाखों अन्य आकाश गंगाएं इससे भी दूर हैं जिनमें प्रत्येक में लाखों तारे हैं।
- सुपरनोवा एक ऐसा सितारा है जो अचानक भड़क उठता है और कई लाख गुना चमकीला होता है। यह इतना चमकीला हो जाता है कि इसे दिन में भी देखा जा सकता है परन्तु, यह तुरंत ही मन्द पड़ जाता है। सुपरनोवा एक दुर्लभ द्रष्टा होता है क्योंकि, यह धमाका है जो एक बड़े सितारे के अन्त का सूचक होता है।
- रात्रि में सितारों द्वारा बनाई गई आकृति कभी नहीं बदलती। इन आकृतियों को तारामंडल कहते हैं।
- नई खोज- सौर मंडल के सबसे दूर ग्रह प्लूटो के दो और चाँद का पता चला है। फिलहाल इन दोनों उपग्रहों को एस 2005 पी1 तथा एक 2005 पी 2 नाम दिया गया है। इसे नासा का टेलिस्कोप ने देखा है।
- जहर सोखने वाला पौधा- चीन के वैज्ञानिकों ने इन दिनों जहर सोखनेवाले पौधे का खोज किया है। इससे पर्यावरण को फायदा होगा। ये पौधे पर्यावरण से आर्सेनिक, कॉपर, और जिंक सहित अन्य रासायनिक धातुओं के घातक तत्वों को सोखने में सक्षम होगें। वैज्ञानिकों का दावा है कि ईन पौधों से पर्यावरण संतुलन में फायदा होगा, साथ ही धरती की उर्वराशक्ति बढ़ेगी।

# प्रेम दो चिड़ियों का




**एक** पेंड़ की टहनी पर दो चिड़ियों में वार्ता हो रही थी। अचानक चिड़ा ने अपने साथी चिड़ियां से पूछा कि तुम मुझे कभी अकेली छोड़कर उड़ तो नहीं जायेगी ? इस पर चिड़ियां ने कहा, अगर इत्तेफॉक से मैं उड़ भी जाऊं तो तुम मुझे पकड़ लेना। चिड़ा ने कहा, फिर मैं तुम्हें पा नही सकूंगा ! यह सुनकर चिड़ियां के आंखों में आंसू आ गये तथा उसने साथी के प्रेम में अपने सारे पंख तोड़ लिये। तब उसने कहा, अब हम बराबर साथ रहेंगे।

एक दिन तेज हवावों का झोंका आया चिड़ियां घबरा गई और बोली तूफान शीघ्र आनेवाला है। मैं तो उड़ सकती नहीं, तुम कहीं सुरक्षित स्थान पर पनाह ले लो। चिड़ा बोला ठीक है पर तुम अपना ख्याल रखना। जब तूफान शांत हुआ तो चिड़ा वापस आया व देखा कि चिड़ियां स्वर्ग सिधार चुकी थी। उसी जगह पेड़ की एक टहनी पर लिखा था, काश ! एकबार यह बोला होता कि मैं तुम्हें छोड़कर नहीं जा सकता तो तूफान आने के पूर्व मरती नहीं...

अंतर बताओ



# चीन ने पेश किया एशिया का सबसे लंबा हेलीकॉप्टर




**चीन** ने एशिया का सबसे लम्बा नागरिक हेलीकॉप्टर लांच किया। देश के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के नागरिक उड्डयन विभाग ने गुरुवार को इस हेलीकॉप्टर की प्रामाणिकता का सर्टिफिकेट दिया।

समाचार पत्र 'पीपुल्स डेली' के अनुसार हेलीकॉप्टर का निर्माण करने वाली एविऐशन इंडस्ट्री कॉर्पोरेशन ऑफ चाइना (एवीआईसी) ने कहा कि अधिकारिक स्वीकृति के साथ ही 13 टन वजन के एसी313 बाजार में प्रवेश कर चुकी है। हेलीकॉप्टर का डिजाइन उसके रख-रखाव, जीवन विश्वसनीयता, क्षतिपूर्ति और जीवन चक्र की दक्षता और अंतराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।


एवीआईसी ने कहा कि हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल आपातकालीन बचाव कार्यो जैसे जंगलों की आग पर काबू पाना, यातायात, समुद्रगामी कार्यो, चिकित्सा सहायता के लिए किया जाएगा। साथ ही दर्शनीय स्थलों और व्यापारिक यात्राओं में भी इसकी मदद ली जा सकेगी।

## एक अलग पहचानो




## 73 हजार प्रजातियां

**पृथ्वी** पर दस लाख से ज्यादा जानवरों की प्रजातियां हैं। रेंगने वाले जानवरों की 6,000, मकड़ियों की 73,000 और जोंकों की 3,000 प्रजातियां हैं। दुनिया में प्रत्येक इंसान के पीछे 10 करोड़ कीड़े-मकोड़े हैं। 4,600 तरह के स्तनपायी जानवरों का सिर्फ 0.3 फीसदी हैं।



## 60 न्यूट्रिएंट्स

**शरीर** को तंदुरुस्त रहने के लिए 60 न्यूट्रिएंट्स की जरूरत होती है। इन्हें छह प्रमुख श्रेणियों- प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट्स, फैट्स, विटामिन, मिनरल्स और पानी में रखा गया है। न्यूट्रिएंट्स को दो मुख्य ग्रुह्श्रस मैक्रोन्यूट्रिएंट्स और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स में बांटा गया है।



## 10 लाख रंग

**हमारी** आंखें 10 लाख रंग पहचान सकती हैं और दुनिया के सबसे बड़े टेलिस्कोप से भी ज्यादा चीजें देखती हैं। हमारी आंखें दो मिलीयन यानी बीस लाख कार्य करने वाले सूक्ष्म अंगों से मिलकर बनी है




## ऊंची क्रिकेट ग्राउंड

**दुनिया** की सबसे ऊंची क्रिकेट ग्राउंड हिमाचल प्रदेश में चैल में है। इसका निर्माण 1893 में एक पहाड़ी की चोटी को लैवल करने के बाद किया गया था। इसकी ऊंचाई समुद्र तल से करीब 2444 मीटर है



## तेज रफ्तार से पहुंचाए संदेश

**जब** हम किसी वस्तु को छूते हैं, तो हम अपने दिमाग तक यह संदेश 124 मील प्रति घंटे की रफ्तार से भेजते हैं। हमारे शरीर में हर सेकंड 25 मिलियन नई कोशिकाएं यानी सैल्स बनते हैं, जो लगभग कनेडा की जनसख्या के बराबर है।



खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ




# बीते वित्त वर्ष में भारतीय स्टार्टअप्स ने फाइल किए 83 हजार पेटेंट, नैसकॉम ने जारी की रिपोर्ट

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** भारत में नवाचार या इनोवेशन की अद्भुत क्षमता है। अनुकूल माहौल मिलने से भारत की यह क्षमता अब स्पष्ट तौर पर नजर आ रही है। सरकार की उदार नीतियों के कारण स्टार्टअप्स ईकोसिस्टम फल फूल रहा है। इनमें गजब का आत्मविश्वास आया है। पिछले वित्त वर्ष में भारतीय स्टार्टअप्स ने 83 हजार पेटेंट फाइल किए हैं। पेटेंट फाइल करने में आटिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ), इंटरनेट आफ थिंग्स (आइओटी) और न्यूरो टेक्नोलॉजी स्टार्टअप आगे रहे।

स्टार्टअप और एमएसएमई (सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यमों) के आइपी पंजीकरण के लिए सरकार ने सब्सिडी, सुविधा केंद्र, मजबूत अनुसंधान और विकास ईकोसिस्टम बनाने में भरपूर मदद की है। नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज (नैसकाम) ने अपने वार्षिक भारत में पेटेंट रुझान अध्ययन का सातवां संस्करण जारी किया। इसमें बौद्धिक संपदा (आइपी) अधिकार के साथ डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का विशेष उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2023 में पेटेंट दाखिल करने में 24.6 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर पिछले दो दशकों के बाद सर्वाधिक है। भारत में महिलाओं द्वारा दायर पेटेंट की हिस्सेदारी एक साल पहले के 10.2 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2022 में 11.6 प्रतिशत हो गई है। वित्त वर्ष 2023 के दौरान कुल पेटेंट फाइलिंग में 9.3 प्रतिशत के साथ तमिलनाडु ने महाराष्ट्र (6.8 प्रतिशत का योगदान) को पीछे छोड़ शीर्ष स्थान हासिल किया है।

**2019 से 2023 के बीच पेटेंट की संख्या में दोगुनी से अधिक वृद्धि** – रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2019 और वित्त वर्ष 2023 के बीच दिए गए पेटेंट की संख्या में दो गुना से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। नैसकाम ने अनुमान लगाया कि मार्च 2023 और मार्च 2024 के बीच एक लाख से अधिक पेटेंट दिए जाने का अनुमान लगाया है। पिछले दशक में निवासियों (भारत में मौजूद फाइल करने वाले) द्वारा दायर पेटेंट का अनुपात लगभग दोगुना हो गया है। यह वित्तीय वर्ष 2019 में कुल फाइलिंग के 33.6 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में 50 प्रतिशत से अधिक हो गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### एक्स पर बॉट्स का उपयोग करने वाले रचनाकारों के लिए विज्ञापन साझाकरण रोक दिया जाएगा- मस्क




**नई दिल्ली।** एलोन मस्क ने धमकी दी कि कुछ रचनाकारों के लिए विज्ञापन राजस्व साझाकरण को स्पैम लाइक, उत्तर और प्रत्यक्ष संदेश (डीएम) के लिए बॉट्स के उपयोग की जांच लंबित रहने तक रोक दिया जाएगा। उन्होंने यह भी दोहराया कि लोग अधिक विज्ञापन पैसा कमाने के लिए एक्स प्लेटफॉर्म पर स्पैमिंग कर रहे हैं, क्योंकि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बॉट्स पर नकेल कसता है।एक पोस्ट में, टेक अरबपति ने कहा कि निर्माता भुगतान का उद्देश्य एक्स पर उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री को प्रोत्साहित करना है।कुछ मामलों में, हम इसके विपरीत देख रहे हैं, जहां लोग विज्ञापन से पैसा कमाने के लिए सिस्टम को स्पैम कर रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से ठीक नहीं है, एक्स मालिक ने टिप्पणी की।मस्क ने कहा कि ऐसे रचनाकारों के लिए विज्ञापन राजस्व साझाकरण रोक दिया जाएगा। एक अनुयायी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, लक्ष्य वैध, गुणवत्तापूर्ण, सटीक, जानकारीपूर्ण और मनोरंजक सामग्री को अधिकतम करना हो सकता है।एक्स नियमित आधार पर रचनाकारों को भुगतान करता है क्योंकि यह अपने प्लेटफ़ॉर्म पर स्पैम और पोर्न बॉट्स की वृद्धि से निपटने के लिए संघर्ष कर रहा है।मस्क के मुताबिक, बड़े बॉट ऑपरेशन चलाने वाले लोग कंटेंट की गुणवत्ता को काफी हद तक कम कर रहे हैं।नकली सगाई पर प्रतिबंध उन लोगों को संदर्भित करता है जो कृत्रिम रूप से अपनी सगाई को बढ़ाने के लिए बॉट्स का उपयोग करते हैं।

### अमेरिकी नियामक ने रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की संपत्ति जब्त की, इस बैंक को बेचने पर सहमति



**नई दिल्ली।** अमेरिकी नियामक एफडीआईसी ने रिपब्लिक फर्स्ट बैनकॉर्प की संपत्तियों को जब्त कर लिया है और इसे फुल्टन बैंक को बेचने पर सहमति व्यक्त की है। नियामक ने इसकी जानकारी दी। फिलाडेल्फिया स्थित रिपब्लिक फर्स्ट बैंक ने निवेशकों के एक समूह के साथ फंडिंग की वार्ता बंद कर दी थी, जिसके बाद पेंसिल्वेनिया डिपार्टमेंट ऑफ बैंकिंग एंड सिक्योरिटीज द्वारा इसे जब्त कर लिया गया। रिसीवर के रूप में नियुक्त एफडीआईसी ने कहा कि फुल्टन फाइनेंशियल कॉर्प की एक इकाई फुल्टन बैंक, पर्याप्त रूप से बैंक की सभी डिपॉजिट का ग्रहण करेगी और जमाकर्ताओं की सुरक्षा के लिए रिपब्लिक बैंक की सभी संपत्तियों को खरीदेगी। रिपब्लिक बैंक के पास 31 जनवरी, 2024 तक कुल संपत्ति में लगभग 6 अरब डॉलर और कुल जमा राशि में 4 अरब डॉलर थे। एफडीआईसी के अनुसार न्यू जर्सी, पेंसिल्वेनिया और न्यूयॉर्क में रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की 32 शाखाएं व्यावसायिक घंटों के दौरान फुल्टन बैंक की शाखाओं के रूप में फिर से खुलेंगी।

### बैंक एजेंटों पर आरबीआई की नकेल, ग्राहकों को देनी होगी कर्ज ऑफर की पूरी जानकारी




**मुंबई।** आरबीआई ने बैंकों पर और नकेल कसी है। बैंकों के एजेंटों के रूप में काम करने वाले कर्ज सेवा प्रदाताओं यानी एलएसपी को उपलब्ध सभी लोन ऑफर्स की जानकारी कर्ज लेने वाले ग्राहकों को देनी चाहिए, ताकि वे सही फैसले ले सकें। कई एलएसपी कर्ज उत्पादों के लिए एकत्रीकरण सेवाएं प्रदान करते हैं। आरबीआई ने मसौदा पर 31 मई तक हितधारकों से राय मांगी है। इसमें कहा गया है कि ऐसे व्यक्तियों को उधार देना जो कर्जदाता के निर्णय को नियंत्रित करने या प्रभावित करने की स्थिति में हैं, चिंता का विषय हो सकता है, यदि ऋणदाता ऐसे उधारकर्ताओं से दूरी नहीं रखता है। इसमें कहा गया है कि इस तरह के उधार में नैतिक खतरे शामिल हो सकते हैं। इससे मूल्य निर्धारण और ऋण प्रबंधन में समझौता होने की आशंका है। ग्राहकों को मिलेगी डिजिटल जानकारी मसौदे में प्रस्ताव है कि एलएसपी जिन भी बैंक या वित्तीय संस्थान के साथ काम कर रहा है।

# मानसून के बाद खाद्य पदार्थों की कीमतों में आएगी नरमी, वित्त मंत्रालय ने रिपोर्ट में किया दावा

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** वित्त मंत्रालय ने हाल ही जारी अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा में बताया है कि सरकार को मानसून के बाद खाद्य पदार्थों की कीमतों में कमी आने की उम्मीद है, क्यों कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने इस बार सामान्य से अधिक मानसून का अनुमान जताया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सामान्य से अधिक बारिश से फसलों का अधिक उत्पादन होगा। वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा, खाद्य कीमतों में और नरमी आने वाली है क्योंकि आईएमडी ने मानसून के मौसम के दौरान सामान्य से अधिक बारिश की भविष्यवाणी की है। इससे वर्षा जल का बेहतर वितरण और उच्च उत्पादन होने की संभावना है।



### मार्च महीने में खाद्य मुद्रास्फीति 8.5 प्रतिशत रही

भारत में खाद्य मुद्रास्फीति फरवरी के 8.7 प्रतिशत से घटकर मार्च में 8.5 प्रतिशत रह गई है। खाद्य मुद्रास्फीति का उच्च स्तर मुख्य रूप से सब्जियों और दालों की बढ़ी कीमतों के कारण है। सरकार ने कीमतों पर अंकुश लगाने के उपाय किए हैं। जमाखोरी रोकने के लिए स्टॉक सीमा तय करना, प्रमुख खाद्य पदार्थों के बफर को मजबूत करना और समय-समय पर उसे खुले बाजार को जारी करना शामिल है।

### ब्राजील और अर्जेंटीना से दालों की खरीद के लिए चल रही बातचीत

सरकार ने आवश्यक खाद्य वस्तुओं के आयात को आसान बनाया है। इसके अलावे नामित खुदरा दुकानों के माध्यम से आपूर्ति को सुव्यवस्थित किया गया है। सरकारी सूत्रों ने एएनआई को बताया कि सरकार दालों के आयात के दीर्घकालिक अनुबंध के लिए ब्राजील और अर्जेंटीना जैसे नए बाजारों के साथ बातचीत कर रही है। ब्राजील से 20,000 टन उड़द का आयात किया जाएगा और अर्जेंटीना से अरहर आयात करने के लिए बातचीत लगभग अंतिम चरण में है। सरकार ने दालों के आयात के लिए मोजाम्बिक, तंजानिया और म्यांमार से भी अनुबंध किया है। सब्जियों के संबंध में, क्रिसिल की हालिया रिपोर्ट भी बताती है कि, सब्जियों की कीमतें जून के बाद कम हो जाएंगी। आईएमडी ने 2024 में सामान्य से अधिक मानसून की भविष्यवाणी की है रिपोर्ट में कहा गया है, आईएमडी ने 2024 में सामान्य से अधिक दक्षिण-पश्चिम मानसून की भविष्यवाणी की है। यह सब्जियों की कीमतों के लिए अच्छा है, लेकिन मानसून का वितरण भी महत्वपूर्ण है।

आईएमडी को जून तक सामान्य से अधिक तापमान की उम्मीद है, जिससे अगले कुछ महीनों तक सब्जियों की कीमतें बढ़ सकती हैं। इस वर्ष मार्च में सब्जियों की महंगाई दर फरवरी महीन के 30 प्रतिशत से घटकर 28.3 प्रतिशत रह गई है, पर यह पिछले साल के 8.4 प्रतिशत की अपस्फीति की तुलना में बहुत अधिक है। आरबीआई की एमपीसी ने खाने-पीने के चीजों की बढ़ती कीमतों पर जताई थी चिंता इससे पहले आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों पर चिंता जताई थी। हालांकि एमपीसी ने कहा रबी की रिकॉर्ड फसल अनाज की कीमतों को कम करने में मदद करेगी। एमपीसी ने कहा कि मौसम मौसम की अनिश्चतता से जुड़ी घटनाएं खाद्य पदार्थों की कीमतों के लिए झटका साबित होती हैं। इस पर भू-राजनीतिक तनाव और तेल की कीमतों का भी असर पड़ता है। एमपीसी के अनुसार हालांकि इस साल आईएमडी के सामान्य से अधिक मानसून की भविष्यवाणी से शुरुआती चरण में खरीफ फसल की संभावनाएं भी बेहतर दिख रही हैं। उच्च खाद्य मुद्रास्फीति दुनिया की कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक चुनौती बनी हुई है। उदाहरण के लिए, जर्मनी, इटली, दक्षिण अफ्रीका, फ्रांस और ब्रिटेन जैसे देश खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों का सामना कर रहे हैं।

# एआर-वीआर बाजार का नेतृत्व करने की चाह में मेटा को अरबों डॉलर का नुकसान



**नई दिल्ली, 27 अप्रैल।** मेटा (पूर्व में फेसबुक) ने गेमिंग पर बड़ा दांव लगाना जारी रखा है। इस कड़ी में उसे अपने ऑगमेंटेड रियलिटी/वर्चुअल (एआर-वीआर) रियलिटी डिविजन पर लगभग 4 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है।

मार्क जुकरबर्ग द्वारा संचालित कंपनी ने अपने नवीनतम तिमाही परिणामों में एआर/वीआर रियलिटी लैब्स डिवीजन में लगातार घाटा दिखाया है।

गेम्स इंडस्ट्री डॉट बिज के अनुसार, कंपनी को अपने एआर/वीआर ड्रीम पर जून 2022 से प्रति माह 1 अरब डॉलर से ज्यादा की दर से नुकसान हो रहा है।

कंपनी ने कहा, हमें उम्मीद है कि हमारे चल रहे प्रोडक्ट डेवलपमेंट और इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने के लिए हमारे निवेश के चलते ऑपरेटिंग घाटा साल-दर-साल सार्थक रूप से बढ़ेगा। मेटा सीएफओ सुसान ली ने पहली तिमाही की अर्निंग कॉल पर कहा कि साल-दर-साल ऑपरेटिंग घाटे में वृद्धि हो रही है। मेटा की रियलिटी लैब्स ने 440 मिलियन डॉलर का राजस्व दर्ज किया, लेकिन कुल मिलाकर 3.85 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ। जुकरबर्ग ने कहा, यहां शुरुआती संकेत काफी पॉजिटिव हैं, लेकिन लीडिंग एआई का निर्माण भी हमारे ऐप्स में जोड़े गए अन्य अनुभवों की तुलना में एक बड़ा उपक्रम होगा और इसमें कई साल लगने की संभावना है। मेटा ने 2023 में एक्सटेंडेड रियलिटी (एक्सआर) हेडसेट बाजार के 59 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा कर लिया। खास तौर से, काउंटरप्वाइंट रिसर्च के अनुसार, मेटा ने रणनीतिक रूप से पूरे साल अपने मौजूदा क्वेस्ट 2 की कीमत कम कर दी, जिससे यह बजट के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं के लिए एक आकर्षक विकल्प बन गया, खासकर छुट्टियों के मौसम के दौरान।

इस रणनीति ने मेटा को 2023 की चौथी तिमाही में क्वेस्ट 3 के लॉन्च होने तक अपनी बढ़त बनाए रखने में मदद की।

# मसाला विवाद पर अमेरिकी खाद्य नियामक भी सतर्क

## एमडीएच और एवरेस्ट से जुड़ी जानकारी जुटा रहा

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।**

**अमेरिकी खाद्य और औषधि प्रशासन (एफडीए) भारतीय मसाला निर्माताओं एमडीएच और एवरेस्ट के उत्पादों से जुड़ी जानकारी इकट्ठा कर रहा है। यह कार्रवाई हांगकांग की ओर से कथित तौर पर कैंसर पैदा करने वाले कीटनाशक का उच्च स्तर पर मिलने पर कुछ उत्पादों की बिक्री रोकने के बाद की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स ये दावे किए गए हैं।**




मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एफडीए के एक प्रवक्ता ने बताया, एफडीए रिपोर्टों से अवगत है और स्थिति के बारे में अतिरिक्त जानकारी एकत्र कर रहा है। हांगकांग ने इस महीने एमडीएच के तीन मसाले और एवरेस्ट की फिश करी की बिक्री को रोक दिया था। सिंगापुर ने भी एवरेस्ट मसालों को बाजार से वापस मंगाने का आदेश देते दिया था। उनकी ओर से कहा गया था कि इनमें एथिलीन ऑक्साइड का उच्च स्तर है, जो मानव उपयोग के लिए अयोग्य है और लंबे समय तक संपर्क में रहने पर इससे कैंसर हो सकता है।

इस मामले में एमडीएच और एवरेस्ट की ओर से रॉयटर्स के सवालों का फिलहाल जवाब नहीं दिया गया है। इससे पहले एवरेस्ट ने कहा था कि उसके मसाले खाने के लिए सुरक्षित हैं। एमडीएच ने अब तक कोई जवाब नहीं दिया है। एमडीएच और एवरेस्टभारत में मसालों के लोकप्रिय ब्रांड हैं और यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका में भी बेचे जाते हैं। हांगकांग और सिंगापुर प्रकरण के बाद भारतीय खाद्य नियामक भी उनके नमूलों की जांच कर रहा है।

# चौथी तिमाही में एनडीटीवी की राजस्व 59 प्रतिशत बढ़ा, डिजिटल ट्रैफिक में 39 फीसदी की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** एनडीटीवी समूह का राजस्व वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 59 प्रतिशत बढ़ा है।मीडिया समूह के निदेशक मंडल की हुई बैठक में वित्तीय परिणामों को मंजूरी प्रदान की गई। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उसकी डिजिटल शाखा एनडीटीवी कन्वर्जेंस ने भी अपने प्लेटफॉर्म पर अप्रैल 2023 की तुलना में मार्च 2024 में वैश्विक डिजिटल ट्रैफिक में 39 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखी। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में उसका राजस्व 106.5 करोड़ रुपये रहा, जबकि 2022-23 में 67 करोड़ रुपये था। गत 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान, एनडीटीवी ने एनडीटीवी एमपी-सीजी, एनडीटीवी राजस्थान और एनडीटीवी प्रॉफिट के लॉन्च के साथ उपभोक्ता क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया। इसके अतिरिक्त, एनडीटीवी मराठी आगामी 1 मई को लॉन्च हो रहा है। दो-चैनल सेटअप से लेकर छह-चैनल सेटअप तक के इस रणनीतिक विस्तार अभियान का मतलब अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे में पर्याप्त निवेश है। कंपनी ने बताया, बीकेसी, मुंबई में एक अत्याधुनिक प्रसारण सुविधा चालू है और चल रही है। एक और अत्याधुनिक एकीकृत सुविधा आने वाले महीनों में एनसीआर, दिल्ली में चालू हो जाएगी।




नौकरी छोड़ने वाले कर्मचारियों का अनुपात घटकर 58 प्रतिशत पर आ गया है। कंपनी ने अपने रोस्टर में हाई-प्रोफाइल एंकर और अन्य शीर्ष उद्योग प्रतिभाओं को भी जोड़ा है।

हालांकि ये निवेश भविष्य के विकास उद्देश्यों को मजबूत करते हैं, लेकिन इनका अल्पकालिक वित्तीय प्रदर्शन पर प्रभाव पड़ता है।

कंपनी ने कहा, एनडीटीवी नए उत्पादों को लॉन्च करने, दर्शकों की संख्या बढ़ाने और प्रौद्योगिकी में निवेश के माध्यम से दक्षता बढ़ाने के लिए अपने प्रीमियम ब्रांड मूल्य का लाभ उठाकर दीर्घकालिक शेयरधारक मूल्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वीसी सी राजकुमार ने जापान की संसद को किया संबोधित

**टोक्यो, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** वर्ल्ड फेडरेशन की जापानी संसदीय समिति के निमंत्रण पर ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी (जेजीयू) के संस्थापक कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) सी. राज कुमार ने जापानी संसद (नेशनल डायट) के 20 से अधिक प्रतिष्ठित सदस्यों के एक समूह को संबोधित किया, जिसमें जापान सरकार के शिक्षा, संस्कृति, खेल, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री मासाहितो मोरियामा भी शामिल थे। यह वास्तव में गौर करने लायक है कि प्रोफेसर राज कुमार पहले भारतीय कुलपति हैं जिन्हें जापानी संसद में जापान सरकार के प्रतिष्ठित सांसदों और सरकारी अधिकारियों को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया गया। वर्ल्ड फेडरेशन की जापानी संसदीय समिति ने प्रोफेसर कुमार को भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति, द्विपक्षीय संबंधों, विकास एजेंडा और वैश्विक शासन से संबंधित मुद्दों पर अपने विचार साझा करने के लिए आमंत्रित किया। समिति में जापानी संसद की प्रतिनिधि सभा (निचले सदन) के कुछ सबसे प्रतिष्ठित सदस्य और अन्य सरकारी अधिकारी शामिल थे। ये अधिकारी थे - विश्व महासंघ की जापानी संसदीय समिति के अध्यक्ष मित्सुओ ओहाशी; जापानी संसदीय समिति विश्व महासंघ के अवर महासचिव प्रोफेसर मासाकुनी तानिमोतो; जापान के विदेश राज्य मंत्री कियोशी ओदावारा; विदेश मंत्रालय में डिप्टी एसिस्टेंट मिनिस्टर मकोतो हयाशी; एशिया-प्रशांत के लिए फ्रेंड्स ऑफ यूनाइटेड नेशन्स के प्रतिनिधि ताकाहिरो कनामोरी; प्रतिनिधि सभा में लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य हिरोबुमी निकी; जापान के शिक्षा, संस्कृति, खेल, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री मासाहितो मोरियामा; प्रतिनिधि सभा के सदस्य तथा सदन के पूर्व वाइस स्पीकर सेशिरो ईटो; हाउस ऑफ काउंसिलर्स (ऊपरी सदन) में द कॉन्स्टीट्यूशनल डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य मोटोको मिजुनो; प्रतिनिधि सभा में डेमोक्रेटिक पार्टी फॉर द पीपल के सदस्य सातोशी असानो; हाउस ऑफ काउंसिलर्स के सदस्य केंटा अओशिमा तथा अयाका शिओमुरा; डिप्टी एसिस्टेंट मिनिस्टर और एशियाई एवं ओशियान ब्यूरो तथा दक्षिणपूर्व एवं दक्षिण पश्चिम एशियाई मामलों के विभाग में आसियान राजदूत मकोतो हयाशी; और जपान एडवाइजरी कमिटि ऑन ग्लोबल गवर्नेंस के अध्यक्ष और तिमोर-लेस्ते में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव के पूर्व विशेष प्रतिनिधि सुकेहिरो हसेगावा। कुमार ने भारत-जापान संबंधों पर भाषण देते हुए इसे सामूहिक प्रगति और समृद्धि की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा, भारत-जापान संबंध निस्संदेह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण है। कुमार ने भारत और जापान के बीच द्विपक्षीय संबंधों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक और रणनीतिक आयामों को समाहित करते हुए पांच प्रमुख बिंदुओं को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा, भारत और जापान के बीच गहरे संबंध हैं, जो साझा सभ्यतागत मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत से उपजे हैं, जिनमें दोनों देशों में एक धर्म और दर्शन के रूप में बौद्ध धर्म का गहन प्रभाव शामिल है। उन्होंने प्रतिष्ठित सुदूर पूर्व के लिए अंतर्राष्ट्रीय सैन्य न्यायाधिकरण के पूर्व न्यायाधीश और भारतीय न्यायविद न्यायमूर्ति राधा बिनोद पाल के दृढ़ विश्वास और बौद्धिक अखंडता के उत्कृष्ट साहस को याद किया, जिन्होंने यह सुनिश्चित किया कि अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्याय विजेता का न्याय बनकर न रह जाए और टोक्यो ट्रायल्स में समानता, न्याय और निष्पक्षता में योगदान दिया। वह सुदूर पूर्व के लिए अंतर्राष्ट्रीय सैन्य न्यायाधिकरण में नियुक्त तीन एशियाई न्यायाधीशों में से एक थे जिन्हें द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान किए गए जापानी युद्ध अपराधों की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई थी जिसे टोक्यो ट्रायल्स के नाम से जाना जाता है। न्यायाधिकरण के सभी न्यायाधीशों में वह एकमात्र ऐसे न्यायाधीश थे जिन्होंने अपने आदेश में इस बात पर जोर दिया कि सभी प्रतिवादी दोषी नहीं थे। कुमार ने लोगों के बीच स्थायी संबंधों पर जोर दिया जो विभिन्न क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग की नींव के रूप में काम करता है, जिसके लिए अधिक विस्तार और गहन जुड़ाव की भी आवश्यकता है। कुलपति ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जापान के राजनीतिक विकास के लिए भारत के ऐतिहासिक समर्थन पर प्रकाश डाला। उन्होंने जापान की संप्रभुता और अखंडता को मान्यता देते हुए जापान के पुनरुत्थान और प्रगति को बढ़ावा देने में भारत की भूमिका पर जोर दिया। जापान की संप्रभुता को मान्यता देने के लिए भारत का प्रारंभिक समर्थन स्पष्ट था और यह ऐसे समय में आया जब 1950 के दशक की शुरुआत में दुनिया के अधिकांश देश ऐसा करने के प्रति अनिच्छुक थे।





# गुकेश शुरू से ही सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बनना चाहते थे:कोच विष्णु प्रसन्ना

**चेन्नई, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।**

जनवरी 2019 में, दुनिया के दूसरे सबसे युवा और भारत के सबसे कम उम्र के शतरंज ग्रैंडमास्टर (जीएम) डी. गुकेश ने 12 साल की उम्र में घोषणा की थी कि वह सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बनना चाहेंगे और पांच साल बाद, वह अपनी महत्वाकांक्षा से एक कदम दूर है। टोरंटो में हाल ही में आयोजित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट को जीतकर, कई उच्च रेटिंग वाले खिलाड़ियों से आगे, गुकेश चीन के जीएम डिंग लिरेन के मौजूदा चैंपियन के विश्व खिताब के लिए चुनौती होंगे। जीएम विष्णु प्रसन्ना ने को बताया, ग्यारह साल के बच्चे के रूप में भी, गुकेश शतरंज कोचिंग कक्षाओं में भाग लेने के दौरान गंभीर रहता था। जबकि अन्य बच्चे शतरंज की समस्याओं का जवाब मांगते थे, गुकेश मुझसे कहते थे कि जब तक वह इसे हल नहीं कर लेते, तब तक इसका खुलासा न करें। प्रसन्ना ने कहा, कक्षा के बाद, गंभीर गुकेश चंचल हो जाएगा और अन्य बच्चों के साथ मजाक करना शुरू कर देगा। लेकिन कोचिंग सत्र के दौरान, गुकेश बहुत गंभीर और केंद्रित रहेगा। 34 वर्षीय प्रसन्ना ने 2017 में गुकेश को कोचिंग देना शुरू किया, जब उनकी ईएलओ रेटिंग लगभग 2,300 थी। शुरू से ही, गुकेश इस बात पर चर्चा करते थे कि विश्व चैंपियन कैसे बनें। प्रसन्ना ने कहा, हम विभिन्न चालों के माध्यम से विभिन्न बोर्ड स्थितियों पर चर्चा करते थे। उनके अनुसार, लगभग 11 वर्ष की उम्र में बच्चे शतरंज की चालों और रणनीति से भरे होंगे। प्रसन्ना ने कहा, लेकिन गुकेश अधिक स्थिति वाला खिलाड़ी था। यह एक फायदा था, वह एक स्थिति को समझने और उसके अनुसार रणनीति बनाने में सक्षम था। जब युवा गुकेश अपने कोच प्रसन्ना से जटिल स्थितियों के बारे में बात करते थे तो वे उनकी बातें ध्यान से सुनते थे। प्रसन्ना अपने युवा शिष्य की ध्यान केंद्रित करने की क्षमता, काम में व्यस्त रहने की परिपक्वता से बहुत प्रभावित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### क्रुणाल पांड्या के घर गूंजी किलकारी, पत्नी पंखुरी ने दिया दूसरे बच्चे को जन्म, सोशल मीडिया पर शेयर की खूबसूरत तस्वीर



**नई दिल्ली।** भारत के हरफनमौला खिलाड़ी क्रुणाल पांड्या और उनकी पत्नी पंखुरी शर्मा ने अपने दूसरे बच्चे के जन्म की घोषणा की। दंपति ने नाम वायु रखा है। क्रुणाल ने सोशल मीडिया पर अपने दोनों बच्चों के साथ तस्वीर शेयर की है। क्रुणाल और पंखुरी ने जुलाई 2022 में अपने पहले बच्चे कविर का स्वागत किया था। क्रुणाल पांड्या ने अपने पोस्ट में बताया कि वायु का जन्म 21 अप्रैल, 2024 को हुआ है। दिनेश कार्तिक और शिखर धवन इस जोड़े को उनके बच्चे के जन्म पर बधाई दी है। लखनऊ ने भी दी बधाई संयोग से क्रुणाल पांड्या अपने दूसरे बच्चे के जन्म के 2 दिन बाद लखनऊ वापस आ गए थे, क्योंकि वह 23 अप्रैल को चेन्नई के एम चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई को हराने वाली प्लेइंग इलेवन का हिस्सा थे। क्रुणाल पांड्या के दूसरे बच्चे के जन्म पर लखनऊ फ्रेंचाइजी ने भी बधाई दी है। हार्दिक के साथ हैं मधुर रिश्ते क्रुणाल पांड्या ने 2017 में अपनी लंबे समय से प्रेमिका रहीं मॉडल पंखुरी शर्मा से शादी की। ऑलराउंडर ने अक्सर कहा है कि एक क्रिकेटर के रूप में उनकी यात्रा में पंखुरी का समर्थन उनके लिए हमेशा रहा है। क्रुणाल और उनके छोटे भाई हार्दिक अपने परिवारों के साथ सभी प्रमुख त्योहारों और अन्य विशेष अवसरों पर एक साथ दिखाई देते हैं।

### नीरज का मुकाबला जर्मनी के मैक्स से होगा



**नई दिल्ली।** ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण विजेता भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा अब जून में फिनलैंड में होने वाले पावो नूरमी खेलों में भाग लेंगे। इसमें नीरज का मुकाबला 18 जून को जर्मनी के मैक्स डेह्निंग से रहेगा। इसका कारण है कि डेह्निंग ने हाल ही में 90 मीटर से अधिके भाला फेंका था। इसके अलावा इस प्रतियोगिता में जर्मनी के ही जूलियन वेबर से भी उन्हें चुनौती मिलेगी। चोपड़ा नूरमी खेलों से पहले 10 मई को दोहा डायमंड लीग मीट में भी उतरेंगे। उन्होंने इससे पहले पावो नूरमी खेलों के 2022 सत्र में 89.30 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था। यह उनके करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो रहा है। वहीं उन्होंने पिछले साल फिट नहीं होने के कारण इस स्पर्धा से अपना नाम वापस ले लिया था। चोपड़ा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है। पावो नूरमी विश्व एथलेटिक्स की 'कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड सीरीज स्तर की प्रतियोगिता है। इसके साथ ही यह डायमंड लीग मीट सीरीज के बाहर सबसे प्रतिष्ठित एक दिवसीय प्रतियोगिताओं में से एक है। चोपड़ा एक साल के ब्रेक के बाद पावो नूरमी खेलों में उतरने जा रहे हैं। यहां जहां उनका सामना बेहतरीन प्रतियोगियों के समूह से होगा। प्रतियोगिता 18 जून को तुर्कू में होगी। इन खेलों के आयोजकों ने कहा, 'हमारा लक्ष्य पेरिस ओलंपिक से पहले गर्मियों की सबसे कठिन भाला फेंक प्रतियोगिता को आयोजित करना है। इसके लिए दूसरे खिलाड़ियों के साथ बातचीत जारी है। इस साल फरवरी में डेह्निंग ने जर्मन विंटर थ्रोइंग चैंपियनशिप में 90.20 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर एक अहम उपलब्धि हासिल की थी।

### ऋषभ के शानदार प्रदर्शन से इस क्रिकेटर की वापसी हुई मुश्किल



**नई दिल्ली।** विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर ऋषभ पंत ने आईपीएल में वापसी के बाद से ही शानदार प्रदर्शन किया है। ऋषभ ने जिस प्रकार से बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग की है उससे युवा ईशान किशान सहित अन्य विकेटकीपरों के लिए अब टीम में जगह बनाना बेहद मुश्किल रहेगा। ऋषभ ने आईपीएल के 9 मैचों में 48.86 के औसत से 342 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 161.32 के तूफानी स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए तीन अर्धशतक भी लगाये हैं। ऐसे में जून में होने वाले टी20 विश्व कप में वह विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर सबसे बड़े दावेदार बनकर उभरे हैं। वहीं ईशान का प्रदर्शन आईपीएल में भी अब तक कुछ खास नहीं रहा है। उन्होंने आईपीएल से पहले जिस प्रकार से घरेलू और टेस्ट क्रिकेट से दूरी बनायी उससे भी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने नाराजगी जतायी थी। इसे में अब उनके लिए एक बार फिर भारतीय टीम में जगह बनाना कठिन होगा। टी20 विश्वकप में भी उन्हें शायद ही जगह मिले। इसका कारण है कि ईशान टीम इंडिया में बतौर विकेटकीपर खेलते हैं और वह विशेषज्ञ बल्लेबाज नहीं है। ऐसे में उनकी राह और भी कठिन हो गयी है क्योंकि इस समस विकेटकीपर के लिए संजू सैमसन, केएल राहुल सहित कई और विकल्प उपलब्ध हैं।

# फ्रेजर-होप के तूफान से मुंबई के हौसले पस्त दिल्ली ने मुंबई को 10 रन से हराया



**नई दिल्ली, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।**

जेक फ्रेज़र-मक्गर्क (84) और शे होप (41) की तूफानी पारियों के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 43वें मुकाबले में शनिवार को मुबंई इंडियंस (एमआई) को आसानी से दस रन से हरा कर मौजूदा सत्र में अपनी पांचवीं जीत दर्ज की।

अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली ने पहले खेलते हुये चार विकेट पर 257 रन बनाये जिसके जवाब में मुबंई की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 247 रन ही बना सकी। दिल्ली और मुबंई के बीच जीत हार का अंतर उनके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने पैदा किया। टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरे दिल्ली के जेक फ्रेजर और अभिषेक पोरल (36) ने पहले पॉवर प्ले का भरपूर फायदा उठाया और शतकीय साझीदारी कर डाली।

जेक ने 27 गेंदों की संक्षिप्त पारी में 11 चौके और छह छक्के लगा कर दिल्ली की फिजां को और गर्म कर दिया। जेक के आउट होने के बाद शे होप ने पांच छक्कों की मदद से 17 गेंदों में 41 रन ठोक कर दिल्ली के लिये बड़े स्कोर का प्लेटफार्म तैयार कर दिया। दिल्ली के शीर्ष तीन खिलाड़ियों ने 13.4 ओवर के खेल में 180 रन बनाये।

वहीं मुबंई का टाप आर्डर दिल्ली के गेंदबाजों के सामने आत्मसमर्पण कर गया जिसने मध्यक्रम पर खासा दवाब बनाया और अंततः वह मुबंई की हार का कारक बना। रोहित शर्मा (8),ईशान किशन (20) और इंपेक्ट प्लेयर के तौर पर सूर्य कुमार यादव (26) ने अपने विकेट सस्ते में गंवा कर टीम की मुश्किलों में इजाफा किया और पहले पॉवर प्ले में मुबंई का स्कोर तीन विकेट पर 65 रन हो गया।

तिलक वर्मा (63) ने हालांकि लक्ष्य तक पहुंचने में एड़ी चोटी का जोर लगा दिया मगर वे पारी के आखिरी ओवर में दुर्भाग्यशाली तरीके से रन आउट हो गये।

हार्दिक पांड्या (46) और टिम डेविड (37) ने छक्के चौकों की मदद से रन गति बढ़ाने का प्रयास किया मगर दिल्ली के अनुशासित गेंदबाजों ने उन्हे पवेलियन भेज कर मेहमानो के अरमानों पर पानी फेर दिया। रसिख सलाम (34 रन पर तीन विकेट) के अलावा मुकेश कुमार ने तीन विकेट चटकाये जबकि खलील अहमद को दो विकेट मिले।

# लखनऊ को सात विकेट से हरा कर राजस्थान प्ले आफ के करीब

**लखनऊ 27 अप्रैल (एजेंसियां)।**



लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में राजस्थान रायल्स के खिलाफ सुस्त क्षेत्ररक्षण और कैच टपकाने का खामियाजा हार के साथ चुकाना पड़ा जब संजू सैमसन (71 नाबाद) और ध्रुव जुरेल (52) के बीच शतकीय भागीदारी की बदौलत राजस्थान ने नवाबों को उनके घर में पीट कर प्लेआफ के लिये अपनी जगह लगभग पक्की कर ली।

अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पर राजस्थान रायल्स (आरआर) ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित की। मौजूदा सत्र में अब तक खेले गये नौ मुकाबलों में उसकी यह आठवीं जीत थी जबकि लखनऊ को उसने दूसरी बार पटकनी दी है वहीं इस हार के साथ लखनऊ की प्लेआफ की उम्मीदों को हल्का झटका लगा है।

कप्तान केएल राहुल (76) और दीपक हुड्डा (50) के बीच 115 रन की शतकीय साझीदारी की मदद से लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने पांच विकेट पर 196 रन का स्कोर खड़ा किया था। इस शतकीय भागीदारी पर सैमसन और जुरेल की शतकीय भागीदारी ने पानी फेरते हुये जीत का लक्ष्य एक ओवर शेष रहते ही प्राप्त कर लिया।

राजस्थान अच्छी शुरुआत के बाद लगातार दो विकेट गंवा कर कुछ देर के लिये संकट में दिखने लगी थी जब जॉस बटलर (34) और यशस्वी जायसवाल (24) के विकेट छठवें और सातवें ओवर के बीच लगातार दो गेंदो पर लखनऊ ने झटक लिये थे वहीं अनुभवी अमित मिश्रा ने इन फार्म बल्लेबाज रियान पराग (14) का विकेट लेकर लखनऊ को मुकाबले में बराबरी पर खड़ा कर दिया था।

इसके बाद सैमसन ने जुरेल के साथ मिलकर बेखौफ अंदाज से लखनऊ के गेंदबाजों का सामना किया। इस बीच जुरेल को लखनऊ के क्षेत्ररक्षकों ने दो जीवनदान दिये जो उन्हे बहुत महंगे पड़े। इस बीच देखते ही देखते लखनऊ के हाथों से मैच निकलता गया जो अंततः हार में तब्दील हो गया। हार के बावजूद लखनऊ की प्लेआफ की उम्मीदें अभी बरकरार है। उसे अगले दो मुकाबले अपने घरेलू मैदान पर खेलने हैं।

इससे पहले टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की शुरुआत निराशाजनक हुयी जब उनके सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (8) और मार्कस स्टॉयनिस (0) पहले दो ओवर के खेल में ही सस्ते में अपना विकेट गंवा बैठे। इस नाजुक मोड़ पर केएल राहुल को दीपक हुड्डा का साथ मिला और दोनो ने अगले दस ओवरों में 11 रन प्रति ओवर की रफ्तार से रन बटोर कर टीम को सम्मानजनक स्थिति में खड़ा कर लिया।

खतरनाक रुप अख्तियार कर रही इस साझीदारी को अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने तोड़ा जब उन्होने लांग आन पर खड़े पावल के हाथों हुड्डा की पारी का अंत कराया। एलएसजी के लिये अब तक संकटमोचन की भूमिका निभा रहे निकोलस पूरन (11) का बल्ला आज नहीं चला। वह संदीप शर्मा का दूसरा शिकार बने।

केएल राहुल की शानदार पारी का अंत आवेश खान ने किया जब आफ स्टंप से बाहर फेकी गयी उनकी शार्ट पिच गेंद को मारने के प्रयास में राहुल डीप बैकवर्ड प्वाइंट पर खड़े ट्रेंट बोल्ट को कैच थमा बैठे। आयुष बडोनी (18) और कृणाल पांड्या (15) रन बना कर नाबाद लौटे।

# देश में बढ़ रही महिला फुटबॉल की लोकप्रियता



**नई दिल्ली, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।**

देश में महिला फुटबॉल की लोक्रपियता बढ़ने के साथ ही इसमें आने वाली प्रतिभाओं की तादाद भी बढ़ी है। महिला फुटबॉल लीग के शुरु होने से भी इस खेल के प्रति आकर्षण बढ़ा है। देश की कुछ खिलाड़ी अब विदेशी लीग में भी खेल रही हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अनुसार पिछले दो साल में महिला फुटबॉल खिलाड़ियों की संख्या में 138 फीसदी की बढ़त आई है। अभी भारतीय महिला टीम फीफा रैंकिंग में 66वें नंबर पर है। टीम की पांच खिलाड़ी मानुषा कल्याण, ज्योति चौहान, एमके कश्मीना, किरण पिस्दा और ई पान्थोई विदेश की बड़ी लीग में खेलती हैं।

वहीं जानकारों के अनुसार महिला टीम के अब विश्व कप में क्वालीफाई करने की संभावना भी बढ़ती जार रही हैं। इसलिए फुटबॉल संघ को उनकी और अधिक सहायता करनी चाहिए। महिला फुटबॉल लीग में अब अब होम और अवे मैच (घरेलू और बाहर के मैदान) का प्रारुप भी शुरू कर दिया है। इसके साथ ही इस सत्र में दूसरी श्रेणी की लीग आईडब्ल्यूएल 2 भी शुरू हुई है, जिसमें से 15 टीमों में से 2 टीमों को प्रमोशन मिलेगा। वहीं जितनी ज्यादा टीमें होंगी। उतने ही खिलाड़ियों को खेलने के अधिक अवसर मिलेंगे। अभी दो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की महिला टीमें भी हैं।

# भाला फेंक खिलाड़ी जेना दोहा चरण से अपने सत्र की शुरुआत करेंगे

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।**



भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना 10 मई को डायमंड लीग के दोहा चरण से अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। वह 28 मई को ओस्ट्रावा, चेक गणराज्य में गोल्डन स्पाइक और सात जुलाई को डायमंड लीग के पेरिस चरण में भाग लेंगे। इस खिलाड़ी ने कहा कि डायमंड में बेहतर प्रदर्शन पर उनकी नजरें इसलिए लगी हुई हैं क्योंकि इससे मनोबल बढ़ता है। इस खिलाड़ी ने साथ ही कहा कि आजकली देश में सभी प्रकार की सहायता एथलीटों को मिल रही है। जेना ने कहा, देश में अब खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं मिल रही हैं। अब सफलता के लिए केवल उन्हें अपने पर भरोसा रखना होगा। जेना का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों को अपनी विचार धारा में सुधार करना होगा। उन्हें ये समझना होगा कि वे किसे से भी पीछे नहीं हैं। जेना का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों को यह सोचने की जरूरत है कि वे किसी ने कम नहीं है क्योंकि देश में एथलीटों के लिए अभी पर्याप्त सुविधाएं हैं। जेना ने टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत ही वह पिछले दो माह तक गोल्ड कोस्ट में 35-दिवसीय प्रशिक्षण के लिए गये थे। उन्होंने कहा कि गोल्ड कोस्ट में प्रशिक्षण के अनुकूल मौसम के अलावा ऐसा कुछ भी नहीं था जो भारत में उन्हें नहीं मिल सकता था। जेना ने कहा, " हमारे पास यहां सब कुछ है, मैंने एनआईएस पटियाला में प्रशिक्षण लिया जहां सुविधाएं विश्व स्तरीय हैं। इस दौरान भारतीय खेल प्राधिकरण काफी अच्छी तरह से खिलाड़ियों का ध्यान रखता है। खिलाड़ियों को सभी प्रकार की आर्थिक सहायता भी मिल रही है।

## कोहली को टी-20 वर्ल्ड कप में ओपनिंग करनी चाहिए

# मैथ्यू हेडन बोले - कोहली पावरप्ले में ज्यादा ओवर खेलें, यशस्वी उनके साथ ओपन करें

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।**

**ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज मैथ्यू हेडन का मानना है कि विराट कोहली का चयन भारतीय टीम में इसी शर्त पर हो कि वे टीम के लिए ओपन करें। उसे टीम में चुनूंगा तो उन्हें पावरप्ले में खेलना होगा। उन्हें उन छह ओवरों में ज्यादातर समय ओपनिंग बैटर के रूप में खेलना होगा।**



विराट के साथ यशस्वी ओपनिंग के योग्य हैं, और यह बाएं और दाएं हाथ का कॉम्बिनेशन एक बड़ा बोनस होगा, और इसीलिए मैं कहता हूं कि यह निर्णायक सिलेक्शन होगा। किसने कभी सोचा होगा कि हम भारत के सबसे महान खिलाड़ी के बारे में यह बातचीत करेंगे। सब कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि क्या हम एक ऐसी टीम चुनने में रुचि रखते हैं जिसके बारे में हमारा मानना है कि वह सही संतुलन वाली है और यह वर्ल्ड कप जीतने वाली है।


### रोहित-यशस्वी ओपन करें - इरफान पठान

भारत के दिग्गज इरफान पठान का मानना है, भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल और रोहित शर्मा ओपन करें। यशस्वी जयसवाल का इंटरनेशनल स्ट्राइक रेट 160 है और इसकी जरूरत है। अगर विराट बल्लेबाजी की शुरुआत करते हैं, तो आप शिवम दुबे को खेलते हुए देख सकते हैं, अगर वह टीम में हैं। आपको प्लेइंग 11 में रिंकू सिंह जैसे लोग भी दिख सकते हैं। लेकिन अगर विराट तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं तो ऐसा नहीं होगा।

### रोहित पर 2023 वर्ल्ड कप हार का दबाव नहीं होगा- श्रीकांत

श्रीकांत बोले, रोहित पर 2023 वनडे वर्ल्ड कप का दबाव नहीं होगा। यह हमारा दुर्भाग्य था कि आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने इतना शानदार प्रदर्शन किया, आप जानते हैं कि आस्ट्रेलियाई लोग, जब फाइनल की बात आती है तो ज्यादा बेहतर करते हैं। इसलिए दबाव से ज्यादा मुझे लगता है कि रोहित वर्ल्ड कप वापस लेने का इंतजार कर रहे होंगे।

2023 वर्ल्ड कप से कुछ सुधार होना चाहिए जहां हम पूरी दुनिया पर हावी थे और फाइनल में चूक गए थे। इसलिए मेरी राय में, चूंकि रोहित शर्मा 2007 वर्ल्ड कप विजेता चैंपियन रहे हैं, उन्हें पता है कि जीत का क्या मतलब है क्योंकि वह उस वर्ल्ड कप का हिस्सा थे, इसलिए एक कप्तान के रूप में वह यह सुनिश्चित करेंगे कि गलतियों पर सुधार करें। मुझे लगता है कि उन पर दबाव नहीं होगा क्योंकि हमारे पास विराट कोहली और रोहित शर्मा के अनुभवी क्रिकेटर्स हैं और कुछ शानदार युवा खिलाड़ी हैं।



# अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का बड़ा खुलासा एक बार ब्रिज से कूदकर जान देने के बारे में सोचा

**वाशिंगटन, 27 अप्रैल (एजेंसियां) ।** अमेरिका में कुछ ही महीनों में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। ऐसे में राष्ट्रपति जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच कड़ी टक्कर बनी हुई है। एक दूसरे पर आरोप- प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस बीच, बाइडन ने हॉवर्ड स्टर्न खुलासा किया। उन्होंने बताया कि अपनी पहली पत्नी नीलिया हंटर की मौत के बाद एक बार उन्होंने ब्रिज से कूदकर जान देने के बारे में सोचा था।

**आत्महत्या के लिए पागल होने की जरूरत नहीं** - बाइडन ने आत्महत्या के विचारों के आने का खुलासा किया। उन्होंने कहा, डेलावेयर मेमोरियल ब्रिज पर जाकर बैठता था और सोचता रहता था। मुझे लगता था कि मैं एक स्कॉच की बोतल निकालू। मैंने वास्तव में सोचा था कि आपको आत्महत्या करने के लिए पागल होने की जरूरत नहीं है। यदि आप एक पहाड़ की चोटी पर हैं, तो आपको लगता है कि यह फिर कभी नहीं होगा।

उन्होंने बताया, मैं बस स्कॉच पीने जाता था और नशे में रहता था। एक समय मेरे दिमाग में आया कि मैं डेलावेयर मेमोरियल ब्रिज से कूद जाऊं, लेकिन मेरे दो बच्चे थे। राष्ट्रपति ने कहा कि खुदकुशी के लिए पागल होने की जरूरत नहीं होती है।

**प्यारी महिलाओं ने भेजी थीं अश्लील तस्वीरें** - स्टर्न से बात करते समय राष्ट्रपति बाइडन ने एक बार का किस्सा बताया। उन्होंने मजाक करते हुए बताया कि जब उनकी शादी नहीं हुई थी और वह सांसद थे तब प्यारी महिलाओं ने ईमेल पर उन्हें कुछ अश्लील तस्वीरें भेजी थीं। उन्होंने मजे लेते हुए कहा, बहुत सारी प्यारी महिलाएं थीं। लेकिन यह लोग बहुत ही अश्लील तस्वीरें भेजती थीं और मैं उन्हें सीक्रेट सर्विस को दे देता था। मैंने सोचा कि कोई सोचेगा कि मैं था। अब सवाल उठता है कि इन तस्वीरों को सीक्रेट सर्विस को क्यों दिया उनकी रुचि केवल संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपतियों के साथ है, न कि एक सांसद के लिए। बाइडन ने 1973 से 1977 तक एक अविवाहित सांसद के रूप में काम किया है।

**नीलिया हंटर से जुड़ा किस्सा बताया** - बाइडन ने अपनी पहली पत्नी नीलिया हंटर के साथ अपने संबंधों के बारे में भी कुछ दिलचस्प खुलासा किया। उन्होंने कहा, मैंने नीलिया के साथ सोने से पहले ही कह दिया था कि मुझे लगता है कि मैं आपसे शादी करूंगा।

## न्यूज़ ब्रीफ


### पीएमएल-एन में आंतरिक तनाव के बाद पार्टी का फैसला, नवाज शरीफ फिर एक बार बनेंगे सत्तारूढ़ दल के अध्यक्ष



**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ अगले महीने से सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की कमान फिर से संभालने के लिए तैयार हैं। शीर्ष अदालत द्वारा आयोग्य ठहराए जाने के सात साल बाद उन्होंने अपना पद छोड़ा था। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि 11 मई को पार्टी की बैठक में 74 वर्षीय नवाज शरीफ को पीएमएल-एन का अध्यक्ष नियुक्त किया जाएगा। पार्टी में जारी आंतरिक तनाव को देखते हुए नवाज शरीफ को फिर एक बार पार्टी का अध्यक्ष बनाने का फैसला लिया गया। एक बार फिर पीएमएल-एन के अध्यक्ष बनेंगे नवाज शरीफ 2017 में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने नवाज शरीफ को प्रधानमंत्री और पार्टी के अध्यक्ष के तौर पर अयोग्य घोषित कर दिया था। शीर्ष अदालत ने शरीफ पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को देखते हुए ही यह फैसला सुनाया था। पीएमएल-एन पंजाब के अध्यक्ष राणा सनाउल्लाह ने बताया कि पार्टी की बैठक में नवाज शरीफ को फिर से पार्टी का अध्यक्ष बनाने का निर्णय लिया गया था। सनाउल्लाह ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने जो उनके (नवाज) साथ अन्याय किया, इसे दूर करने के लिए शरीफ को पीएमएल-एन का अध्यक्ष बनाने के लिए पार्टी की बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया। नवाज शरीफ के चीन से वापस आने के बाद पार्टी उनसे अध्यक्ष पद ( पीएमएल-एन के) को स्वीकार करने का अनुरोध करेगी। बता दें कि नवाज शरीफ फिलहाल अपने निजी कार्यों के कारण पांच दिन के लिए चीन दौरे पर हैं। पार्टी में आंतरिक तनाव के बाद शरीफ को अध्यक्ष बनाने का फैसला पीएमएल-एन नेता सनाउल्लाह ने कहा, षड़यंत्र के तहत नवाज शरीफ को पार्टी के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। अब उन्हें सभी मामलों से बरी कर दिया गया है। वह अब फिर से पार्टी का अध्यक्ष पद संभाल सकते हैं। सनाउल्लाह ने यह घोषणा तब की जब पंजाब में सत्तारूढ़ पार्टी के भीतर आंतरिक तनाव देखने को मिला। पार्टी के प्रमुख चेहरे सनाउल्लाह, जावेद लतीफ, सीनेटर जावेद अब्बासी, और पूर्व सीनेटर आसिफ सईद किरमानी ने सार्वजनिक तौर पर पार्टी के नेतृत्व की आलोचना कर चुके हैं। उनकी आलोचनाएं कैबिनेट गठन पर सवाल उठाने से लेकर पार्टी के तालमेल से मोहभंग और अपने वोट को इज्जत दो से भटकने तक की है। बता दें कि नवाज शरीफ लंदन से चार साल बाद पिछले साल पाकिस्तान वापस आए, जिसके बाद उन्हें भ्रष्टाचार के मामलों में रिहा कर दिया गया था। इस साल वह चौथी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए पूरी तरह से तैयार थे, लेकिन उनकी पार्टी सरकार बनाने में नाकाम हो गई थी।

### अगर नौ साल और जेल में रहना पड़ा तो रहूंगा, सरकार पर देश को गुलाम बनाने का आरोप लगा बोले इमरान खान

**इस्लामाबाद ।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक बार फिर देश की



सेना और सरकार पर निशाना साधा। साथ ही उन अटकलों को दूर कर दिया, जिसमें कहा जा रहा था कि वह मौजूदा हालातों को सुधारने के लिए सत्ताधारियों से बात करने को तैयार हैं। खान ने देश को गुलाम बनाने वालों के साथ समझौता करने से इनकार करते हुए कहा कि वह नौ साल और जेल में रहने के लिए तैयार हैं, लेकिन उनके साथ कभी कोई समझौता नहीं करेंगे। देश को बर्बादी की ओर बढ़ने से रोकने का आह्वान पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 28वें स्थापना दिवस के अवसर पर जारी एक संदेश में खान ने कहा कि देश पर सबसे खराब तानाशाही थोपी गई है जो अर्थव्यवस्था, सरकारी शासन, लोकतंत्र और न्यायपालिका की बर्बादी का आधार बन रही है। उन्होंने देश को बर्बादी की ओर बढ़ने से रोकने में हर व्यक्ति से अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, यह मेरा राष्ट्र के लिए संदेश है कि मैं देश की वास्तविक स्वतंत्रतता के लिए कोई भी बलिदान दूंगा, लेकिन कभी भी अपने या अपने देश की स्वतंत्रता से समझौता नहीं करूंगा। खान ने कहा कि वह पिछले नौ महीनों से फर्जी और मनगढ़ंत मामलों में जेल में बंद हैं। उन्होंने कहा, अगर मुझे नौ साल और जेल में रहना पड़ा तो मैं जेल में रहने के लिए तैयार हूं, लेकिन देश को गुलाम बनाने वालों के साथ कभी कोई समझौता नहीं करूंगा। नौ मई को भड़की थी हिंसा गौरतलब है, अप्रैल 2022 में अविश्वास प्रस्ताव में सत्ता से हटने के बाद से, 71 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर से राजनेता बने को कम से कम चार मामलों में दोषी ठहराया गया है।

# इजराइल विरोधी प्रदर्शन में छात्र को बचाना महिला प्रोफेसर को पड़ा भारी, पुलिस ने जमीन पर गिरा लगाई हथकड़ी

**वाशिंगटन, 27 अप्रैल (एजेंसियां) ।** हमास और इजराइल बीते छह महीने से जंग लड़ रहे हैं। इजराइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर अमेरिका में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। देशभर में लोग इजराइल के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। यह विरोध विश्वविद्यालयों तक पहुंच गया है। जहां कुछ दिन पहले सैकड़ों छात्रों को गिरफ्तार किया था। वहीं अब एक 65 साल की प्रोफेसर को हिरासत में लिया गया है।





### वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि किस तरह अमेरिकी प्रोफेसर कैरोलिन फोहलिन को अटलांटा में एमोरी विश्वविद्यालय में विरोध-प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने जमीन पर गिराया और फिर हथकड़ी लगा दी। बता दें, देशभर के शीर्ष विश्वविद्यालयों में फलस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन तेज हो गए।

### मैं एक प्रोफेसर हूं

प्रोफेसर कैरोलिन फोहलिन एक छात्र के बचाव में आई थीं। उन्होंने पुलिस द्वारा एक छात्र को जमीन पर गिराने पर उन्हें बच्चे से दूर रहने के लिए कहा। इस पर दूसरे पुलिसकर्मी ने उनको पकड़ लिया और जमीन पर गिरा दिया। बाद में दोनों हाथ पकड़कर हथकड़ी लगा दी। वह बार-बार कहती रहीं कि वह एक प्रोफेसर हैं, तब भी उनको पुलिस ने पकड़ लिया।

### इजराइल के खिलाफ विरोध - प्रदर्शन हो रहा

कोलंबिया विश्वविद्यालय में फलस्तीनियों के समर्थन में इजराइल के खिलाफ विरोध -प्रदर्शन हो रहा है। छात्र लगातार विरोध जता रहे हैं। बुधवार और गुरुवार तड़के तक 200 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। बता दें, लॉस एंजिल्स, बोस्टन और ऑस्टिन, टेक्सास के विश्वविद्यालयों में गुरुवार को करीब दो हजार लोग एकत्र हुए थे।

पुलिस ने देश भर के विश्वविद्यालयों में बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां की हैं। विरोध-प्रदर्शनों को रोकने के लिए पुलिस कई हथकंडे आजमां चुकी है, लेकिन छात्र पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। छात्र प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे गाजा में फलस्तीनियों के साथ एकजुटता व्यक्त कर रहे हैं, जहां मरने वालों की संख्या 34,305 से ऊपर है।

### छह माह से जंग जारी

हमास ने सात अक्तूबर को इजराइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरुआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इजराइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इजराइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इजराइल और गाजा में कुल मिलाकर 30000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। बता दें कि गाजा के अधिकारियों का कहना है कि सात अक्तूबर के बाद से गाजा में इजराइल के सैन्य अभियान में अब तक उनके 34,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, जबकि हजारों शवों के अब भी मलबे में दबे होने की आशंका है।

# कैंसर से जूझ रहे पिता और भाभी से मिलना चाहते थे प्रिंस हैरी, पर फिर अटका दौरा



**वाशिंगटन, 27 अप्रैल (एजेंसियां) ।** ब्रिटेन के शाही परिवार के सदस्यों की सेहत कुछ ठीक नहीं है। राजकुमारी केट मिडलटन बता चुकी हैं कि उन्हें कैंसर है, उधर किंग चार्ल्स भी कैंसर से जूझ रहे हैं। इन सबके बीच, अटकलें लगाई जा रही थीं कि राजकुमार हैरी अपने पिता से मिलने के लिए ब्रिटेन आ सकते हैं। वहीं, इनविक्टस गेम्स समारोह का हिस्सा बनने की भी चर्चा थी। हालांकि, अब बताया जा रहा है कि उन्होंने अपनी यात्रा रद्द कर दी है।

राजा चार्ल्स और केट मिडलटन के कैंसर होने के साथ-साथ राजकुमार हैरी के लिए बढ़ते कानूनी संकटों के बीच, रिपोर्ट से पता चलता है कि वह अपनी यात्रा को सुरक्षा कारणों के चलते रद्द करने पर विचार कर रहे हैं।

### सुरक्षा को लेकर संतुष्ट नहीं

हैरी अपनी पत्नी और अपने दो बच्चों के साथ घर छोड़कर कैलिफोर्निया चले गए थे। उस समय से पिता और पुत्र के बीच संबंध खराब होने लगे थे। ऐसे में बढ़े तनाव के बीच यह फैसला सामने आया है। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि ब्रिटेन के प्रिंस हैरी को हाल ही में लंदन हाईकोर्ट से झटका लगा था। ब्रिटेन में अपनी सुरक्षा को लेकर उन्होंने ब्रिटिश सरकार के खिलाफ अदालत का रुख किया था। मामले में सुनवाई के दौरान न्यायाधीश सर पीटर लेन ने कहा था कि पुलिस सुरक्षा हटाने का फैसला गैरकानूनी या तर्कहीन नहीं था। इसके अलावा रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रिंस हैरी अपनी आगामी यात्रा की सुरक्षा को लेकर संतुष्ट नहीं हैं।

### प्रिंस हैरी ब्रिटेन में अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर परेशान

ड्यूक ऑफ ससेक्स हैरी ने दावा किया था कि सोशल मीडिया और समाचार मीडिया पर उन्हें और उनकी पत्नी को लगातार निशाना बनाए जाने के कारण ब्रिटेन जाने पर उन्हें और उनके परिवार की सुरक्षा को खतरे में डाला गया था। हैरी के वकील ने दलील दी थी कि उनके मुवक्किल की सुरक्षा जरूरतों का मूल्यांकन करने वाले सरकारी समूह ने तर्कहीन तरीके से काम किया। हालांकि, अदालत ने कहा कि निर्णय उचित था। इस फैसले के बाद ही प्रिंस हैरी और उनके परिवार को शाही सुरक्षा सेवाओं का उपयोग करने का अधिकार नहीं मिला।

# हूती विद्रोहियों ने भारत आ रहे जहाज पर किया हमला, लाल सागर में मिसाइल से बनाया निशाना

**लंदन, 27 अप्रैल (एजेंसियां) ।** यमन के हूती विद्रोहियों ने भारत आ रहे जहाज पर मिसाइल से हमला किया। यह हमला लाल सागर में किया गया। हूती विद्रोहियों ने ही बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है। हूती विद्रोही लाल सागर और अदन की खाड़ी के इलाके से गुजरने वाले जहाजों पर बीते कई महीनों से हमले कर रहे हैं। ब्रिटेन की मेरीटाइम सिक्योरिटी फर्म एंब्रे ने बताया है कि हमले के चलते जहाज को नुकसान हुआ है।



### सेशेल्स का बताया जा रहा जहाज

एंब्रे ने बताया कि जिस जहाज पर हमला हुआ, उस पर पनामा का झंडा लगा है, लेकिन जहाज का स्वामित्व ब्रिटिश कंपनी के पास है। हालांकि कहा जा रहा है कि इस जहाज को बीते दिनों बेच दिया गया था और अब सेशेल्स की कंपनी के पास इस जहाज का स्वामित्व है। जिस जहाज पर हमला हुआ, वह ऑयल टैंकर है और रूस के प्रिमोर्स्क से भारत के वाडिनार आ रहा था। ईरान समर्थित हूती विद्रोही इजराइल हमास युद्ध के बाद से ही लाल सागर और अदन की खाड़ी से गुजरने वाले जहाजों को निशाना बना रहे हैं। हूती विद्रोही फलस्तीन के समर्थन में ऐसा कर रहे हैं और पहले हूती विद्रोहियों के निशाने पर इजराइल से संबंधित जहाज ही होते थे, लेकिन बीते काफी दिनों से अन्य देशों के जहाजों को भी निशाना बनाया जा रहा है। इसके चलते कई शिपिंग कंपनियों ने अपने जहाजों को दक्षिणी अफ्रीका के लंबे रूट से भेजा जा रहा है। इससे माल की ढुलाई की लागत बढ़ गई है और वैश्विक स्तर पर महंगाई भी बढ़ी है।

# कोविड-19 के दौरान एंटीबायोटिक दवाओं के अनावश्यक इस्तेमाल पर डब्लूएचओ ने जताई चिंता, नुकसान होने की जताई आशंका

**न्यूयॉर्क, 27 अप्रैल (एजेंसियां) ।** यूएन स्वास्थ्य एजेंसी ने अपने अलर्ट में कहा है कि कोरोनावायरस के कारण अस्पताल में भर्ती कुल मरीजों में से केवल आठ फीसदी को बैक्टीरिया के कारण भी संक्रमण का पता चला। इसका उपचार एंटीबायोटिक्स दवाओं से किया जा सकता है, मगर हर चार में से तीन मरीजों को बिना विशेष जरूरत के ही दवा दे दी गई। विषाणु, जीवाणु, फफूंदी और अन्य परजीवों में समय बीतने के साथ होने वाले बदलावों के कारण रोगाणुरोधी प्रतिरोध विकसित हो जाता है। इस स्थिति में एंटीबायोटिक व अन्य जीवनरक्षक दवाएं अनेक प्रकार के संक्रमणों पर असर नहीं कर पातीं। हर प्रकार के बायोटिक के लिए प्रतिरोधी हो चुके बैक्टीरिया के प्रकार, 'सुपरबग' को उभरने व फैलने से रोकने के लिए एंटीबायोटिक दवाओं का तर्कसंगत ढंग से इस्तेमाल किया जाना जरूरी है। यूएन एजेंसी की प्रवक्ता डॉक्टर मार्गरेट हैरिस ने बताया कि वैश्विक महामारी के दौरान, स्वास्थ्य संगठन की ओर से किसी भी समय कोविड-19 उपचार के लिए एंटीबायोटिक दवा का इस्तेमाल किए जाने की सिफारिश नहीं की गई। उन्होंने कहा, शुरुआत से ही सलाह बहुत स्पष्ट थी कि यह एक वायरस है। इसलिए ऐसा नहीं था कि किसी तरह के दिशानिर्देश या कोई सिफारिश थी कि स्वास्थ्यकर्मियों को इस दिशा में जाना चाहिए। मगर, संभवत: लोग पूरी तरह से एक नई चीज का सामना कर रहे थे, और वे किसी भी ऐसे उपाय को खोज रहे थे जो उनके विचार में उपयुक्त हो सकता था। यूएन स्वास्थ्य एजेंसी के अनुसार, पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में कोविड-19 संक्रमितों के उपचार में 33 फीसदी को एंटीबायोटिक दवाएं दी गईं। वहीं पूर्वी भूमध्यसागर व अफ्रीकी क्षेत्र में यह आंकड़ा 83 प्रतिशत था। 2020 और 2022 के दौरान, योरोप और अमेरिका क्षेत्र में दवा के नुस्खे में कमी दर्ज की गई, लेकिन अफ्रीका में उछाल दर्ज किया गया।



### आखिरी उम्मीद

संगठन द्वारा जुटाए गए आंकड़े दर्शाते हैं कि अधिकांश एंटीबायोटिक दवाएं, गंभीर रूप से बीमार कोविड-19 मरीजों को दी गईं, और इसके लिए वैश्विक औसत 81 प्रतिशत है।

# पूर्वी तुर्किस्तान में नरसंहार के खिलाफ उइगर नेताओं ने उठाई आवाज, दुनिया से की चीन पर कार्रवाई की अपील

**वाशिंगटन, 27 अप्रैल (एजेंसियां) ।** उइगर तुर्क जाति की एक जनजाति है। ये लोग पूर्वी और मध्य एशिया में बसते हैं। उइगरों के खिलाफ चल रहे नरसंहार और चीन द्वारा किए गए अपराधों को संबोधित करते हुए उइगर अधिकार नेताओं ने तत्काल वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया है। ये आह्वान पूर्वी तुर्किस्तान क्षेत्र में कजाख, किर्गिज और अन्य तुर्क जातीय समूहों के लिए किया गया है।

बता दें, पिछले साल 22 अप्रैल को अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा मानवाधिकार रिपोर्ट जारी करने के बाद उइगर नेताओं ने आवाज उठाई है।



### वैश्विक कार्रवाई का आह्वान

निर्वासित पूर्वी तुर्किस्तान सरकार (ईटीजीई) ने एक बयान में कहा, सरकार ने नरसंहार को संबोधित करने के लिए तत्काल और पर्याप्त वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया है। कहा गया है कि चीन द्वारा उइगर, कजाख, किर्गिज और अन्य तुर्क जातीय समूह के खिलाफ अपराध किए जा रहे हैं।

मानवता के खिलाफ अपराध किए जा रहे अमेरिकी विदेश सचिव एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि रिपोर्ट में बताया गया है कि पूर्वी तुर्किस्तान (जिसे बीजिंग झिंजियांग कहता है) में चीन द्वारा अत्याचार और मानवता के खिलाफ अपराध किए जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि इन अपराधों में सामूहिक नजरबंदी, जबरन मजदूरी और लगभग 10 लाख तुर्क बच्चों को जबरन अलग करना शामिल है।

पीपुल्स वॉर नरसंहार एक व्यापक अभियान में बदला साल 2014 में चीनी सरकार ने उग्रवाद, अलगाववाद और आतंकवाद का मुकाबला करने की आड़ में पूर्वी तुर्किस्तान में उइगर और अन्य तुर्क लोगों पर पीपुल्स वॉर शुरू किया। बाद में साल 2016 तक यह तथाकथित पीपुल्स वॉर नरसंहार एक व्यापक अभियान में बदल गया था।

### कजाख, किर्गिज की सामूहिक नजरबंदी

विशेष रूप से, चीन के नरसंहार अभियान और अपराधों के प्रमुख पहलू में लाखों उइगर, कजाख, किर्गिज की सामूहिक नजरबंदी शामिल है। जो जुल्म उनपर किए गए उसमें तुर्क लोगों को एकाग्रता शिविरों में रखना शामिल है। ये वह शिविर हैं, जिन्हें तेजी से आधिकारिक जेलों में परिवर्तित किया जा रहा है। इसमें सैकड़ों-हजारों उइगर और अन्य तुर्क महिलाओं की जबरन नसबंदी और लाखों की गुलामी शामिल है।

### चीनी पुरुषों के साथ कराई जा रही जबरन शादी

इसके अलावा, अन्य पहलुओं में चीनी पुरुषों के साथ तुर्क महिलाओं की जबरन शादी, हजारों सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों का व्यापक विनाश, धार्मिक प्रथाओं का दमन, शिक्षा में देशी तुर्क भाषाओं पर प्रतिबंध और लगभग दस लाख उइगर और अन्य तुर्क बच्चों को जबरन अलग करना शामिल है।

### अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से निंदा से आगे बढ़ने का आग्रह

इन अपराधों के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की प्रतिक्रिया काफी हद तक मौखिक निंदा तक ही सीमित रही है। ईटीजीई के विदेश मंत्री सलीह हुदियार का कहना है कि चीनी सरकार और सीसीपी पूर्वी तुर्किस्तान पर अपने औपनिवेशिक कब्जे को बनाए रखने के लिए मानवता के खिलाफ नरसंहार और अपराधों का इस्तेमाल कर रहे हैं। ईटीजीई ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से प्रमुख लोकतांत्रिक देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से केवल निंदा से परे आगे बढ़ने का आग्रह किया।

# 19 मई तक मेष राशि में रहेगा शुक्र

25 अप्रैल को शुक्र अपनी उच्च राशि छोड़कर मेष में आ गया है। इस राशि में 19 मई तक रहेगा। इस ग्रह का शुभ-अशुभ असर लव लाइफ, पैसा, ऐश्वर्य, आनंद, मकान, वाहन, ज्वैलरी, कॉस्मेटिक सामान आदि मामलों पर होता है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डॉ. अनीष व्यास ने बताया कि 25 अप्रैल को शुक्र अपनी उच्च राशि छोड़कर मेष में आ गया है। इस राशि में 19 मई तक रहेगा। 19 मई को शुक्र सुबह 8:42 पर वृषभ राशि में प्रवेश कर जाएंगे। वैवाहिक जीवन में भी शुक्र की स्थिति का असर पड़ता है, यदि कुंडली में शुक्र अच्छी स्थिति में है तो दांपत्य जीवन सुखद रहता है। वहीं शुक्र की दुर्बल स्थिति व्यक्ति के वैवाहिक जीवन को खराब कर सकती है। शनि व बुध शुक्र के मित्र ग्रहों में आते है। शुक्र ग्रह के शत्रुओं में सूर्य व चन्द्रमा है। शुक्र के साथ गुरु व मंगल सम सम्बन्ध रखते हैं। वृषभ एवं तुला राशि के स्वामी शुक्र कन्या राशि में नीच राशिगत संज्ञक तथा मीन राशि में उच्चराशिगत संज्ञक कहे गए हैं।

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि शुक्र को रचनात्मकता और रोमांस का ग्रह माना जाता है। यह जातक के जीवन विलासिता की स्थिति लेकर आता है। यह जातक के जीवन में प्रेम संबंधों को प्रभावित करता है। शुक्र को विवाह के लिए प्रमुख ग्रहों में से एक माना जाता है। ज्योतिष में शुक्र का विशेष स्थान है। शुक्र देव के शुभ होने पर जातक का सुप्त भाग्य भी जाग जाता है। शुक्र के शुभ होने पर मां लक्ष्मी की भी विशेष कृपा होती है। मां लक्ष्मी को धन की देवी कहा जाता है। मां लक्ष्मी की कृपा से व्यक्ति का जीवन सुखमय हो जाता है और दुख-दर्द हमेशा के लिए दूर हो जाते हैं। शुक्र ऐश्वर्य,विलासिता और पूर्णतः भौतिकवादी वस्तुओं के कारक हैं। शुक्र को सभी ग्रहों में सबसे चमकदार ग्रह माना जाता है। चूंकि शुक्र एक शुभ ग्रह है इसलिए कुंडली में इसकी अच्छी स्थिति से जातकों को जीवन में कई सुख सुविधाएँ मिलती हैं लेकिन मुख्य रुप से प्रेम, भौतिक सुखों में इसकी




मजबूती से वृद्धि होती है।

**प्रभाव :-**

शुक्र के पास अमृत संजीवनी है और शुक्र पृथ्वी के साथ है। वस्तुओं की लागत बढ़ सकती है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी शुभ असर देखने को मिलेगा। ललित कलाओं की तरफ आप का रूझान हो सकता है। यदि आप मनोरंजन के क्षेत्र से जुड़े हैं तो आपको शुभ फल प्राप्त होगा। वहीं मीडिया आदि के क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों को भी यह शुक्र लाभ कराने वाला होगा। जॉब और बिजनेस से संबंधित परेशानियां दूर होंगी। जॉब बदलने का विचार मन में है तो यह समय आपके लिए उत्तम रहेगा। व्यवहार में सौम्यता लाएगा। शुक्र का गोचर मान सम्मान में वृद्धि और प्रमोशन का कारक भी बन सकता है। इस दौरान भटकाव की स्थिति से बचना होगा।

**शुक्र के उपाय :-**

मां लक्ष्मी अथवा मां जगदम्बा की पूजा करें। भोजन का कुछ हिस्सा गाय, कौवे और कुत्ते को दें। शुक्रवार का व्रत रखें और उस दिन खटाई न खाएं। चमकदार सफेद एवं गुलाबी रंग का प्रयोग करें। श्री सूक्त का पाठ करें। शुक्रवार के दिन सफेद वस्त्र, दही, खीर, ज्वार, इत्र, रंग-बिरंगे कपड़े, चांदी, चावल इत्यादि वस्तुएं दान करें।

**5 राशियों के लिए शुभ समय :-**

चाल में बदलाव होने से मेष, मिथुन, सिंह, धनु और मकर राशि वाले लोगों के लिए अच्छा समय रहेगा। इन 3 राशियों के नौकरीपेशा और बिजनेस करने वाले लोगों को फायदा हो सकता है। कामकाज की तारीफ होगी और आगे बढ़ने के मौके मिल सकते हैं। किस्मत का साथ मिलेगा। दुश्मनों पर जीत मिलेगी। लव लाइफ और दांपत्य जीवन में सुख मिलेगा।

**3 राशि वालों के लिए मिला-जुला समय :-**

शुक्र के राशि परिवर्तन करने से वृष, कुंभ और मीन राशि वाले लोगों के लिए मिला-जुला समय रहेगा। इन राशि वालों की सेहत में सुधार होगा लेकिन रोजमर्रा के कामों में रुकावटें आ सकती है। पैसा खर्चा हो सकता है। दांपत्य सुख में कमी आ सकती है। साझेदारी संबंधी मामलों में उलझनें आ सकती हैं। बिजनेस के जरूरी फैसले सोच-समझकर लेने होंगे।

**4 राशि वालों के लिए अशुभ :-**

शुक्र के राशि बदलने से कर्क, कन्या, तुला और वृश्चिक राशि वाले लोगों को संभलकर रहना होगा। इन राशियों के लोगों के फालतू खर्चे बढ़ सकते हैं। दांपत्य सुख में कमी आ सकती है। राज की बातें उजागर हो सकती है। मेहनत बढ़ेगी। अपोजिट जेंडर वालों से संबंध बिगड़ सकते हैं। विवाद और दौड़-भाग भी हो सकती है।



डॉ. अनीष व्यास
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान,जयपुर-जोधपुर
मो.9460872809

# मंगलसूत्र से जुड़ी ये 10 बातें हर सुहागिनों को जाननी चाहिए, सुहाग रहता है अमर




*मंगलसूत्र का इतिहास काफी पुराना है। इसकी मान्याएं पौराणिक कथा-कहानियों में मिलती है। मंगलसूत्र का संबंध मां पार्वती और शिवजी से भी जुड़ा है। लेकिन हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब अपने भाषण में मंगलसूत्र का जिक्र तो यह चर्चा में आ गया।*

*मंगलसूत्र के बारे में हर विवाहित स्त्री को जानना चाहिए और इसके महत्व को समझना चाहिए। क्योंकि यह सुहाग का प्रतीक है। हिंदू धर्म में भी मंगलसूत्र का खास महत्व है। मंगलसूत्र केवल एक आभूषण मात्र नहीं बल्कि वैवाहिक जीवन का रक्षा कवच है।*

**मंगलसूत्र का अर्थ**

मंगलसूत्र दो शब्दों से मिलकर बना है मंगल और सूत्र। इसमें मंगल का अर्थ पवित्रफ से है और सूत्र का अर्थ हारफ होता है यानी पवित्र हार। विवाहिताएं पति की दीर्घायु, जीवनरक्षा और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए विवाह के बाद मंगलसूत्र पहनती है। इसलिए हर विवाहित स्त्री को मंगलसूत्र से जुड़ी इन बातों के बारे में जरूर जानना चाहिए।

उत्तर से लेकर दक्षिण तक हर विवाहति हिंदू महिला के गले में मंगलसूत्र होता है, जोकि उसके सुहाग की निशानी है। लेकिन अहम सवाल यह है कि, जिस मंगलसूत्र को लेकर राजनीतिक माहौल गर्म है वह आखिर आया कहां से, इसे कब से पहना जा रहा है, इसका धार्मिक या पौराणिक महत्व क्या है और स्त्रियों को इसे क्यों और कैसे पहनना चाहिए। आइये जानते हैं इन सभी के बारे में-

**मंगलसूत्र से जुड़ी 10 महत्वपूर्ण बातें**

1)शास्त्रों के अनुसार, हिंदू धर्म में मंगलसूत्र की शुरुआत शिव-पार्वती से हुई। जब शिवजी का विवाह पार्वती से हो रहा था, तब उन्हें सती की याद आई, उन्हें वह दृश्य याद आने लगे जब सती ने हवन की अग्नि में कूदकर अपनी जान दे दी।

इसलिए भगवान शिव ने पार्वती की रक्षा के लिए पीले धागे में काले मोतियों का एक रक्षा सूत्र बांधा। इसका पीला भाग मां पार्वती और काले मोतियों को शिव का प्रतीक माना गया। इसके बाद से ही हिंदू धर्म में शादी के बाद मंगलसूत्र पहनने की परंपरा बन गई।

2)मंगलसूत्र को वैवाहिक जीवन का रक्षा कवच भी माना जाता है। मंगलसूत्र का जिक्र आदि गुरु शंकराचार्य की पुस्तक ङ्गसौदर्य लहरीफ में भी मिलता है।

3)मंगलसूत्र को लेकर अलग-अलग मान्यताएं प्रचलित हैं। एक मान्यता यह भी है कि, मंगलसूत्र में 9 मनके होते हैं, जोकि ऊर्जा का प्रतीक है और मां भगवती के नौ रूपों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इन 9 मनकों को पृथ्वी, जल, वायु और अग्नि का प्रतीक माना जाता है।

4)वहीं इतिहासकारों की माने तो मंगलसूत्र पहनने की शुरुआत छठी शताब्दी से हुई। क्योंकि इसके साक्ष्य मोहन जोदाड़ों की खुदाई में भी पाए गए। कहा जाता है कि, मंगलसूत्र सबसे पहले दक्षिण भारत में पहने जाते थे और धीरे-धीरे पूरे भारत में इसे पहना जाने लगा। अब तो केवल भारत ही बल्कि दूसरे देशों में भी विवाह के बाद इसे पहनने का रिवाज है।

5)हिंदू धर्म में विवाह के बाद हर स्त्री गले में मंगलसूत्र पहनती है। इसे पति की लंबी आयु और सुहाग की रक्षा से जोड़ा जाता है। साथ ही यह पति-पत्नी के रिश्ते को बुरी नजरों से भी बचाता है। लेकिन मंगलसूत्र का खोना या टूट जाना बहुत अपशकुन माना जाता है।

6)यह भी माना जाता है कि स्त्री के मंगलसूत्र पहनने से कुंडली में मंगल ग्रह मजबूत होते हैं या मंगल दोष दूर होता है।

7) मंगलसूत्र अधिकतर सोने का ही पहना जाता है। ज्योतिष के अनुसार सोने का संबंध बृहस्पति से होता है और गुरु सुखी व खुशहाल वैवाहिक जीवन के कारक ग्रह माने जाते हैं। वहीं सोना पहनने से सूर्य भी मजबूत होते हैं।

8)मंगलसूत्र की काली मोतियों का संबंध शनि ग्रह से होता है। शनि जोकि स्थायित्व के प्रतीक हैं। ऐसे में सोने और काली मोतियों से बना मंगलसूत्र पहनने से सूर्य, गुरु और शनि का शुभ प्रभाव वैवाहिक जीवन पर पड़ता है।

9)आजकल फैशन के तौर पर कई तरह के मंगलसूत्र बनने लगे हैं। लेकिन महिलाओं को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि, मंगलसूत्र में सोने का पैंडेट और काली मोतियां जरूर होनी चाहिए। साथ ही मंगलसूत्र को कभी छिपाकर नहीं पहनना चाहिए।

10)सुहागिन महिलाएं इस बात का भी ध्यान रखें कि, हिंदू परंपरा में पति के जीवित रहते हुए मंगलसूत्र उतारने का कोई विधान नहीं है। आप सूतक, पातक, ग्रहण या माहवारी आदि के दौरान भी इसे गले में पहन सकते हैं। यह कभी अशुद्ध नहीं होता है।

# सप्ताह के सातों दिन करें शंख से जुड़े 7 उपाय

## नवग्रह को मिलेगी मजबूती, सुख-समृद्धि में भी होगी बढ़ोतरी



हिंदू धर्म में शंख को शुभ माना जाता है, शंख की ध्वनि नकारात्मकता से बचाती है तो वहीं कई ग्रहों के दोष को भी दूर करती है। इसकी ध्वनि से स्मरण शक्ति में वृद्धि होती है तो वहीं पारिवारिक क्लेश भी दूर होते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार शंख को हम दिन के हिसाब से उपयोग में लाते हैं तो हमें इसका ज्यादा शुभ असर देखने को मिलता हैं। शास्त्रों के अनुसार शंख की उत्पत्ति समुद्र से हुई है और शंख को मां लक्ष्मी का भाई माना जाता है, इसलिए इसके खास उपाय से धन का आगमन भी होता हैं। आइए जानते हैं वास्तु सलाहकार से।

**1)सोमवार को शंख के उपाय**

अगर आपका मन बहुत विचलित होता है तो आपको सोमवार के दिन शंख में दूध भरकर चंद्रमा को अर्घ्य देना चाहिए। इससे चंद्रमा मजबूत होता है और मन शांत होता है।

**2)मंगलवार को शंख के उपाय**

मंगलवार को भगवान हनुमान और मंगल ग्रह का दिन माना जाता है। इस दिन सूर्योदय से पहले शंख बजाने से मंगल ग्रह मजबूत होता है, साहस और पराक्रम में वृद्धि होती है।

**3)बुधवार को शंख के उपाय**

बुधवार का दिन भगवान गणेश का होता है और यह दिन बुध ग्रह का दिन भी माना जाता है। बुध ग्रह बुद्धि का कारक होता है, इसलिए इस दिन अगर आप शंख में गंगाजल भरकर भगवान गणेश को अर्घ्य देते हैं तो इससे बुद्धि और वाणी में वृद्धि होती है।

**4)गुरुवार को शंख के उपाय**

बात करें गुरुवार की तो भगवान विष्णु और बृहस्पति देव को खुश करने के लिए पूजा-पाठ करते समय केसर और चंदन मिलाकर शंख में जल भरकर भगवान विष्णु को अर्घ्य देते हैं तो गुरु ग्रह बलवान होता है, ज्ञान और समृद्धि में वृद्धि होती है। इसके अलावा भगवान विष्णु का आशीर्वाद मिलता है।

**5)शुक्रवार को शंख के उपाय**

शुक्रवार का दिन माता लक्ष्मी को समर्पित किया गया है और यह दिन शुक्र ग्रह का दिन भी माना जाता है। इस दिन शंख में गोपी चंदन और इत्र मिलाकर जल भरकर मां लक्ष्मी की पूजा करनी चाहिए। इससे शुक्र ग्रह मजबूत होता है, धन, वैभव और सुख-सुविधाओं में वृद्धि होती है।

**6)शनिवार को शंख के उपाय**

शनि देव को शनिवार का दिन समर्पित किया गया है। इस दिन अगर हम शनि मंदिर जाकर शनिदेव की छाया में बैठकर शंख बजाते हैं तो कुण्डली में शनि का दुष्प्रभाव शांत होता है और कष्टों से मुक्ति मिलती है।

**7)रविवार को शंख के उपाय**

रविवार का दिन सूर्य देव का होता है। इस दिन सूर्योदय से पहले शंख बजाने से सूर्य ग्रह मजबूत होता है और मान-सम्मान में वृद्धि होती है।

# मां का अपमान करने पर ये ग्रह देता है भयंकर सजा, उड़ जाता है सुख चैन

मां की परिभाषा अनंत है । मां की ममता का कोई मोल नहीं और मां के समान जग में कोई और नहीं। मां की इसी भूमिका को सेलिब्रेट करने के लिए दुनियाभर में मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे के रूप में मनाया जाता है, जोकि मां को समर्पित होता है। इस साल 2024 में मदर्स डे 12 मई को मनाया जाएगा।

भारतीय संस्कृति में मां का स्थान सर्वोपरि है। अपने संतान की खुशी की खातिर एक मां दुनियाभर से लड़ सकती है। लेकिन जब एक संतान ही मां से लड़ बैठे या उसका अपमान करने लगे तो भले ही मां दयाभाव दिखाकर माफ कर दे, लेकिन ग्रहों के प्रकोप से आपको कोई नहीं बचा सकता और इसका दंड आपको जरूर मिलता है।

क्योंकि मां का अपमान करने या उन्हें दुखी करने से कुंडली में ग्रह दोष उत्पन्न होते हैं। साथ ही जो संतान अपनी मां का अपमान करता है उसे जीवन में कभी सफलता नहीं मिलती और ऐसे लोग सुख-शांति से वंचित रह जाते हैं।

**इस ग्रह से होता है मां का संबंध**

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार चंद्र ग्रह को मातृभाव का कारक ग्रह



माना गया है। यानी चंद्रमा का संबंध माता से होता है। मां का अपमान करने से कुंडली में चंद्र दोष लगता है। चंद्र दोष के कारण व्यक्ति का जीवन कष्टदायक हो जाता है। उसे आनंद और शांति की प्राप्ति नहीं होती। मां का अपमान करने वाले या उन्हें कटु वचन कहने वालों को मानसिक त्रास जैसी भयावह स्थिति से गुजरना पड़ता है। इसलिए रिश्तों को मजबूती देकर ग्रह को मजबूत और जीवन को सफल बनाएं।

**कुंडली में चंद्र की स्थिति और मां के साथ संबंध**

ज्योतिष के अनुसार मां के साथ संबंध अच्छे हों तो चंद्रमा की स्थिति कुंडली में मजबूत होती है।

इससे मानसिक स्थिति बेहतर होती है और व्यक्ति परेशानियों से निपटने में सक्षम होता है।कुंडली के पहले भाव में चंद्रमा है तो व्यक्ति के भीतर मां के सभी लक्षण होते हैं और उन्हें मां का आशीर्वाद प्राप्त होता है। ऐसे लोगों का अपनी मां से बहुत लगाव होता है और वे उन्हें खुश रखते हैं। ऐसे लोग जीवन में खूब उन्नति करते हैं और उनका जीवन सुखी रहता है।

ज्योतिष के अनुसार कुंडली के चौथे भाव में चंद्रमा हो तो मां के गुण बच्चे को मिलते हैं। जिनकी कुंडली के चौथे भाव में चंद्रमा हो, उन्हें हमेशा अपनी मां के चरण छूकर आशीर्वाद लेना चाहिए। इससे जीवन में तरक्की होती है।

यदि कुंडली के सातवें घर में चंद्रमा हो तो कुछ समस्याएं हो सकती हैं। क्योंकि सातवां घर मां और पत्नी के बीच रिश्तों में तनाव पैदा कर सकता है।

कुंडली में आठवें भाव में चंद्रमा के होने पर व्यक्ति के मातृत्व सुख में कमी रहती है और शिक्षा का भी अभाव रहता है। क्योंकि आठवां भाव मंगल और शनि के अंतर्गत आता है। यदि इस भाव में चंद्रमा हो तो शिक्षा पर इसका प्रभाव पड़ता है। यदि किसी कारण शिक्षा अच्छी रही तो मां का जीवनकाल कम रहता है।

कुंडली के ग्यारहवें भाव और बारहवें भाव में चंद्रमा के होने के दिक्कतें होती हैं।

ये दिक्कतें केतु के कारण हो सकती है। क्योंकि ग्यारहवें भाव में चंद्रमा के होने और चौथे भाव में केतु के होने से मां का जीवन खतरे में होता है। वहीं बारहवें भाव में चंद्रमा और चौथे भाव में केतु के होने से संतान और माता दोनों पर इसका असर पड़ता है।



## प्राची सिंह ने साड़ी के साथ बोल्ड ब्लाउज पहन हिलाया इंटरनेट

# पतली कमर पर ठहरीं ट्रोल्स की निगाहें

भोजपुरी सिनेमा की बोल्ड वाला प्राची सिंह सोशल मीडिया की जान बन गई हैं। प्राची सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और इंस्टाग्राम पर अपने बोल्ड लुक से तहलका मचा देती हैं। एक्ट्रेस की एक-एक फोटो पर फैंस हजारों और लाखों की संख्या में लाइक्स देते हैं। प्राची सिंह वेस्टर्न आउटफिट में ही नहीं बल्कि सलवार सूट से लेकर साड़ी तक में अपना फिगर फ्लॉन्ट करना जानती हैं। हाल ही में प्राची सिंह की कुछ फोटोज इंटरनेट पर आग लगा रही हैं। इन फोटोज में वह पिंक कलर की साड़ी में बला की सुंदर लग रही हैं। आइए आपको प्राची की एक और तस्वीर में के सिजलिंग पोज दिखाते हैं।प्राची सिंह का इंस्टाग्राम अकाउंट बोल्ड फोटोज से भरा हुआ है। ये फोटोज एक्ट्रेस ने कुछ समय पहले शेयर की थीं, जिसमें वह काफी हसीन लगीं।प्राची सिंह ने इन फोटोज में ब्लू कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें उन्होंने अपना फिगर बहुत की खूबसूरती से फ्लॉन्ट किया। इसके साथ एक्ट्रेस ने पिंक कलर का बोल्ड ब्लाउज पहना।प्राची सिंह का ये ब्लाउज ब्रा स्टाइल में है, जिसे एक्ट्रेस ने बहुत ही खूबसूरती से पहना। इस डीप नेक ब्लाउज को एक्ट्रेस ने काफी कॉन्फिडेंस के साथ पहना है।प्राची सिंह ने अपनी इन फोटोज में अलग-अलग पोज दिए हैं। इस फोटो में एक्ट्रेस ने अपनी आंखों को बंद किया हुआ है।प्राची सिंह ने अपनी इन फोटोज में अलग-अलग पोज दिए हैं। इस फोटो में एक्ट्रेस ने अपनी आंखों को बंद किया हुआ है।प्राची सिंह ने इस फोटोशूट का एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वह अपना फिगर फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं। इस वीडियो में एक्ट्रेस की पतली कमरिया पर फैंस की निगाहें रुक गईं।प्राची सिंह की इन फोटोज को फैंस ने काफी पसंद किया था। हर किसी ने उनके लुक्स की तारीफ की। एक्ट्रेस के लिए हार्ट और फायर के इमोजी आए।बता दें कि प्राची सिंह अपनी जिंदगी में एक कदम आगे बढ़ चुकी हैं। वह अपने बॉयफ्रेंड किशन राय संग सगाई कर चुकी हैं। कपल की फोटोज काफी वायरल हुईं।हालांकि, अब फैंस जानना चाहते हैं कि प्राची सिंह कब शादी कर रही हैं।

## द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम से जुड़ीं श्रीलीला, विजय की फिल्म में लटके-झटकों से जीतेंगी दिल?

तमिल सुपरस्टार दलपति विजय अपनी आगामी फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइमऴ को लेकर बीते लंबे समय से सुर्खियों में हैं। फिल्म से जुड़ा हर एक अपडेट हेडलाइंस का हिस्सा बन रहा है। इसी बीच वेंकट प्रभु के निर्देशन में बनी इस फिल्म को लेकर एक और बड़ी जानकारी सामने आई है, जो फैंस के उत्साह को और भी ज्यादा बढ़ाने वाला है। वेंकट प्रभु द्वारा निर्देशित और एजीएस एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम एक साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म है। फिल्म में विजय दोहरी भूमिका में हैं। हालिया विकास ने प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है क्योंकि रिपोर्टों से पता चलता है कि श्रीलीला कलाकारों में शामिल हो सकती हैं। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्रीलीला को इस साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म के कलाकारों में शामिल होने के लिए संपर्क किया गया है। कहा जा रहा है कि मेकर्स फिल्म में एक खास गाने के लिए अभिनेत्री से बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, कोई और विवरण सामने नहीं आया है और अभी तक इसके बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।दलपति विजय के नए प्रोजेक्ट को लेकर प्रत्याशा के बीच, चिंता तब पैदा हुई जब एक तस्वीर ऑनलाइन सामने आई जिसे लेकर दावा किया गया कि अभिनेता के हाथ में चोट लग गई है। कथित तौर पर द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम की शूटिंग के दौरान लगी इन चोटों ने दुर्घटना की सीमा और परिस्थितियों के बारे में प्रशंसकों के बीच जिज्ञासा पैदा कर दी है।द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम टीम पहले हाई-ऑक्टेन एक्शन दृश्यों को फिल्माने के लिए रूस गई थी, जिसे अब हालिया झटके के कारण रोक दिया गया है। इस साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म में मीनाक्षी चौधरी, प्रशांत, प्रभु देवा, माइक मोहन, जयराम, स्नेहा, योगी बाबू जैसे अन्य कलाकार शामिल हैं। फिल्म का पोस्टर जारी होने के बाद अटकलें लगाई गईं कि द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम, हॉलीवुड फिल्म जेमिनी मैन का रीमेक है। हालांकि, वेंकट प्रभु ने साफ कर दिया कि यह एक मूल स्क्रिप्ट है।



## निखिल सिद्धार्थ ने किया कार्तिकेय 3 का ऐलान, दर्शकों को मिलेगा रोमांच का फुल डोज

टॉलीवुड अभिनेता निखिल सिद्धार्थ की फिल्म कार्तिकेय 2 ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचाया था। साउथ के साथ इस फिल्म ने हिंदी पट्टी में भी अच्छा बिजनेस किया था। इस फ्रेंचाइजी को पसंद करने वाले फैंस को लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। दरअसल, अभिनेता ने आधिकारिक तौर पर इस एक्शन थ्रिलर फिल्म के तीसरे भाग की घोषणा कर दी है।अभिनेता ने इस बात को कंफर्म किया है कि निर्देशक चंदू मोंडेती फिल्म के तीसरे भाग की पटकथा पर काम कर रहे हैं। फिल्म को लेकर अपडेट देते हुए निखिल ने एक्स पर लिखा, डॉ. कार्तिकेय जल्द ही एक बिल्कुल नए साहसिक कार्य की तलाश में...।


इस पोस्ट में उन्होंने फिल्म के निर्देशक को भी टैग किया है।अभिनेता की इस पोस्ट के बाद फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हो गए हैं। उनके बयान से लोग अनुमान लगा रहे हैं कि आगामी फिल्म में उन्हें जबर्दस्त सिनेमाई अनुभव प्राप्त होगा। सोशल मीडिया पर फैंस तरह तरह के कमेंट कर अपनी खुशी व्यक्त कर रहे हैं।उम्मीद जताई जा रही है कि इस फिल्म का स्केल पिछली दो फिल्मों से अधिक होगा।



फिलहाल इस फिल्म के कथानक और कलाकारों के बारे में कोई भी अपडेट सामने नहीं आया है, फिर भी लोग इस फिल्म का उत्सुकता के साथ इंतजार कर रहे हैं।निखिल सिद्धार्थ को आखिरी बार 2023 की एक्शन-थ्रिलर फिल्म स्पाई में देखा गया था, जिसे गैरी बीएच ने निर्देशित किया था। वहीं, उनकी फिल्म कार्तिकेय 2 की बात करें तो कम बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर झंडे गाड़ दिए थे। घरेलू टिकट खिड़की पर फिल्म ने 86.75 करोड़ का कारोबार किया था। फिल्म ने केवल हिंदी भाषा में ही 31.35 करोड़ रुपये बटोर डाले थे।

## सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा ने ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक

सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा से दर्शकों को काफी उम्मीदें थी, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा सकी।सागर अम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 32.45 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।इस फिल्म को लगभग 55 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया है।इसी साल 15 मार्च को सनेमाघरों में रिलीज हुई योद्धा अब अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे चुकी है। यह रेंट पर उपलब्ध है।योद्धा में सिद्धार्थ की जोड़ी पहली बार राशि खन्ना के साथ बनी है। दिशा पाटनी ने भी फिल्म में अपने अभिनय की तड़का लगया है।हीरू यश जौहर, करण जौहर, अपूर्व मेहता और शशांक खेतान इस फिल्म के निर्माता हैं।योद्धा की कहानी एक प्लेन हाइजैक की है, जिसका एयर कमांडर अरुण कात्याल (सिद्धार्थ) है।इस हाईजैक के सभी सुराग अरुण के इसमें



सम्मलित होने की ओर इशारा करते हैं और जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है संदेह बढ़ता जाता है।योद्धा, अजय देवगन की फिल्म शैतान के एक हफ्ते बाद सिनेमाघरों में आई थी, जिसकी वजह से इसकी कमाई में भी असर पड़ा था। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है, लेकिन फिलहाल इसे देखने के लिए आपको पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं।योद्धा फिल्म की कहानी में देखने को मिलता है कि पिता मेजर सुरिंदर कटियाल (रोनित राय) के शहीद होने के बाद अरुण कटियाल (सिद्धार्थ मल्होत्रा) योद्धा में भर्ती होता है। वह सीनियर्स के ऑर्डर की प्रतीक्षा किए बिना ही अकेले आतंकियों से लडऩे के लिए वन मैन आर्मी की तरह कूद पड़ता है। उसकी पत्नी प्रियम्वदा कटियाल (राशि खन्ना) पीएम की सेक्रेटरी है। अरुण को सस्पेंड कर दिया जाता है। आगे क्या होता है इसके लिए आपको मूवी देखनी होगी।

## महाराजा बन सिनेमाघरों में हुक्म चलाएंगे विजय सेतुपति! फिल्म की रिलीज की तारीख से उठा पर्दा

साउथ अभिनेता विजय सेतुपति इन दिनों अपनी आगामी फिल्म महाराजा को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। अभिनेता के फैंस भी बेसब्री से उनकी इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म के जरिए विजय सेतुपति लंबे समय बाद एक गंभीर और मुख्य भूमिका निभाने के लिए लौटे हैं। फैंस के बीच इस फिल्म को लेकर उत्साह इसलिए भी है, क्योंकि यह विजय की 50वीं फिल्म है। वहीं अब इसकी रिलीज को लेकर भी बड़ी जानकारी सामने आई है।

कुछ समय पहले फिल्म से विजय सेतुपति का पहला लुक जारी हुआ था, जिसे देख फैंस काफी उत्साहित हो गए थे। वहीं, अब फिल्म की रिलीज को लेकर अपडेट है। रिपोर्ट्स के अनुसार, महाराजा तमिलनाडु में लोकसभा चुनाव खत्म होने के तुरंत बाद सिनेमाघरों में




रिलीज होगी। खबरें आ रही हैं कि फिल्म निर्माताओं ने 16 मई को रिलीज की तारीख तय की है। हालांकि, इस खबर पर आधिकारिक तौर पर निर्माताओं की प्रतिक्रिया का इंतजार है।कुरंगु बोम्मई के लिए जाने जाने वाले निथिलन समीनाथन ने महाराजा को लिखा और निर्देशित किया है।

फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर एक जबर्दस्त एक्शन ड्रामा का वादा करता है, जिसमें विजय सेतुपति को पहले कभी न देखे गए अवतार में दिखाया गया है। एक सैलून के अंदर गहरे चिंतन की स्थिति में बैठे घायल और घायल विजय सेतुपति की छवि ने उत्सुकता जगा दी थी। संभावना है कि यह फिल्म आज देश के सामने मौजूद महत्वपूर्ण राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों को दिखाएगी।फिल्म की स्टारकास्ट भी कमाल की है।

## क्वीन ऑफ मास काजल अग्रवाल की फिल्म सत्यभामा का पहला सिंगल कल्लारा रिलीज

क्वीन ऑफ मास-नवीनतम टैग-अग्रवाल अग्रवाल अपनी नवीनतम फिल्म सत्यभामा के साथ आ रही हैं, जहां वह मुख्य भूमिका निभा रही हैं, जबकि नवीन चंद्रा अमरेंदर नाम का महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं। आज निर्माताओं ने फिल्म का पहला सिंगल कल्लारा रिलीज किया। यह गीत एक राग है, जिसे संगीत निर्देशक श्रीचरण पकाला ने संगीतबद्ध किया है, जिसके बोल रामबाबू गोसाला ने लिखे हैं और सुर की रानी श्रेया घोषाल ने अपनी आवाज दी है।यह गीत युगल सत्यभामा और अमरेंदर के विश्वविद्यालय के दिनों के प्यार और अंतरंगता को दर्शाता है। गाना कल्लारा फिल्म सत्यभामा का एक विशेष आकर्षण होने का वादा करता है। समृद्ध गीतात्मक मूल्यों के साथ मधुर धुन को श्रेया




घोषाल के सुंदर स्वरों द्वारा पूरक किया गया।सत्यभामा एक आगामी काजल अग्रवाल अभिनीत एक्शन-ड्रामा है जिसमें अभिनेत्री एक पुलिस वाले की भूमिका निभाती है। सत्यभामा के निर्माताओं ने सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ नवंबर 2023 में अपना पहला टीजर जारी किया था।ॉरम आर्ट्र्स के बैनर तले बॉबी टिक्का और श्रीनिवास राव टक्कलपल्ली द्वारा निर्मित, यह फिल्म मेजर निर्देशक शशिकिरण थिक्का द्वारा प्रस्तुत की गई है और सुमन चिक्काला द्वारा निर्देशित है, यह एक क्राइम थ्रिलर है जो 17 मई को सिनेमाघरों में भव्य रूप से रिलीज होने के लिए तैयार है।

# आज का राशिफल

## मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ

अपने खान–पान का विशेष ध्यान रखें। अतिरिक्त आय के लिए अपने सृजनात्मक विचारों का सहारा लें। घर में मरम्मत का काम या सामाजिक मेल–मिलाप आपको व्यस्त रखेगा।समय का अच्छा इस्तेमाल करने के लिए आज आप पार्क में घूमने का प्लान बना सकते हैं लेकिन वहां किसी अनजान शख्स से आपकी बहस होने की अशंका है जिससे आपका मूड खराब हो जाएगा। जीवनसाथी के किसी अचानक काम की वजह से आपकी योजनाएँ बिगड़ सकती हैं। लेकिन फिर आपको महसूस होगा कि जो होता है अच्छे के लिए ही होता है।

## वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो

अपने दफ़्तर से जल्दी निकलने की कोशिश करें और वे काम करें जिन्हें आप वाक़ई पसंद करते हैं। आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है। पारिवारिक सदस्यों के साथ सुकून भरे और शांत दिन का लुत्फ़ लें। अगर लोग परेशानियों के साथ आपके पास आएँ तो उन्हें नज़रअंदाज़ करें और उन्हें अपनी मानसिक शांति भंग न करने दें।इस राशि के लोगों को आज अपने आप को समझने की जरुरत है। यदि आपको लगता है कि आप दुनिया की भीड़ में कहीं खो गये हैं तो अपने लिए वक्त निकालें और अपने व्यक्तित्व का आकलन करें।

## मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह

पैसा अचानक आपके पास अएगा, नए पारिवारिक व्यवसाय को शुरू करने के लिए शुभ दिन है। इसे सफल बनाने के लिए दूसरे सदस्यों की भी मदद लें। आपका प्रिय को आपसे भरोसे और वादे की ज़रूरत है। आज किसी सहकर्मी के साथ आप शाम का वक्त बिता सकते हैं हालांकि अंत में आपको महसूस होगा कि आपने उनके साथ समय बर्बाद किया है और कुछ नहीं। अपने साथी पर किया गया संदेह एक बड़ी लड़ाई का रूप ले सकता है। आज आप अपने दोस्तों से जुड़ी कुछ जानकारियों को जानकर चकित हो सकते हैं।

## कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो

आपको लंबे समय से महसूस हो रही थकान और तनाव से आराम मिलेगा। इन परेशानियों से स्थायी निजात पाने के लिए जीवन–शैली में बदलाव लाने का सही समय है। दिन बहुत लाभदायक नहीं है– इसलिए अपनी जेब पर नज़र रखें और ज़रूरत से ज़्यादा ख़र्चा न करें। आज आप व्यस्त दिनचर्या के बावजूद भी अपने लिए समय निकाल पाने में समर्थ होंगे और इस खाली समय में अपने परिवार वालों के साथ गुफ्तगू कर सकते हैं। जिन्दगी आपके अनुसार तभी चल सकती है जब आप सही विचार और सही लोगों की संगति में रहें।

## सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे

आज आपका स्वास्थ्य दुरुस्त रहने की पूरी उम्मीद है। अपने अच्छे स्वास्थ्य के चलते आज आप अपने दोस्तों के साथ खेलने का प्लान बना सकते हैं। आज के दिन भूलकर भी किसी को पैसे उधार न दें और यदि देना जरुरी हो तो देने वाले से लिखित में लें कि वो पैसा वापस कब करेगा। आज आप कोई नई पुस्तक खरीदकर किसी कमरे में खुद को बंद करके पूरा दिन गुजार सकते हैं। आप दुनिया में ख़ुद को सबसे रईस महसूस करेंगे, क्योंकि आपके जीवनसाथी का व्यवहार आपको ऐसा महसूस कराएगा।

## कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो

निश्चित तौर पर वित्तीय स्थिति में सुधार आएगा– लेकिन साथ ही ख़र्चों में भी इज़ाफ़ा होगी। अपना अतिरिक्त समय निःस्वार्थ सेवा में लगाएँ। यह आपको और आपके परिवार को ख़ुशी और दिली सुकून देगा। चीज़ों और लोगों को तेज़ी–से परखने की क्षमता आपको दूसरों से आगे बनाए रखेगी। आपके जीवनसाथी की बेरुख़ी दिन भर आपको उदास रख सकती है। किसी ऐसे शख़्स का फ़ोन आ सकता है जिससे आप बहुत लंबे समय से बात करना चाहते थे। बहुत–सी पुरानी यादें ताज़ा हो जाएंगी और आप समय में पीछे लौट जाएंगे।

## तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते

शारीरिक व्यायाम और वज़न घटाने की कोशिशें आपके रूप–रंग को निखारने में फ़ायदेमंद साबित होंगी। विदेशों में पड़ी आपकी जमीन आज अच्छे दामों में बिक सकती है जिससे आपको मुनाफा होगा। दोस्त और रिश्तेदार आपकी मदद करेंगे और आप उनके साथ काफ़ी ख़ुशी महसूस करेंगे। आज खाली वक्त का सही उपयोग करने के लिए आप अपने पुराने मित्रों से मिलने का प्लान बना सकते हैं। आपके आस–पास के लोग कुछ ऐसा कर सकते हैं, जिसके चलते आपका जीवनसाथी आपकी तरफ़ फिर से आकर्षित महसूस करेगा

## वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू

अगर आप लोन लेने वाले थे और काफी दिनों से इस काम में लगे थे तो आज के दिन आपको लोन मिल सकता है। घर में मरम्मत का काम या सामाजिक मेल–मिलाप आपको व्यस्त रखेगा। अपने दिल की बात ज़ाहिर करके आप ख़ुद को काफ़ी हल्का और रोमांचित महसूस करेंगे। आपको अपने घर के छोटे सदस्यों के साथ वक्त बिताना सीखना चाहिए। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो आप घर में सद्भाव बना पाने में कामयाब नहीं हो पाएंगे. उतावलापन अच्छा नहीं है, आपको किसी भी काम को करने में उतावलापन नहीं दिखाना चाहिए। इससे काम के खराब होने की संभावना बढ़ जाती है।

## धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे

आपको अपनी सेहत के प्रति ज़्यादा सावधानी बरतने की ज़रूरत है, ख़ास तौर पर रक्तचाप के मरीज़ों को। बच्चे की पढ़ाई के बारे में चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। इस समय जो समस्याएँ आपको झेलनी पड़ रही हैं, वे क्षणिक हैं और समय के साथ वे ख़ुद–ब–ख़ुद ख़त्म हो जाएंगी। इसे महसूस करने के लिए कुछ वक़्त बचाकर रखें। जब आपको लगता है कि आपके पास घर वालों या अपने दोस्तों के लिए टाइम नहीं है तो आपका मन खराब हो जाता है। आज भी आपकी मन स्थिति ऐसी ही रह सकती है। आज के दिन बाहर का भोजन आपके पेट की हालात खराब कर सकता है। इसलिए बाहर खाने से आज बचें।

## मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि

आपके जीवन–साथी का प्यारा बर्ताव आपका दिन ख़ुशनुमा बना सकता है। माली सुधार की वजह से ज़रूरी ख़रीदारी करना आसान रहेगा। परिवार की किसी महिला सदस्य की सेहत चिंता की वजह बन सकती है। छात्र–छात्राओं को आज अपने काम को कल पर नहीं टालना चाहिए, आपको जब भी खाली समय मिले अपने काम को पूरा कर लें। ऐसा करना आपके लिए हितकारी है। अगर आप अपने जीवनसाथी से स्नेह की आशा रखते हैं, तो यह दिन आपकी आशाओं को पूरा कर सकता है।

## कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द

आज जेवर और एंटीक में निवेश फ़ायदेमंद रहेगा और समृद्धि लेकर आएगा। शाम का ज़्यादातर समय मेहमानों के साथ गुज़रेगा। सच्चे और पवित्र प्रेम का अनुभव करें। छात्रों को सलाह दी जाती है कि यारी–दोस्ती के चक्कर में इन कीमती पलों को खराब न करें। यार दोस्त आने वाले वक्त में भी मिल सकते हैं लेकिन पढ़ाई के लिए यही समय सबसे सही है। आपका जीवनसाथी आपकी बहुत तारीफ़ करेगा और आप पर बहुत स्नेह उढ़ेलेगा। छुट्टी के दिन भी दफ़्तर का काम करने से बुरा और क्या हो सकता है। परन्तु परेशान न हों, क्योंकि काम करके आप अपने अनुभव को और बढ़ा सकते हैं।

## मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची

परिवार के इलाज से जुड़े ख़र्चों में इज़ाफ़े को नकारा नहीं जा सकता है। अपने ख़र्चों पर क़ाबू रखें और आज हाथ खोलकर व्यय करने से बचें। रिश्तेदारों और दोस्तों से अचानक उपहार मिलेगा। आपका साहस आपको प्यार दिलाने में सफल रहेगा। पैसा, प्यार, परिवार से दूर होकर आज आप आनंद की तलाश में किसी आध्यात्मिक गुरु से मिलने जा सकते हैं। आपका जीवनसाथी आपकी बहुत तारीफ़ करेगा और आप पर बहुत स्नेह उढ़ेलेगा। अकेलेपन को अपने ऊपर हावी न होने दें, इससे बेहतर होगा कि आप कहीं घूमने के लिए निकल सकते हैं।

## रविवार का पंचांग

दिनांक : 28 अप्रैल 2024 , रविवार
विक्रम संवत : 2081
मास : वैशाख , कृष्ण पक्ष
तिथि : चतुर्थी प्रातः 08:24 तक
नक्षत्र : मूल उत्तर रात्रि 04:49 तक
योग : शिव रात्रि 02:04 तक
करण : बालव प्रातः 08:24 तक
चन्द्रराशि : धनु
सूर्योदय : 05:52, सूर्यास्त 06:35 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:00 , सूर्यास्त 06:34 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 05:52 , सूर्यास्त 06:27 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:44 , सूर्यास्त 06:25 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : गण्डमूल उत्तर रात्रि 04:49 तक , शुक्र तारा अस्त रात्रि 08:49 से , अनुसूया जयंती




पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें
पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com


# एसीबी दूदू जिला कलेक्टर एवं एक पटवारी के विरुद्ध कर रही है सर्च कार्रवाई




**जयपुर, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी ) द्वारा दूदू जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका एवं हल्का पटवारी दूदू हंसराज के खिलाफ रिश्वत मांगने के संबंध में प्रकरण दर्ज कर सर्च कार्रवाई की जा रही है।

एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर पीसी एक्ट की धारा में शुक्रवार को प्रकरण दर्ज कर जिला कलक्टर निवास स्थान डाक बंगला दूदू एवं तहसील कार्यालय दूदू में तलाशी की जा रही है। ब्यूरो के उपमहानिरीक्षक पुलिस प्रथम, डॉ रवि के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयपुर नगर द्वितीय सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में सर्च कार्रवाई की जा रही हैं ।

डॉ रवि ने बताया कि परिवादी द्वारा शिकायत दर्ज कराया गया कि दूदू में उसकी फर्म के नाम से 204 बीघा जमीन में से कुछ खसरे तालाब /पाल क्षेत्र में होने के कारण कन्वर्जन करवाए जाने की बात को लेकर एक शिकायत जिला कलेक्टर के पास होने पर उसमें कार्रवाई नहीं करने के एवज में दूदू कलेक्टर एवं पटवारी द्वारा परिवादी से 25 लाख रुपए की मांग कर परेशान किया जा रहा था जिसमे 21 लाख रूपये लेना तय हुआ ।इस पर परिवादी के 21 लाख रुपए ज्यादा होना बताने पर बाद में 15 लाख रुपए रुपए देना तय हुआ और इसके तहत 7.5 लाख रुपए कलेक्टर द्वारा अपने डाक बंगले पर मंगवाया जाना रिकॉर्डिंग वार्ता में स्पष्ट हुआ हैं। ब्यूरो द्वारा प्रारंभिक जांच में दूदू कलेक्टर हनुमान मल ढाका एवं पटवारी हंसराज द्वारा रिश्वत की मांग करने का सत्यापन करने के उपरांत दोनों के विरुद्ध पीसी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। अनुसंधान में प्रारंभिक तौर पर परिवादी की शिकायत जिसमें रिश्वत की मांग का सत्यापन का प्रकरण बनना पाया जाने पर न्यायालय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जयपुर से सर्च वारंट प्राप्त कर जिला कलेक्टर दूदू के निवास स्थान डाक बंगला दूदू एवं तहसील कार्यालय दूदू में तलाशी की कार्रवाई की जा रही हैं।

# ईवीएम मशीनों को कड़ी सुरक्षा घेरे में स्ट्रांगरूम में रखा गया



**अजमेर, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।**

राजस्थान में अजमेर संसदीय क्षेत्र के लिए लोकसभा चुनाव मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद सभी ईवीएम मशीनों को कड़े सुरक्षा घेरे में सीलबंद कमरों में स्ट्रोंगरूम में रखा गया है। अजमेर जिले की आठों विधानसभा क्षेत्र से देर रात तक ईवीएम मशीनों को अजमेर मुख्यालय ले आया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 अप्रैल को मतदान के बाद अजमेर उत्तर, अजमेर दक्षिण, पुष्कर, किशनगढ़, दूदू, नसीराबाद, केकड़ी व मसूदा के मतदान दलों ने ईवीएम मशीनों को अजमेर के नसीराबाद रोड स्थित माखुपुरा क्षेत्र के राजकीय पोल–टैक्निक महाविद्यालय में विधानसभा वार जमा कराया है।

महाविद्यालय परिसर को तीन स्तर के कड़े सुरक्षा घेरे में रखा गया है। हथियार बंद जवान चौबीसों घंटे पहरा देंगे। बताया जा रहा है कि स्ट्रांगरूम के बाहर सीआरपीएफ, कालेज परिसर में आर.ए.सी तथा कालेज के बाहर राजस्थान पुलिस के जवानों को मुस्तैदी से ईवीएम सुरक्षा में लगाया गया है। जिम्मेदारी निभा रहे आला अधिकारी भी नियमित निरीक्षण पर रहेंगे।

लोकसभा चुनाव के सातों चरण में मतदान पूरा होने के बाद ही देश भर में मतगणना का काम एक ही दिन चार जून को किया जायेगा। ऐसे में अजमेर में 26 अप्रैल से चार जून तक ईवीएम मशीनों की सुरक्षा किसी चुनौती से कम नहीं कही जा सकती।

# मस्जिद में घुसकर मौलाना की हत्या

**अजमेर, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** राजस्थान में अजमेर के रामगंज थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के एक मस्जिद में घुसकर मौलाना की हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार खानपुरा कंचननगर स्थित मोहम्मदी मदीना मस्जिद के मौलाना मोहम्मद माहिर की करीब 03.00 बजे तीन नकाबपोश बदमाशों ने मस्जिद में घुसकर लाठी डंडों से पीट पीट कर हत्या कर दी। घटना के समय मौलाना के पास पांच–छः बच्चे भी मौजूद थे, जिन्हें हमलावरों ने डरा धमकाकर वहां से बाहर कर दिया।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौलाना के शव को जवाहरलाल नेहरू अस्पताल की मर्च्युरी में रखवाया है। रामगंज थानाधिकारी रविंद्र खींची सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटे हैं ताकि हमलावरों का सुराग मिल सके। मूलत: उत्तरप्रदेश में रामपुर का निवासी मोहम्मद माहिर (52) विगत सात सालों से यहां रह रहा था। पिछले वर्ष अक्टूबर में मस्जिद के मौलाना के इंतकाल के बाद से माहिर ही मौलाना का दायित्व सम्भाले हुए था।

पुलिस के उच्चाधिकारी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस हमलावर हत्यारों की तलाश में जुटी है।

# *मनरेगा श्रमिकों के कार्यसमय में एक मई से होगा परिवर्तन*

**अजमेर, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** राजस्थान सरकार ने प्रदेश में गर्मी के प्रकोप को देखते हुए महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के कार्यसमय में एक मई से परिवर्तन कर ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी राहत दी है। ईजीएस आयुक्त शिवांगी स्वर्णकार की ओर से जारी आदेश में राज्य सरकार के मनरेगा कार्यसमय सुबह छह बजे से अपराह्न एक बजे तक किया गया है। यह आदेश एक मई 2024 से प्रभावी होकर 15 जुलाई 2024 तक प्रभावी रहेंगे।

इसके बाद सम्बंधित जिलाधिकारी अपने–अपने क्षेत्र की परिस्थितियों के अनुसार निर्णय लेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य में गर्मी का दौर है और कहीं कहीं तो भीषण गर्मी है। ऐसे में एक मई यानी श्रम दिवस के मौके पर मनरेगा में राहत देगी।

# रेलवे के सबसे लंबे पुल का निर्माण अगले वर्ष तक पूरा होने की संभावना



**कोटा, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** पश्चिम–मध्य रेलवे के मध्य प्रदेश के कटनी में बन रहे भारतीय रेलवे के सबसे लंबे पुल (वायाडक्ट) का निर्माण कार्य प्रगति पर है और इसके अगले साल की शुरूआती तिमाही में बनकर तैयार हो जाने की संभावना है। पश्चिम–मध्य रेलवे के कोटा मंडल के जन सम्पर्क अधिकारी ने अधिकारिक जानकारी दी कि जबलपुर मण्डल के कटनी में बनाए जा रहे इस सबसे लंबे वायाडक्ट (पुल) की अप ग्रेड सेपरेटर की लम्बाई 16 किमी एंड डाउन ग्रेड सेपरेटर की लम्बाई 18 किलोमीटर सहित ग्रेड सेपरेट कुल लंबाई 34 किलोमीटर है। इस कुल लम्बाई के पुल में वॉयडक्ट 18 किमी, रिटेनिंग वॉल 3 किमी, और अर्थवर्क 13 किलोमीटर के साथ अप एंड डाउन ग्रेड सेपरेटर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस परियोजना की लागत लगभग 1248 करोड़ रुपए है।रेलवे के सूत्रों के अनुसार ग्रेड सेपरेटर परियोजना के निर्माण की मुख्य विशेषता यह है कि कटनी और कटनी मुड़वारा और न्यू कटनी जंक्शन के व्यस्त यार्ड को पार करने के लिए एलिवेटेड वायाडक्ट उपयोगी साबित होगी। इस ग्रेड सेपरेटर में वायाडक्ट (पुल) की कुल लंबाई 18 किलोमीटर है। अप ग्रेड सेपरेटर में कुल 260 स्पैन और डाउन ग्रेड सेपरेटर में 411 स्पैन निर्माणाधीन हैं। मौजूदा ट्रैक पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ दिन–रात कार्य करते हुए ग्रेड सेपरेटर के निर्माण का काम जोरों पर है। अप ग्रेड सेपरेटर का काम सितंबर 2024 तक और डाउन ग्रेड सेपरेटर का काम मार्च 2025 में पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है।कटनी ग्रेड सेपरेटर की परियोजना के पूर्ण होने पर रेलवे के बीना–कटनी रेलखण्ड में गुड्स ट्रेन के परिचालन में वृद्धि होगी। कटनी से बिलासपुर और सिंगरौली के लिए अतिरिक्त रेल लाइन का सीधे संपर्क जुड़ जायेगा और कटनी, नई कटनी, कटनी मुड़वारा जैसे अतिव्यस्त क्षेत्र से रेलखण्ड का बाईपास होगा। माल यातायात में वृद्धि होने से फ्रेट ट्रेनों के समय मे बचत होगी साथ ही आवागमन में आसानी होगी जिससे पश्चिम–मध्य रेल के रेल राजस्व में भी वृद्धि होगी।

# जजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह कल थामेंगे कांग्रेस का दामन

**फतेहाबाद, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।**


जननायक जनता पार्टी (जजपा) को छोड़ने के बाद पूर्व प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह 20 दिन बाद कांग्रेस पार्टी का दामन थामेंगे। निशान सिंह अपने समर्थकों के साथ सोमवार 29 अप्रैल को चंडीगढ़ में कांग्रेस ज्वाइन करेंगे। हालांकि, अभी तय नहीं हुआ है कि निशान सिंह गुटों में बंटी कांग्रेस के कौन से गुट में जाएंगे। निशान सिंह के नजदीकी और जजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र लेगा का दावा है कि उनके साथ फतेहाबाद, हिसार, सिरसा के अलावा अन्य जिलों से भी जजपा के कई पदाधिकारी कांग्रेस में शामिल होंगे।



गौरतलब है कि पूर्व विधायक सरदार निशान सिंह करीब साढ़े पांच साल तक जजपा के प्रदेशाध्यक्ष रहे थे। साल 2018 में जननायक जनता पार्टी के गठन के बाद टोहाना के पूर्व विधायक सरदार निशान सिंह को प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। टोहाना में पहले से कांग्रेस का प्रतिनिधित्व कर रहे पूर्व कृषि मंत्री परमवीर सिंह की चिंता बढ़ने वाली है। निशान सिंह के आने के बाद वह भी टोहाना सीट से विधानसभा चुनाव में दावेदारी करेंगे। ऐसे में दो बार चुनाव हार चुके परमवीर सिंह की टिकट कट भी सकती हैं। इसके अलावा परमवीर सिंह को छोड़कर और कांग्रेस में बड़े जनाधार वाला नेता नहीं है। ऐसे में निशान सिंह के शामिल होने से वह प्रमुख दावेदारों में होंगे। सरदार निशान सिंह साल 2000 में इनेलो के टिकट पर जीतकर टोहाना से विधायक चुने गए थे। उन्हें तब 43,076 वोट मिले थे। हालांकि इसके बाद उन्होंने इनेलो के टिकट पर लगातार तीन चुनाव लड़े। मगर कोई भी चुनाव नहीं जीत पाए। हर बार दूसरे स्थान पर रहे।

साल 2005 व 2009 में उन्हें कांग्रेस नेता एवं पूर्व कृषि मंत्री परमवीर सिंह ने जबकि 2014 में भाजपा नेता सुभाष बराला ने शिकस्त दी। साल 2019 के चुनाव में टोहाना विधानसभा क्षेत्र से सरदार निशान सिंह जजपा की टिकट के प्रमुख दावेदार थे। मगर ऐन वक्त पर कांग्रेस की टिकट नहीं मिलने पर देवेंद्र सिंह बबली ने जजपा का दामन थाम लिया। बबली के मजबूत दावेदार होने के चलते पार्टी नेताओं ने निशान सिंह के स्थान पर देवेंद्र बबली को प्रत्याशी बनाया। बाद में बबली टोहाना से जीते और साल 2021 में प्रदेश की गठबंधन सरकार में पंचायत मंत्री भी बने।

# सिरसा को राजनीतिक क्षेत्र नहीं घर–परिवार माना है : सैलजा



**चंडीगढ़, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।**

कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने कहा है कि उन्होंने सिरसा को राजनीतिक क्षेत्र न मानकर परिवार की तरह माना है और कई दशकों से उन्होंने यहां की जनता की सेवा की है। सुश्री सैलजा ने शनिवार को मीडिया को जारी बयान में कहा कि लोग आज भी उनके पिता दिवंगत दलबीर सिंह और उनके काम को याद करते हैं, एक बार फिर उन्हें जनता की सेवा करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि सिरसा की जनता ने उनके पिता को चार बार सांसद चुना, उन्हें काम करने का मौका दिया। उनके बाद सिरसा के लोगों ने उन्हें भी मौका दिया, प्यार दिया, समर्थन दिया, यह मौका सिरसा और अंबाला से दो– दो बार मिला। उन्होंने कहा कि उन्होंने सिरसा को कभी राजनीतिक क्षेत्र न मानकर परिवार की तरह माना है।

सिरसा लोकसभा से प्रत्याशी सुश्री सैलजा 28 अप्रैल को डबवाली, रानियां और ऐलनाबाद का दौरा कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक लेगी। रविवार पूर्वाह्न 10.00 बजे गांधी चौक मंडी डबवाली में कार्यकर्ता बैठक होगी, जहां पर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन भी किया जायेगा। दोपहर बाद एक बजे रानियां के गाबा रिजॉर्ट में कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगी। शाम चार बजे ऐलनाबाद के लढ़ा रिजॉर्ट में कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करेंगी।

# बृजेंद्र सिंह को टिकट न मिलना सवाल तो है पर मलाल नहीं : बीरेंद्र



**चंडीगढ़, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।**

हिसार से भाजपा के पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह को कांग्रेस का टिकट न मिलने पर उनके पिता चौधरी बीरेंद्र सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। बीरेंद्र सिंह ने कहा कि बृजेंद्र सिंह ने चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी, अब सवाल ये है कि आखिर टिकट क्यों नहीं मिली। बृजेंद्र को मौका मिलता तो अच्छा होता। पार्टी ने कोई पैमाना रखा होगा, लेकिन हमें इसका कोई मलाल नहीं है।चौधरी बीरेंद्र सिंह ने कहा कि वह कांग्रेस में रहने के लिए ही पार्टी में आए हैं। जो लोग कांग्रेस को मजबूती नहीं दे रहे, उनको हम समझाएंगे। प्रत्याशियों के लिए प्रचार करने के सवाल पर कहा कि कोई मुझे प्रचार के लिए बुलाएंगे तो मैं जाऊंगा, लेकिन बिना बुलाए नहीं जाऊंगा। उन्होंने कहा कि जो पार्टी को मजबूती देने में सक्षम नहीं हैं, उनको भी समझाऊंगा पार्टी हित में काम करें। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष चौधरी उदयभान का कहना है कि राव दान सिंह चार बार विधायक रहे हैं। भाजपा के बड़े नेता रामबिलास शर्मा को हराया है और पूरी बेल्ट में राव का अच्छा जनाधार है। भिवानी–महेंद्रगढ़ सीट के लिए श्रुति और राव दान सिंह दोनों दावेदार थे, लेकिन हाईकमान ने फैसला राव के हक में लिया है। श्रुति चौधरी को पूरा मान सम्मान मिलेगा। वहीं, बृजेंद्र सिंह को टिकट नहीं मिलने के सवाल पर कहा कि बृजेंद्र अभी कुछ समय पहले ही राजनीति में आए हैं, उनके सामने पूरा जीवन पड़ा है। चार माह के बाद विधानसभा चुनाव हैं, उनको वहां समायोजित किया जा सकता है।बृजेंद्र सिंह को टिकट नहीं मिलने पर बीरेंद्र सिंह के साथी संगठन ने 28 को जींद में समर्थकों की बैठक बुलाई है। बैठक में चौधरी बीरेंद्र सिंह और बृजेंद्र सिंह दोनों मौजूद रहेंगे। बैठक में कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ मंथन के बाद ही आगामी फैसला लिया जाएगा। हालांकि, संभावना है कि वह कांग्रेस प्रत्याशी जेपी के लिए समर्थन मांगेंगे, क्योंकि पार्टी ने बृजेंद्र को विधानसभा चुनाव में समायोजित करने का आश्वासन दिया है।

शुभ लाभ DAILY
खबरें जो सोच बदल दे
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# गारंटी से कांग्रेस को अधिक सीटें जीतने में मदद मिलेगी: सीएम

## चुनाव आयोग ने शिकायत पर कार्रवाई क्यों नहीं की





**कलबुर्गी /शुभ लाभ ब्यूरो।** मुख्यमंत्री सिद्धरामैया, जिन्होंने कर्नाटक के दूसरे चरण के चुनाव के लिए राज्य के उत्तरी हिस्सों की 14 सीटों के लिए अपना चुनाव प्रचार शुरू करने से पहले कलबुर्गी में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया, ने दावा किया कि खुफिया रिपोर्टों ने पुष्टि की है कि कांग्रेस पार्टी ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। पहले चरण में 14 सीटों पर शनिवार को मतदान हुआ। उन्होंने दावा किया, पांच गारंटियों के कार्यान्वयन से लोगों, विशेषकर गरीबों, बेरोजगार युवाओं और महिलाओं को मदद मिली है और वे सत्तारूढ़ दल को बड़े पैमाने पर मदद करेंगे। चुनाव आयोग ने 'मुसलमानों के लिए मंगलसूत्र और कोटा' पर मोदी के बयानों पर कार्रवाई नहीं की है। मुख्यमंत्री ने चुनाव आयोग पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कांग्रेस पार्टी की शिकायतों पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया, क्योंकि उन्होंने मुसलमानों को देने के लिए हिंदू महिलाओं के मंगलसूत्र छीनने और मुसलमानों के लिए आरक्षण पर झूठे बयान दिए थे।

उन्होंने कहा, ''मोदी झूठ बोलने और उसे बार-बार दोहराने में माहिर हैं। उन्होंने झूठ को अपनी चुनाव प्रचार सामग्री बनाया है। वह भावनात्मक मुद्दे उठाकर लोगों का ध्रुवीकरण करना चाहते हैं, जो प्रधानमंत्री पद पर बैठे व्यक्ति के लिए पूरी तरह से अशोभनीय है। उन्होंने आश्चर्य जताया कि चुनाव आयोग ने शिकायत पर कार्रवाई क्यों नहीं की।

सिद्धरामैया ने कहा कि लोग स्मार्ट हैं और वे सब कुछ देख रहे हैं और अपने फैसले खुद लेते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने घोषणापत्र में मंगलसूत्र' मुद्दे का बिल्कुल भी उल्लेख नहीं किया है जैसा कि मोदी ने दावा किया है। आरक्षण मुद्दे पर पार्टी ने अपना रुख साफ कर दिया है। यह भाजपा ही है जो आरक्षण के खिलाफ है और इसने अन्य पिछड़े वर्गों को आरक्षण पर मंडल आयोग की रिपोर्ट का विरोध किया था।

सिद्धरामैया ने कहा कि कर्नाटक में मुसलमानों के लिए आरक्षण पिछले 30 वर्षों से लागू है, जो आर्थिक और शैक्षिक पिछड़ेपन पर आधारित था, न कि धर्म पर आधारित, जैसा कि मोदी ने दावा किया था।

बसवराज बोम्मई की भाजपा सरकार ने वोक्कालिगाओं को फायदा पहुंचाने के लिए मुसलमानों का आरक्षण हटा दिया था। जब मामला सुप्रीम कोर्ट में गया तो बोम्मई सरकार ने मुस्लिमों को आरक्षण जारी रखने का हलफनामा दाखिल किया था। जाति और धर्म के आधार पर मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने की मोदी की कोशिशों की निंदा करते हुए उन्होंने कहा, यह दावा करना पूरी तरह से गलत और झूठ है कि मुसलमानों की मदद के लिए पिछड़े वर्गों का आरक्षण छीन लिया जाएगा। उन्होंने कहा एक पीएम को सभी वर्गों के लोगों के हितों की रक्षा करनी चाहिए, किसी एक धर्म या पार्टी की नहीं, क्योंकि पीएम को पूरे देश और सभी नागरिकों का प्रतिनिधित्व करना चाहिए।

### बीजेपी पर पवन सिंह का वार

# ध्यान न देउ विकास के काम प, त कब ले जिताई जनता मोदी जी के नाम प



**काराकाट (एजेंसियां)।** बिहार के रोहतास जिले के काराकाट के डिहरी विधानसभा क्षेत्र में भोजपुरी गायक पवन सिंह अपनी दो दिवसीय जन आशीर्वाद यात्रा की सफ़लता से गदगद हैं। पवन सिंह ने दावा किया है कि जन आशीर्वाद को काराकाट की जनता जनार्दन का अपार समर्थन मिल रहा है। जनता के भरपूर स्नेह और समर्थन से उनके हौसले बुलंद हुए हैं। जनता का स्नेह, प्यार और समर्थन लगातार बढ़ता जा रहा है। हमें किसी एक जाति का समर्थन नहीं मिल रहा है। एक कलाकार की कोई जाति नहीं होती। इसलिए जाति-धर्म से ऊपर उठकर सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है।

वहीं, गायक से नेता बने पवन सिंह ने बीजेपी पर भोजपुरी भाषा में ही जुबानी हमला किया। उन्होंने कहा कि 'ध्यान न देउ विकास के काम प, त कबले जनता जिताई मोदी जी के नाम प'। काराकाट लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी पवन कहा कि मां का आशीर्वाद लेकर काराकाट लोकसभा क्षेत्र के लिए निकला हूं। नौ मई को नामांकन करूंगा।

बीजेपी सांसद मनोज तिवारी के बयान को लेकर उन्होंने कहा कि पीछे हटने का कोई सवाल नहीं। जनता से बड़ी कोई हस्ती नहीं। उन्होंने कहा कि मैं निर्दलीय तौर पर काराकाट लोकसभा के लिए नामांकन करूंगा। जनता का आशीर्वाद उनके साथ है और उससे वह गदगद हैं। उन्होंने कहा कि काराकाट लोकसभा क्षेत्र में फ़िल्म इंडस्ट्रीज के माध्यम से रोजगार मिलेगा। शिक्षा विकास उनके प्राथमिकता में शामिल हैं।

# प्रेमिका से शादी करने बंगाल गया युवक जबलपुर में मृत मिला

**पटना (एजेंसियां)।** बिहार के आरा से एक युवक के शव के साथ आरा-पटना मुख्य मार्ग को आगजनी कर जाम करने का मामला सामने आया है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि युवक की हत्या प्रेम प्रसंग में की गई है। मृत युवक का शव मध्य प्रदेश के जबलपुर स्टेशन पर ट्रेन से बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि नगर थाना क्षेत्र के अहिरपुरवा गांव निवासी शिवमुनि यादव का बेटा संजय कुमार शादी की नीयत से एक लड़की के साथ बाहर गया था। जिस लड़की के साथ वह गया था, वह लड़की अहिरपुरवा में अपने ननिहाल में रहती थी। मृतक के भाई ने बताया कि 23 अप्रैल से संजय कुमार लापता था। नगर थाना पुलिस जब उसे ढूंढते हुए घर आई, तब पता चला कि वह लड़की के साथ गया है। हम लोगों ने बहुत खोजबीन करने का प्रयास किया। लेकिन उसकी जानकारी कहीं नहीं मिल पा रही थी। 25 अप्रैल को उसने खुद फ़ोन किया और बताया कि वह सुषमा के साथ हावड़ा आया है। फ़ोन पर लड़की ने भी बात की और बताया कि हम लोग शादी करने जा रहे हैं। उसके बाद दोनों से कोई संर्पक नहीं हुआ। मृतक के भाई ने आगे बताया कि उसके बाद जबलपुर आरपीएफ़ द्वारा फ़ोन कर बताया गया कि यहां संजय कुमार का शव है, आप लोग आकर ले जाइए।

### तेजस्वी का पीएम मोदी पर हमला, कहा-

# इतना झूठ बोल चुके हैं कि अब बोलने के लिए कुछ नहीं बचा



**पटना (एजेंसियां)।** दूसरे चरण के चुनाव के बाद बिहार में सियासत तेज हो गई है। एक ओर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेता अपनी जीत का दावा कर रहे हैं तो वहीं महागठबंधन के नेता इंडी गठबंधन की जीत का दवा कर रही। अब नेता प्रतिपक्ष ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि देश में इंडी गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। तेजस्वी यादव ने कहा कि दूसरे चरण के बाद पूरी तरह से भारतीय जनता पार्टी के नेता फ़्रस्ट्रेशन में हैं और आप देख रहे हैं कि 400 का नारा वाला मामला प्रधानमंत्री भूल चुके हैं। पहले फेज में तो यह पूरी तरह फ्लॉप हो गया दूसरे पेज में जो तो पर्दे पर चढ़ा ही नहीं है।

तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि वह मुद्दे की बात नहीं करते हैं। केवल हिन्दू, मुस्लिम, मंदिर और मस्जिद की बात करते हैं। तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी आरक्षण काटने की बात जो वह कह रहे हैं। आप ही बताइए क्या कोई किसी को आरक्षण काट कर दिया है क्या आज तक? यह मुद्दे की बात नहीं करके सिर्फ़ मुद्दे को भटकाने का काम करते हैं। 10 वर्षों की किसी एक भी उपलब्धि का जिक्र नहीं किया

तेजस्वी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी कल दो जगह बिहार में थे। एक बार भी उन्होंने अपने 10 वर्षों की किसी एक भी उपलब्धि का ज़िक्र नहीं किया। कोई उपलब्धि होगी तो ना ज़िक्र करेंगे?

यह भी नहीं बताया कि उनके 40 में से 39 सांसदों ने पांच वर्षों में क्या किया? तेजस्वी यादव ने कहा कि मोदी जी इतना झूठ और असत्य बोल चुके हैं कि अब उनके पास बोलने के लिए कुछ भी नहीं बचा। अब वो मुद्दों से भाग रहे हैं। विकास को लेकर कुछ भी नहीं बोल रहे।

# होटल के कमरे में मिली ठेकेदार की लाश, गुजरात से लौटे थे कुछ दिन पूर्व



**मुजफ्फरपुर (एजेंसियां)।** मुजफ्फरपुर के एक होटल के कमरे में एक शव मिला। होटल के प्रबंधक ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस होटल पहुंची और जाँच में जुट गई। पुलिस के द्वारा जांच पड़ताल और होटल में दी गई जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान पूर्वी चंपारण जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के निवासी अवध नारायण भगत (51) के रूप में की गई। पुलिस का कहना है कि ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र के इमली चट्टी रोड स्थित एक होटल के कमरे में जिसकी लाश मिली है, वह बिल्डिंग निर्माण में सरिया का करने वाले ठेकेदार की लाश थी। शव मिलने की सूचना मिलने के बाद ब्रह्मपुरा थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच कर रही है।

घटना के संबंध में होटल संचालक का कहना है कि दो दिन पहले होटल के कमरा संख्या 112 है में रहने के लिए एक शख्स आया था, आज दिन में उसकी शव मिली है।

इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस और परिजनों को दी गई। मृतक के परिजनों का कहना है कि अवध नारायण भगत बीमार चल रहे थे और वह लगातार इलाज में थे। उनकी मौत बीमारी से हुई है।

ब्रह्मपुरा थाना की पुलिस का कहना है कि शव की बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है। मृतक के परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ब्रह्मपुरा थाने के सब इंस्पेक्टर पप्पू कुमार का कहना है कि पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति का शव कमरा नं 112 में संदिग्ध परिस्थिति में पड़ा हुआ है।

परिजनों के द्वारा बीमार होने की बात कही जा रही है। वही परिजन के द्वारा बयान दिए जाने के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्ट्या मामला बीमारी से मौत का प्रतीत हो रहा है। परिजन अगर बयान देते हैं तो आगे पोस्टमार्टम कराया जायेगा। पुलिस का यह भी कहना है कि जांच में यह भी आया कि मृतक कुछ दिन पहले गुजरात से लौटे थे।

# रोहतास में बड़ा हादसा, महिला समेत चार लोगों की मौत



**पटना (एजेंसियां)।** रोहतास में झोपड़ी में आग लगने से चार लोग जिंदा जल गए। घटना जिले के नोखा थाना अंतर्गत रुपहथा गांव की बताई जाती है। जहां महादलित के झोपड़ी नुमा घर में आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरा घर इसकी चपेट में आ गया। फायर ब्रिगेड की टीम और स्थानीय लोग जब तक मदद करने पहुंचे तब तक चार लोगों को आग में झुलसकर मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई।

इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बचाव व राहत कार्य में जुट गई है। झोपड़ी में आग कैसे लगी अभी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। फिलहाल पुलिस राहत बचाव कार्य में जुटी है। हादसे में महिला समेत दो लोग झुलस गए हैं। इन्हें इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

# दो बाइक की आमने-सामने टक्कर, दोनों में लगी आग, तीन युवकों की मौत



**पटना (एजेंसियां)।** बेगूसराय में भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। घटना मुफ़स्सिल थाना क्षेत्र के खम्हार ढाला के पास की है। शनिवार सुबह दो बाइक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चारों युवक वहीं बेहोश होकर गिर गए। देखते ही देखते दोनों बाइक में आग लग गई। जब लोग वहां पहुंचे तब तक चारों युवकों की आग की चपेट में आ गए। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दो लोग की मौत मौके पर हो गई। दो लोग आग से झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसमें इलाज के दौरान एक युवक की भी मौत हो गई। वहीं चौथे युवक की हालत गंभीर है।

घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के खम्हार ढाला गौतम धाम के समीप एचएस 55 की है। बताया जा रहा है कि दो बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बाइक की टंकी से पेट्रोल का रिसाव होने लगा। देखते ही देखते आग इतनी भयावह थी कि चार लोग झुलस गए।

आननफानन में जैसे-तैसे लो-गों को दो को इलाज के लिए भेजा गया। इसमें एक की मौत इलाज के दौरान मौत हो गई। मरने की पहचान पिपरा निवासी छत्तीस कुमार, बगवाड़ा निवासी अरविंद शर्मा जो आपस में साला-बहनोई था। इस घटना में एक अन्य मृतक की पहचान मंझौल के रहने वाले सुमित कुमार के रूप हुई है। घायल की पहचान श्याम कुमार के रूप में हुई है। इसका इलाज सदर अस्पताल बेगूसराय में चल रहा है। घटनास्थल पर मुफस्सिल थानेदार सहित सदर डीएसपी और उन अधिकारी मौजूद थे।

सदर डीएसपी सुबोध कुमार ने बताया है कि दो मोटरसाइकिल के आमने-सामने में टक्कर हो गई थी। इस हादसे में जिंदा जलने से दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो चुकी है। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# बेगूसराय में सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो दोस्तों की मौत



**मुंगेर (एजेंसियां)।** बिहार के बेगूसराय में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार दो दोस्तों को कुचल दिया। इस हादसे में मोटरसाइकिल पर सवार दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। घटना वीरपुर थाना क्षेत्र के वीरपुर संजात पथ के पकड़ी के पास की है। दोनों मृतकों की पहचान वीरपुर थाना क्षेत्र के भवानंदपुर पंचायत निवासी मोहम्मद मकतूब के बेटे इरशाद (26) और मोहम्मद मेराज हाफिज के बेटे मोहम्मद बली (23) के रूप में हुई है।

मृतकों के परिजनों ने बताया है कि मोहम्मद बली और मोहम्मद इरशाद घर से खाना खाकर मोटरसाइकिल में पेट्रोल डलवाने के लिए पेट्रोल पंप पर गए थे। वहां से जब वे वापस घर लौट रहे थे। तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने वीरपुर संजात पद के पकड़ी के पास मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि हादसा इतना जबरदस्त था कि मोटरसाइकिल सवार दोनों दोस्तों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

परिजनों बताया है कि घटना की सूचना मिली कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों दोस्तों की मौत हो गई।

वहीं, इस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर वीरपुर थाना पुलिस पहुंची। फ़िर पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्टीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com